बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 68, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 17 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : भारतीय राजनीति के कबीर थे चंद्रशेखर



अन्दर : सीएसके और आरसीबी के बीच मुकाबले में एमएस धोनी की फिटनेस पर रहेंगी नजरें

# अतीक-अशरफ हत्याकांड पर ऐक्शन मोड में योगी

## पूरे प्रदेश में हाईअलर्ट, तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति का गठन, दो महीने में सरकार को देगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** प्रयागराज में माफिया भाइयों के हत्याकांड के बाद पूरे प्रदेश के माहौल के बारे में जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को फिर अधिकारियों को तलब कर लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी को बताया कि पुलिस की रात भर गश्त का नतीजा रहा कि सुबह से प्रदेश भर से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हालांकि मुख्यमंत्री ने उनको लगातार सतर्कता बरतने और खासकर सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास की सुरक्षा को बढ़ाने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गैंगस्टर से नेता बने पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई तथा पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ की प्रयागराज में सनसनीखेज हत्याओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरविन्द कुमार त्रिपाठी द्वितीय की अध्यक्षता में पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त जनपद न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी को बतौर सदस्य आयोग में शामिल करते हुए तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। आयोग को मामले की जांच के बाद दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। राज्य के गृह विभाग ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 के तहत आयोग का गठन किया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतीक अहमद और अशरफ की सनसनीखेज हत्या में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये। इसके साथ ही यह भी कहा कि इसमें तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा था कि मुख्यमंत्री ने अहमद और अशरफ की हत्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के गठन का निर्देश दिया है।

### प्रदेश सरकार सख्त

**मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को फिर बुलाई आपात बैठक, धार्मिक स्थलों के आसपास पैनी नजर रखने के निर्देश, सभी कार्यक्रम रद्द कर सीएम ने पल-पल की मांगी रिपोर्ट, मुख्यमंत्री आवास में आवाजाही पर रोक**

**प्रदेश में धारा 144 लागू, संवेदनशील जिलों में पुलिस कर रही गश्त गृह मंत्रालय को सरकार ने हत्याकांड की भेजी रिपोर्ट, कसारी-मसारी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक हुए अतीक अहमद और अशरफ**



शनिवार की रात अहमद और अशरफ की मोटर साइकिल से आये तीन हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाकर प्रयागराज के काल्विन अस्पताल के पास हत्या कर दी थी।

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद यूपी सरकार ने केंद्रीय गृहमंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यूपी गृह मंत्रालय के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद और यूपी के मुख्यमंत्री योगी के बीच हुई बैठक के बाद यह रिपोर्ट भेजी गई है। इस रिपोर्ट में क्या लिखा गया है, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है।

बता दें कि शनिवार देर रात को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मामले में रिपोर्ट तलब की गई थी। बता दें अतीक और अशरफ की हत्या के बाद प्रदेश में माहौल न बिगड़े इसके लिए हर तरह से नजर रखी जा रही है। प्रयागराज समेत पूरे यूपी में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके अलावा आस-पास के जिलों से भी फोर्स मंगाई गई है। साथ ही सीएम योगी ने पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने, राज्य में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करने की हिदायत दी है।

ऐसे में मुख्यमंत्री ने आज अपने सारे कार्यक्रमों में बदलाव कर दिया हैं और राजधानी लखनऊ स्थित अपने आवास पर लगातार अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। साथ ही 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर किसी के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फील्ड में सतर्कता बरतने और हत्याकांड मामले में हर 2 घंटे की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न जिलों में फुट पेट्रोलिंग शुरू कर दी। साथ ही प्रदेश के संवेदनशील इलाकों में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया, यही वजह रही कि प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं पायी।

### अतीक और अशरफ के शव कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफन

**प्रयागराज।** अतीक-अशरफ के शवों का पोस्टमार्टम पूरा हो गया है। शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार अतीक को आठ गोलियां लगी थीं। पोस्टमार्टम के बाद अतीक और अशरफ के शव सीधे कब्रिस्तान पहुंचे। अतीक के दोनों नाबालिग लड़के अपने पिता और चाचा अशरफ के सुपुर्द ए खाक में शामिल होने के लिए बाल सुधार गृह से कब्रिस्तान पहुंचे, साथ ही अशरफ की दोनों बेटियां भी कब्रिस्तान पहुंची हैं। यहां दोनों को सुपुर्द ए खाक किया गया।

### कब्रिस्तान पहुंचे अतीक के दोनों नाबालिग बेटे

**प्रयागराज।** शनिवार को हुई माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद आज उनके शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया जाएगा। पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद अतीक और अशरफ के शवों को शव वाहन से कसारी-मसारी कब्रिस्तान लेकर पहुंच गए हैं। वहीं पिता और चाचा की आखिरी बार सूरत देखने के लिए उनके नाबालिग बेटों को भी एंबुलेंस में बिठाकर कब्रिस्तान लाया गया है। दोनों नाबालिग बेटे पिता और चाचा के जनाजे में शामिल होंगे। उधर अतीक अहमद के जनाजे में उसकी फरार पत्नी शाइस्ता के पहुंचने की खबर है। हालांकि पुलिस ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है। हालांकि भाई असद के जनाजे में ये दोनों शामिल नहीं हो सके थे। अतीक ओर अशरफ का शव भी बेटे असद के बगल में दफनाया जाएगा। इसके अलावा अतीक के कई रिश्तेदार भी कब्रिस्तान पहुंचे हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
0542-2381600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN

IIT-JEE/NEET
C.U.E.T
BHU / DU / AU
B.SC
B.COM
B.A,LL.B
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
Selection 1218 in CUET
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

# हमलावरों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शनिवार रात अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले तीनों हमलावरों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने रविवार को तीनों हमलावरों सनी सिंह,अरुण मौर्य और लवलेश तिवारी को अदालत के समक्ष पेश किया था। जिसके बाद अदालत ने तीनों आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जिस समय पुलिस ने तीनों हमलावरों को कोर्ट में पेश किया। उस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये। जिससे कोई भी आरोपितों तक न पहुंच सके। मीडिया को भी कोर्ट से दूर रखा गया है। इन तीनों आरोपितों ने पुलिस के सामने अतीक और उसके भाई पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं। उसके बाद पिस्टल फेंक कर पुलिस के सामने आत्म समर्पण किया था। इतना ही नहीं इन तीनों आरोपितों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या करने के बाद गिरफ्तार किए गए तीन हमलावरों से पुलिस के साथ एसटीएफ की टीम भी पूछताछ कर रही है। तीनों ने अपना अपराध कबूल करते हुए कहा कि उन्हें फेमस होना था। इसलिए अतीक और अशरफ की हत्या कर दी। गिरफ्तार हमलावरों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि हम अतीक-अशरफ गिरोह का पूरी तरह से सफाया करने और अपना नाम बनाने के उद्देश्य से अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मारना चाहते थे।



### कोर्ट का निर्णय

**लवलेश, अरुण और सनी बोले- हम फेमस होना चाहते थे, इसलिए मारा**

# राहुल गांधी ने कर्नाटक से फिर भरी हुंकार

**कोलार।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 24 दिन पहले रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलार में जनसभा को संबोधित किया। ये वही कोलार है, जहां राहुल ने मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। 23 मार्च को सूरत की कोर्ट ने उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई और एक दिन बाद उनकी सांसदी चली गई। राहुल ने अपने संबोधन में एक बार फिर अडाणी मामले का जिक्र किया। कर्नाटक में भाजपा सरकार के 40% कमीशन का मुद्दा उठाया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को दो साल तक 1500 से 3000 रुपए, महिलाओं को 2000 रुपए भत्ता और राज्य के हर परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया।

राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मुंबई एयरपोर्ट अडाणी के हवाले कर दिया। जिसका एयरपोर्ट था उस पर सीबीआई, ईडी के केस लगा दिए। प्रधानमंत्री विदेशों में अडाणी को कॉन्ट्रैक्ट दिलवाते हैं। ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री, अडाणी और स्टेट बैंक के अधिकारी बैठते हैं और इसके बाद बैंक से उनको (अडाणी) करोड़ों रुपए मिल गए। श्रीलंका के एक अधिकारी ने कहा कि पीएम ने उनसे कहा है कि अडाणी जी की मदद करनी है।

### जनसभा

**जिस कोलार में राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर की थी टिप्पणी, वहीं से जाति जनगणना को लेकर पीएम को घेरा**

# बांदा जेल में मुख्तार की कड़ी निगरानी



**बांदा/मऊ।** माफिया डॉन से राजनेता बने 100 से ज्यादा संगीन आपराधिक मामलों के आरोपी अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की प्रयागराज में सरेआम गोली मारकर हत्या के बाद से उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट है। चर्चा है कि पूर्वांचल का दूसरा कुख्यात माफिया डॉन मुख्तार अंसारी भी दहशत में है। मुख्तार अंसारी के क्षेत्र मऊ जिले और उसके मौजूदा ठिकाने बांदा जेल में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा गई है।

रिपोर्टस के मुताबिक बांदा जेल में कैद मुख्तार अंसारी शनिवार रात ठीक से सो नहीं पाया। वह बांदा जेल के अपने बैरक में पूरी रात अकेले टहलता देखा गया। दूसरी ओर उसके भाई और बसपा सांसद अफजाल अंसारी ने अतीक अहमद और अशरफ अहमद की हत्या के बाद कानून व्यवस्था को लेकर बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक और एनकाउंटर हो सकता है और इसमें तीनों हमलावरों को खत्म किया जा सकता है ताकि पूरे कांड का राज दफन हो जाए। मुख्तार अंसारी की सुरक्षा के सवाल पर अफजाल अंसारी ने कहा, 'साजिश एक जगह पर नहीं हो रही है। जिनके हाथ खुले छोड़ दिए है वो करते है, जो उनके ऊपर बैठा है वो शाबाशी देता है। अफजाल ने पूछा कि क्या ऐसी घटना के बाद सिस्टम पर लोगों का भरोसा बना रहेगा? बसपा सांसद ने कहा ने अगर देश में कानून का राज है और उत्तर प्रदेश में उत्तम कानून व्यवस्था है और हमारी भाषा है कि ठोक दो, मिट्टी में मिला देंगे तो यही सब होगा। कहीं ऐसा ना हो जाए कि किसी एजेंसी को इसकी जांच दी जाए और सच आने से पहले ही अतीक और अशरफ के हत्यारों का भी एनकाउंटर हो जाए ताकि असली राज दफन हो जाए।

मुख्तार अंसारी के गृह जिले और सियासी इलाके मऊ जिले में पुलिस ने रविवार को लगातार फ्लैग मार्च निकाला और कड़ी निगरानी की। पुलिस ने जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया। सदर इलाके में सभी गलियों, चौराहों और सार्वजनिक जगहों पर पुलिस लोगों पर नजर रख रही है। मऊ के एसपी और सिटी सीओ खुद पुलिस टीम के साथ लगातार एक्टिव दिखे। दूसरी ओर बांदा जेल में मुख्तार अंसारी के बैरक समेत आसपास के बैरकों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### चौकस नजर

**अफजाल अंसारी ने कहा- जल्द हो सकता है एक और एनकाउंटर**

**मुख्तार अंसारी के इलाके मऊ में भी कड़ी सुरक्षा पुलिस का फ्लैग मार्च**

## राजस्थान की नंदिनी 'मिस इंडिया'



**जयपुर।** मिस इंडिया वर्ल्ड-2023 का ताज नंदिनी गुप्ता ने जीत लिया है। वे 19 साल की हैं और राजस्थान के कोटा की रहने वाली हैं। शनिवार देर रात मणिपुर के इम्फाल में हुए इवेंट में पिछले साल की मिस इंडिया सिनी शेट्टी ने नंदिनी को ताज पहनाया। अब नंदिनी मिस वर्ल्ड-2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगीं। नंदिनी अभी मुंबई के एक कॉलेज से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही हैं। वे सेकेंड ईयर में हैं। नंदिनी ने इस इवेंट में कहा- पहचान बनाने के लिए कई बार असफलता भी जरूरी होती है। जब करियर या जीवन के बारे में सोचें तो तमाम कठिनाइयों और विपरीत परिस्थितियों को भी ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ें। लक्ष्य हासिल करने और चुनौतियों पर विजय पाने के लिए आगे बढ़ें। असफलता मिलती है तो उनसे सीखते हुए आगे बढ़ते जाएं। नंदिनी के पिता सुमित गुप्ता ने बताया- 'नंदिनी की बचपन से ही मॉडलिंग करने की इच्छा थी। टीवी में कभी शो देखती थी तो वैसे ही मॉडल्स की तरह बिहेव करती थी। घर पर कैटवॉक करना, मेकअप करना तो उसने चार साल की उम्र से ही शुरू कर दिया था। इसके बाद जब 9वीं क्लास में थी तो मॉडलिंग में जाने को लेकर इच्छा जताई। मॉडलिंग को लेकर अलग से उसकी कोई ट्रेनिंग नहीं करवाई।

**मिस वर्ल्ड-2023 में भारत की ओर से भाग लेंगी**

### महिला दो बच्चों संग मालगाड़ी के आगे कूदी, तीनों की मौत

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा जिगना नई रेल लाइन पर रविवार को शाम साढ़े सात बजे प्रयागराज से मीरजापुर की ओर जा रही के एन 84 मालगाड़ी के सामने महिला ने दो बच्चों के साथ छलांग लगा दिया। जिससे महिला समेत दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय नागरिकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि जासा बघौरा पट्टी गांव के सामने पोल संख्या 215के 16/14 के बीच साढे सात बजे एक महिला गोद में दो बच्चों को लेकर मालगाड़ी के सामने कूद पड़ी। चालक ने मालगाड़ी रोक कर गैपुरा स्टेशन मास्टर को शव हटवाने की सूचना दी, लेकिन रेल लाइन स्थानांतरण न होने से स्टेशन मास्टर ने इंकार कर दिया । मृतका की उम्र लगभग 32 वर्ष व बच्चों की उम्र लगभग दो व चार वर्ष बताया जा रहा है।

# प्रदेश में भाजपा के मेयर प्रत्याशियों की घोषणा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को मेयर पद के लिए पहले चरण की दस नगर निगम में महापौर पद के लिए प्रत्याशी घोषित किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी नगर निगम में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री अशोक तिवारी को महापौर प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर में गोरखपुर नगर निगम में चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव को महापौर का टिकट दिया गया है।



मुरादाबाद नगर निगम में निवर्तमान महापौर विनोद अग्रवाल को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। पिछड़ा वर्ग की महिला के लिए आरक्षित फिरोजाबाद नगर निगम महापौर पद पर पार्टी की कार्यकर्ता कामिनी राठौर को प्रत्याशी बनाया है। अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित आगरा नगर निगम महापौर पद पर पूर्व विधायक हेमलता दिवाकर को प्रत्याशी टिकट दिया है। पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सहारनपुर नगर निगम महापौर पद पर चिकित्सक डॉ. अजय कुमार को प्रत्याशी बनाया है। मथुरा- वृंदावन नगर निगम में महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल को टिकट दिया है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झांसी नगर निगम महापौर के पद पर पूर्व विधायक बिहारी लाल आर्य को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा महिला मोर्चा की अवध क्षेत्र की पूर्व अध्यक्ष सुषमा खड़गवाल लखनऊ नगर निगम महापौर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनाई गई हैं और प्रयागराज के महानगर अध्यक्ष उमेश चंद्र गणेश केसरवानी को प्रत्याशी बनाया है।

### नगर निकाय चुनाव

**वाराणसी में महापौर के लिए अशोक तिवारी को टिकट**

# पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार ने छोड़ी भाजपा

**बंगलूरू।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही पूर्व सीएम ने भाजपा विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार ने कहा कि वह जल्द ही भविष्य की योजनाओं का खुलासा करेंगे। वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे या किसी पार्टी से, जल्द ही इसका फैसला करेंगे। जगदीश शेट्टार हुबली सेंट्रल सीट से कई बार विधायक रहे हैं। हालांकि इस बार उन्हें टिकट नहीं दिया गया है, जिससे नाराज होकर जगदीश शेट्टार ने पार्टी छोड़ दी है।

जगदीश शेट्टार के पार्टी छोड़ने पर भाजपा ने कहा कि शेट्टार ने पार्टी के ऊपर खुद को तरजीह दी है। भाजपा आलाकमान लगातार उनसे बातचीत करके मामला हल करने की कोशिश कर रही थी लेकिन शेट्टार ने पार्टी से बढ़कर खुद को अहमियत दी। शेट्टार लिंगायत नेता हैं और कर्नाटक की राजनीति में लिंगायतों का बहुत प्रभाव है। पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा था कि अगर शेट्टार को टिकट नहीं मिलता है तो इसका असर एक जगह नहीं होगा बल्कि नॉर्थ कर्नाटक की 20-25 विधानसभा सीटों पर हो सकता है। भाजपा छोड़ने से पहले जगदीश शेट्टार ने दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात भी की थी।

जगदीश शेट्टार के भाजपा छोड़ने पर पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा ने कहा कि कर्नाटक के लोग जगदीश शेट्टार को माफ नहीं करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने जगदीश शेट्टार को कैबिनेट में मंत्री बनाने की पेशकश की थी। साथ ही जगदीश शेट्टार के परिजन को भी टिकट देने की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। येदियुरप्पा ने कहा कि हमने उन्हें सीएम बनाया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया। उन्होंने जो बयान दिया है, उससे हम नाराज हैं। लोग भाजपा की वजह से ही जगदीश शेट्टार को जानते हैं। शेट्टार के अलावा भाजपा सरकार में पूर्व डिप्टी सीएम रहे लक्ष्मण सावदी ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। लक्ष्मण सावदी कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और अब कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। लक्ष्मण सावदी के अलावा कर्नाटक सरकार में मंत्री और छह बार के विधायक एस अंगारा, मुदिगेरे से विधायक एमपी कुमारस्वामी, हावेरी से विधायक नेहरू ओलेकर, होसदुर्गा से विधायक गोलीहट्टी शेखर, कुदलिगी से विधायक एनवाई गोपालकृष्ण, एमएलसी आर शंकर का नाम भी शामिल है।

### सियासत

**येदियुरप्पा बोले- लोग उन्हें माफ नहीं करेंगे**



### राहुल बाबा सुन लें कर्नाटक में भाजपा बहुमत की सरकार बनाएगी : शाह

**मुंबई।** गोवा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पोंडा जिले के श्री नागेश मंदिर का दौरा किया। इससे पहले उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं आज सिर्फ और सिर्फ साउथ गोवा की सीट के लिए आया हूं। मेरे भाजपा के कार्यकताओं ने कहा है कि साउथ गोवा की सीट पर हम मोदी जी को कमल खिला कर देंगे। मैं आज यहां से खरगे जी को कहना चाहता हूं कि राहुल बाबा सुन लो कर्नाटक में भी पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार बनने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा ने अपनी एक यात्रा समाप्त की है। पूरे भारत में कांग्रेसी बड़े खुश दिखाई पड़ते थे। उसके बाद उत्तर पूर्व के तीन राज्यों के चुनाव आए। राहुल बाबा ने वहां जोर शोर से प्रचार किया और तीनों राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

# जांच पर 'आप' का फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीबीआई ऑफिस में 9 घंटों से पूछताछ चली। वे रविवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर एजेंसी के ऑफिस पहुंचे थे। वहीं, केजरीवाल से पूछताछ के विरोध में प्रदर्शन कर रहे आप के 6 से ज्यादा विधायकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

दिल्ली सरकार के कई मंत्री, पार्टी सांसद और पंजाब के सीएम भगवंत मान केजरीवाल को सीबीआई ऑफिस तक छोड़ने गए थे। बाद में इन नेताओं ने सीबीआई ऑफिस के बाहर ही विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद राघव चड्ढा और संजय सिंह समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उधर, दिल्ली सीएम केजरीवाल से सीबीआई की पूछताछ के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के दिल्ली के संयोजक गोपाल राय ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल भी मौजूद हैं।

आप नेता राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल को भगवान कृष्ण और भाजपा को कंस कहा है। उन्होंने कहा कि कंस जानता था कि भगवान श्री कृष्ण उसे खत्म कर देंगे और इसलिए उसने श्री कृष्ण को नुकसान पहुंचाने के लिए कई साजिशें रचीं। इसी तरह भाजपा जानती है कि आम आदमी पार्टी उनके पतन का कारण बनेगी। सीबीआई ऑफिस जाने से पहले केजरीवाल ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पंजाब के सीएम भी उनके साथ थे। वहां उन्होंने भगवंत मान के साथ महात्मा महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले उन्होंने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें कहा था कि जब कुछ गलत नहीं किया, तो छिपाना क्या। केजरीवाल ने कहा कि ये (भाजपा) बहुत ताकतवर लोग हैं, किसी को भी जेल भेज सकते हैं।

### शराब घोटाला

**शराब नीति केस में केजरीवाल से सीबीआई ऑफिस में पूछताछ, राघव चड्ढा ने अरविंद को कृष्ण बताया, आप के 6 से ज्यादा एमएलए हिरासत में**



# अतीक की हत्या के बाद वाराणसी में हाई अलर्ट

**सतर्कता**

### संवेदनशील जगहों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा, गश्त के निर्देश



**वाराणसी।** प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या के बाद वाराणसी में हाई अलर्ट है। घटना के दूसरे दिन रविवार को भी शहर और जिले के देहात क्षेत्र में मिश्रित और संवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स की तैनाती रही सुबह सभी क्षेत्रों के एसीपी थाना पुलिस के साथ निकले और फुट पेट्रोलिंग की।

शहर में एडिशनल सीपी अपराध एवम मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने बजरडिहा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उधर, एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एस चनप्पा ने गोदौलिया, ई सड़क, चौक, ज्ञानवापी क्षेत्र में भ्रमण कर मोके पर हालात जाना डीसीपी काशी आरएस गौतम ने अपने कार्यालय में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। साथ ही सभी थानों में भी बैठक कर शांति बहाली के लिए अपील करने का निर्देश दिया। उधर मिश्रित आबादी वाले बाजारों में माहौल शांतिपूर्ण है। मंडुवाडीह पुलिस ने लहरतारा क्षेत्र के महेशपुर तथा बौलिया गश्त किया। रविवार की सुबह चाय व पान की दुकान खुलते ही लोगो का अपने घर के नजदीक के चौराहों व तिराहों पर लोग अटकल लगाते नजर आएं लेकिन धारा 144 लगा होने के चलते लगातार चक्रमण करते पुलिस वाले लोगों को चाय व पान की दुकानों पर जमघट करने से मना करते नजर आये।

भेलूपुर थाना पुलिस सने बजरडीहा में एक प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस लाइन से पुलिस की एक टोली तैनाती की है। रेवड़ी तालाब में एक इंस्पेक्टर एक प्लाटून पीएसी के साथ थाने की फोर्स तैनात की गई। शिवाला में एक इंस्पेक्टर के साथ एक सेक्शन पीएसी तैनात की गई। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए इंस्पेक्टर भेलूपुर एसीपी भेलूपुर फोर्स के साथ इलाके में भ्रमण कर रहे हैं।



अतीक की हत्या के बाद वाराणसी में पुलिस ने किया गश्त

## 2019 में काशी से भरा पर्चा चार दिन पहले हट गया था

**आजमाया था हाथ**

### काशी से जुड़ा था अतीक का किस्सा

### ईवीएम में चुनाव चिह्न 'ट्रक' फीड होने से उसे मिले 855 वोट

**वाराणसी।** माफिया अतीक अहमद अपने दमखम को दिखाने और मोदी के खिलाफ साल 2019 में वाराणसी से चुनावी ताल ठोंकी थी। लेकिन इस चुनाव में माफिया अतीक को सिर्फ 855 वोट मिले थे और उसकी जमानत जब्त हो गयी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में अतीक अहमद ने वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का एलान किया। इस एलान के बाद अतीक को उम्मदी थी कि कोई राजनीतिक दल उनके ऊपर हाथ रखेगा पर ऐसा नहीं हुआ और अतीक ने अपने वकील के माध्यम से अपना नामांकन पत्र दाखिल करवाया। अतीक अहमद के वाराणसी से नामांकन करते ही सियासी खेमे में खलबली मच गयी थी और सभी मतों का आंकड़ा बैठाने में लग गए थे। निर्दल अतीक को चुनाव आयोग की तरफ से ट्रक चुनाव चिह्न आवंटित हुआ था। समर्थकों ने अतीक का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से शुरू किया था।

**अतीक की थी नारिया में सभा**

**वाराणसी।** प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद अपना दल का प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान निकाय चुनाव का प्रचार करने के लिए नरिया इलाके के भोगवीर में सभा करने के लिए पहुंचा था। सभा को संबोधित करने के बाद अतीक भोगवीर मोहल्ले में प्रत्याशी के समर्थन में मोहल्ले में घूमकर प्रचार भी किया था।

चुनाव आयोग ने अतीक के सिम्बल को ईवीएम में फीड किया और सभी एवीएम रेडी हो गयीं। चुनाव से 4 दिन पहले अतीक अहमद के अधिवक्ता ने एक एलान किया जिसके बाद भी सयासी गलियारों में खलबली मची रही। अतीक ने वाराणसी से चुनाव न लड़ने का एलान कर दिया था। अंतिम समय में चुनाव विड्रा करने वाले अतीक अहमद का नाम एवीएम में फीड हो चुका था। ऐसे में उन्हें भी मत पड़े। लोकसभा 2019 के चुनाव में अतीक अहमद के चुनाव निशान ट्रक को 855 लोगों ने मतदान किया। इसी से पता चलता है कि अतीक के नाम से किता प्रभाव राजनीति में पड़ता है।

## नमाज अदा कर लौट रहे बाप-बेटे को मनबढ़ों ने पीटा

**वाराणसी।** मस्जिद से नमाज अदा कर बाहर लौट रहे बाप बेटे को घात लगाकर बैठे मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज करायी।

आरोप है कि पहले दोनों के उपर अंगूर फेंका गया और इस बात का जब बाप बेटे ने विरोध किया तो एक दर्जन की संख्या में जुटे हमलावरों ने मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया। कैंट थाना क्षेत्र के पक्की बाजार निवासी सुबहान अली शनिवार देर शाम पुलिस लाइन चौराहा स्थित जामा बड़ी मस्जिद दायम खान में अपने पिता महबूब अली के साथ नमाज अदा करने गये थे। मस्जिद से बाहर निकलने के लगा तभी शादाब निवासी पक्की बाजार गली के अंदर अपने कई साथियों के साथ पूर्व नियोजित हो कर पहले फल फेंक कर मारा। विरोध करने पर रॉड व लाठी डंडे दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों की भीड़ जुटने पर लगभग 15 की संख्या में हमलावर वहां से फरार हो गये। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस अरोपित शादाब सहित अन्य पंद्रह अज्ञात साथियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मामा की बेटी से प्यार की मिली सजा, सिर काटकर फेंका

**मिली लाश**

### नौ अप्रैल से गायब था युवक मां ने मायका पक्ष के खिलाफ दर्ज करायी थी रपट

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के सरसौल घाट पर रविवार को गायब युवक की हत्या कर उसके शव को बोरे में भरकर गंगा किनारे फेंका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की शिनाख्त राहुल कुमार (22) निवासी भमनगर सुअर बड़वा थाना कैंट के तौर पर हुई। इस मामले में युवक की मां ने अपने सगे भाई समेत छह लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था, डेडबॉडी मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की धारा जोड़ी।

जानकारी के अनुसार राहुल नौ अप्रैल से ही गायब था,इस मामले में उसकी मां का आरोप है कि उनका बेटा अपने मामा की लड़की से बातचीत करता था। ऐसे में उसे गायब मायका वालों ने ही कराया और बाद में उसकी हत्या कर दी।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह



ने बताया कि राहुल का ननिहाल लूंठा गांव में था और सिगरा में प्राइवेट नौकरी करता था। नौ अप्रैल को वह घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं पहुंचा था, पुलिस खोजबीन में जुटी तो उसकी बाइक जाल्हूपुर में मिली। इस मामले में राहुल की मां सुनीता देवी की तहरीर पर मामा दिनेश, राजेश, पिंटू ,शाहिब,गोलू और शुभम के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करायी थी।

सुनीता देवी की माने तो उनका बेटा राहुल मामा दिनेश की बेटी से मोबाइल पर आये दिन बातचीत होती थी। आये इसी रंजिश में सभी ने उसकी मिलकर हत्या कर दी और शव को बोरें में भरकर फेंक दिया था। पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं नामजद अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई में जुट गयी है।

## अस्सी घाट पर पारोमिता देशमुख का हुआ गायन



**वाराणसी।** अस्सी घाट पर रविवार को सुबह- ए- बनारस के मंच पर अहमदबाद से पधारी मेवाती घराने की कलाकार श्रीमती पारोमिता देशमुख का गायन हुआ । उनके साथ संवादिनी पर शिवम तथा अंकित कुमार सिंह ने तबला पर संगत की । पारोमिता ने गायन का आरंभ हुआ राग भैरव में मध्य तीन ताल में निबद्ध से किया। बंदिश के बोल थे- प्रभु शरण। इसके उपरांत अधरमं मधुरमं सुनाया । गायन का समापन भजन से किया। बोल थे- जब प्राण तन से निकले मन शिव के शरण हो । कलाकार को प्रमाणपत्र सुबह- ए- बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने प्रदान किया। कार्यक्रम संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

## संक्षेप

### कंटेनर में पीछे से डंपर ने मारी टक्कर, दो घायल



**मिजार्मुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज पेय कंपनी के पास रविवार की सुबह हाइवे के किनारे खड़े कंटेनर में प्रयागराज की तरफ से आ रही डंफर पीछे से टक्कर मारी। हादसे में डंफर चालक कानपुर निवासी कृपाशंकर व खलासी दिनेश कुमार डंफर घायल हो गये। दोनों वाहन के केबिन में फंसे रहे स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन से दोनों को निकाला और इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया इसके बाद आवागमन सामान्य हुआ।

### अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा

**वाराणसी।** ककरमत्ता से चितईपुर मार्ग पर शनिवार की देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ड्राइवर रफ्तार में था। हादसे में ड्राइवर को मामूली चोट आयी।

### कचहरी के आसपास बाइक चोरी करने वाला धराया



**वाराणसी।** कैंट के कचहरी व आसपास बाइक चोरी करने वाले अभियुक्त को कैंट पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने इमिलिया घाट पुल के पास से मय मुखबिर की सूचना पर विनय कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना निवासी तियरा थाना सिंगरा मऊ को गिरफ्तार किया। एसीपी कैंट डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि चौकी प्रभारी कचहरी गौरव उपाध्याय को चोर की सटीक सूचना पर वाहन चोर विनय कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना दबोचा और उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद की। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक कैंट प्रभु कांत, उप निरीक्षक गौरव उपाध्याय, शत्रुघ्न सिंह, राज कुमार, हेमंत त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल ब्रिज बिहारी ओझा, कांस्टेबल सचिन मिश्रा व प्रेम प्रकाश पटेल रहे।

### एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, चार पर रपट

**सेवापुरी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के भीषमपुर गांव निवासी महिला परमिला ने बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ लोगों लाखों दिये। लेकिन नौकरी नहीं लगी जब उसने पैसा मांगा तो उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। इस मामले में पीड़िता ने तीन नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। परमिला ने बताया कि बताया कि संजय कुमार निवासी तुलसी निकेतन खजुरी पांडेपुर तथा कृष्ण मोहन मोकलपुर पोस्ट गोबराहा थाना चौबेपुर और उसकी पत्नी शांति देवी ने मिलकर उनके बेटे को एफसीआई में नौकरी दिलाने के के नाम पर 15 लाख लिया जिसमें खाते में 5.29 लाख ट्रांसफर कराया। लेकिन बेटे की नौकरी नहीं लगी। पैसा वापस मांगने पर तीनों आरोपियों ने उसे बुलाया और मारपीट कर घायल कर दिया। इस बात की सूचना संबन्धित थाना में जब दर्ज नहीं हुई तो आलाधिकारियों से गुहार लगायी। अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

### सिंगर समर के आठ बैंक खातों को खंगाला गया

**वाराणसी।** भोजपुरी अदाकारा आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह और उसके दोस्त संजय सिंह के आठ बैंक खातों का सत्यापन कराया गया। पुलिस ने यह तस्दीक की कि दोनों की आय के स्त्रोत क्या हैं? दोनों के साथ ही उनकी कंपनी के खाते में पैसा कहां-कहां से आता था? दोनों ने आकांक्षा दुबे के बैंक खाते में कब और कितना पैसा ट्रांसफर किया? इसके लिए आकांक्षा दुबे के भी दो बैंक खातों का सत्यापन कराया गया। आकांक्षा की मां ने समर और संजय पर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। भोजपुरी गायक समर सिंह उर्फ समरजीत बीते 13 अप्रैल से 17 अप्रैल की शाम पांच बजे तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। उसका दोस्त संजय सिंह जिला जेल में बंद है। दोनों पर आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बीते 27 मार्च को सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इससे पहले 26 मार्च की सुबह आकांक्षा दुबे सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में मृत पड़ी मिली थीं।

### साइकिल सवार को कार ने मारी टक्कर

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के भटौली गांव के समीप भाऊपुर वाया लहरतारा मार्ग पर रविवार शाम कार सवार न साइकिल पर सवार 2 लोगों को टक्कर मारी और पोल से जा टकरायी। घटना में एक की हालत गंभीर बतायी गयी। जानकारी के अनुसार मिश्री लाल (50) अपने रिश्तेदार जौनपुर निवासी जिलोधर (40) के साथ भाऊपुर बाजार की तरफ जा रहा था। भटौली गांव के पास दूसरी दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार पहुंचाया। मिश्री लाल के गंभीर हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर भेजा गया।

### संदिग्ध हाल में मिला व्यक्ति का शव

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र के सीपीसी कम्पनी के पास रविवार को शाम को लगभग छह बजे मिल्कीचक निवासी लगभग 42 वर्षीय सोहन यादव की रहस्य परिस्थिति में मौत हो गयी। घटना की सूचना ग्राम प्रधान मोहनसराय मनोज वर्मा ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह व फॉरेंसिक टीम ने घटना के बारे में जांच-पड़ताल की और शव को पीएम के लिए भिजवाया।

## मंदिरों और वैदिक ज्ञान के महत्व की दी प्रेरणा

**आयोजन**

### इस्कान की ओर से रूद्राक्ष में युवा महोत्सव



**वाराणसी।** एक युवा महोत्सव, जिसे इस्कॉन वाराणसी, इंडियन सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड राइट्स और उम्मीद सोशल एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इस आयोजन में वाराणसी के स्कूलों और कॉलेजों के 2000 युवाओं ने भाग लिया।

आईआईटी वाराणसी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, स्कूलों के प्राचार्य , व्यापारी, डॉक्टर, शहर के प्रशासनिक अधिकारी आदि शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवकीनंदन प्रभु जोनल सेक्रेटरी इस्कॉन, लोक गायिका और पद्मश्री मालिनी अवस्थी, कमिश्नर कौशल राज शर्मा और प्रोग्रेसिव फाउंडेशन के निदेशक डॉक्टर विकास यादव थे। इस कार्यक्रम में युवाओं को समाज में मंदिरों और वैदिक ज्ञान के महत्व के बारे में प्रेरित किया गया। देवकीनंदन प्रभु ने युवाओं के लिए आध्यात्मिकता के महत्व और कैसे मंदिर आध्यात्मिक अस्पतालों की तरह हैं के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशुद्ध बैंड द्वारा कीर्तन फ्यूजन संगीत, भगवान कृष्ण की लीलाओं पर सांस्कृतिक नृत्य प्रदर्शन, आईआईटी के छात्रों द्वारा समाज में मंदिरों की आवश्यकता पर रोमांचक नाटक जैसे विभिन्न अद्भुत कार्यक्रम शामिल रहे। इस्कॉन के छात्रों द्वारा मंदिरों की आवश्यकता पर एक गीत की भी संरचना कर प्रस्तुति दी गई। इस्कॉन वाराणसी के रप्रसाद वितरण वैनर का लोकार्पण किया गया। इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद के जीवन पर आधारित एक अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिसमे विशेष कलाकृतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बिंदु माधव के आचार्य मुरलीधर पटवर्धन, व्यापारी अशोक सर्राफ, व्यापारी अशोक गुप्ता, दीपक जायसवाल, संजय झुनझुन वाला और समाज सेवक अवनीश कुमार समेत काफी लोग मौजूद थे।

## राह तकता रहा दूल्हा, टॉयलेट के बहाने दुल्हन फरार

**वाराणसी।** सारनाथ स्थित मंदिर में वरमाला और सात फरों के बाद दुल्हन फरार हो गयी। विदाई के बाद दूल्हा पक्ष दुल्हन को कैंट स्टेशन पर पहुंचा था। यहां दुल्हन ने टॉयलेज जाने की बात कहकर भाग निकली और दुल्हा ताकता रह गया।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के एक युवक से तीन लाख रुपये लेकर लक्ष्मीकुंड निवासी शैलेंद्र पारे ने 14 अप्रैल को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक मंदिर में एक युवती से शादी कराई। राजस्थान जाने की बारी आई तो दुल्हन टॉयलेट जाने की बात कह कर कैंट रेलवे स्टेशन से गायब हो गई। प्रकरण को लेकर लक्सा थाने में लक्ष्मीकुंड निवासी शैलेंद्र पारे व उसकी मां, संजय, दीपा और जोधपुर के जय प्रकाश सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। राजस्थान के जैसलमेर जिले के नाचना, पोखरण निवासी नरेन उर्फ नरेश व्यास ने बताया कि वह अविवाहित हैं।

जोधपुर के महामंदिर मानसागर निवासी जय प्रकाश सोनी उनका परिचित है। नरेन ने कहा कि जय प्रकाश ने उनको बताया था कि वाराणसी के लक्ष्मीकुंड निवासी शैलेंद्र पारे उनका परिचित है। उनकी शादी वह शैलेंद्र पारे के माध्यम से करा देगा। जय प्रकाश की बात पर विश्वास कर वह वाराणसी आए। शादी के लिए उन्हें दीपा नाम की युवती दिखाई गई। शादी के लिए दीपा पसंद आ गई। इस पर शैलेंद्र पारे ने बीते 14 अप्रैल को शादी कराने की बात कही और तीन लाख रुपये खर्च बताया। शैलेंद्र के घर पर ही उसे तीन लाख रुपये दिए गए। लक्सा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मशहूर शायर के निवास पर हुआ कदीमी इफ्तार



**नौहा मातम के साथ हुई दुआख्वानी**

**वाराणसी।** रमजान को हर साल की तरह कदीमी इफ्तार का आयोजन मुर्तजा जफारी और जीशान जफारी के संयोजन में दालमंडी स्थित मशहूर शायर नाजिम जाफरी के आवास पर किया गया। मौलाना अकील हुसैनी ने नमाज अदा कराई जिसके बाद रोजेदारों के लिए कई तरह के स्वादिष्ट पकवान दस्तरखवान पर सजाये गए।

खजूर और पानी से इफ्तार किया गया। इस अवसर पर नोहा और मातम के लिए जल्हाजी फरमान हैदर, काजीम रजा, मासूम रजा, असद अब्बास, अकिब रजा, लियाकत अली, शराफत अली मौजूद रहें। इस अवसर पर मौलाना के संयोजन में देह और दुनिया की शांति के लिए और लोगो के सेहत और सलामती के लिए दुआखवानी हुई। कार्यक्रम में मुर्तुजा शम्सी, मो. शोएब रजा, मासूम रजा एडवोकेट, आदि लोग शामिल थे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता

**आवश्यकता है-** मां गायत्री रामनरेश महिला महाविद्यालय डिहियां जौनपुर (संबद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर कलासंकाय में हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषय में प्रवक्ताओं की व प्राचार्य (एक पद)। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन भेजे। **प्रबंधक-9324873148**



जी-20 की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप



# वाराणसी



## भारत की अध्यक्षता में कृषि आधारित जी-20 की 100वीं बैठक आज से शुरू

# एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य है थीम

**आज से आगाज**

**जी-20 के इस बैठक में भारत दुनिया के समक्ष रखेगा मोटे अनाज उपजाने का प्रस्ताव**

**तीन दिवसीय बैठक सत्रों में महर्षि (बाजरा और अन्य प्राचीन अनाज अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल) होगा मुख्य मुद्दा**

**उद्घाटन सत्र को जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह करेंगे संबोधित**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** इस बार की जी-20 की 100वीं बैठक की अध्यक्षता भारत कर रहा है, वह भी दुनिया के प्राचीन व जीवंत शहर वाराणसी में, सोमवार से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत की ओर से मोटे आनाज यानि बाजारा पर एक प्रस्ताव रखा जायेगा जिस पर सभी देशों के मुहर लगने का आग्रह किया जायेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आईसीएआर के डीजी हिमांशु पाठक ने बताया कि चर्चा के साथ विदेशी मेहमान दुनिया के सबसे प्राचीन व जीवंत शहर की संस्कृति से भी रुबरु होंगे।

एमएसीएस 2023 का विषय स्वस्थ लोगों और ग्रह के लिए सतत कृषि और खाद्य प्रणाली है। उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह शामिल होंगे। तकनीकी सत्रों में खाद्य सुरक्षा और पोषण, लचीला कृषि खाद्य प्रणाली, डिजिटल कृषि और टिकाऊ कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखला और कृषि अनुसंधान और विकास के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी से संबंधित विभिन्न उप-विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां शामिल हैं, प्रतिभागियों द्वारा चर्चा और हस्तक्षेप के बाद महर्षि पर एक समर्पित सत्र आयोजित की जायेगी, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतियां और सभी जी20 सदस्य देशों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा चर्चा की जायेगी। दूसरे दिन, एमएसीएस विज्ञप्ति पर चर्चा और तीसरे दिन इसका समापन होगा।



जी-20 में होने वाली बैठकों के बारे में बताते आईसीएआर के डीजी हिमांशु पाठक व अन्य

### जी-20 व आमंत्रित इन देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

जी-20 सदस्य देशों ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए के लगभग 80 विदेशी प्रतिनिधि और यूरोपीय संघ के साथ ही आमंत्रित देश में बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन यूएई, वियतनाम और अंतर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, एफएसबी, ओईसीडी, अध्यक्ष तीन दिवसीय बैठक में क्षेत्रीय संगठनों के एयू, ऑडा-एनईपीएडी, आसियान और भारत द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य यानी अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, सीडीआर और एशियाई विकास बैंक भाग लेंगे। इसके अलाव बैठक में कृषि मंत्रालय, विदेश मंत्रालय सहित अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं।

### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

खाद्य सुरक्षा और पोषण, क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर, डिजिटल एग्रीकल्चर, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, कृषि अनुसंधान और विकास के विभिन्न मुद्दों पर सभी देशों के प्रतिनिधि चर्चा करेंगे।

### 'महर्षि' पर भारत की ओर से रखा जायेगा प्रस्ताव

भारत की अध्यक्षता के दौरान जी-20 पहल के रूप में विचार-विमर्श के लिए बाजरा और अन्य प्राचीन ग्रेन इंटरनेशनल रिसर्च इनिशिएटिव (महर्षि) का भी प्रस्ताव है। महर्षि का उद्देश्य 2023 और उसके बाद के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष बाजरा के दौरान बाजरा और अन्य प्राचीन अनाजों के बारे में अनुसंधान सहयोग को आगे बढ़ाना और जागरूकता पैदा करना है।

### संस्कृति व धरोहर से भी विदेशी मेहमान होंगे रूबरू

जी-20 में शामिल होने के लिए आने वाले विदेशी मेहमान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के दौरान ही विश्व की सबसे प्राचीन व जीवंत शहर वाराणसी की संस्कृति व धरोहरों से भी रुबरे होंगे। विदेशी प्रतिनिधि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के बारे में जानकारी ले सकेंगे इसके लिए उन्हें गंगा घाट से लगायत सारनाथ सहित अन्य स्थानों पर ले जाया जायेगा।

## मेजबान काशी ने बिछाए पलक पावड़े

### जी-20 में शामिल व आमंत्रित देश के करीब 80 प्रतिनिधियों को एयरपोर्ट पर दिखायी गयी विरासत की झलक



हवाई अड्डे पर मेहमानों को लगाया गया तिलक



पारम्परिक नृत्य से किया गया मेहमानों का स्वागत

**बाबतपुर।** जी-20 शिखर सम्मेलन में सम्मलित होने वाले 20 देशों के 80 प्रतिनिधियों का दल अलग अलग विमान से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। सभी विदेशी अतिथियों का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। टर्मिनल भवन के बाहर आगमन द्वार पर मेहमानों के स्वागत के लिए पारम्परिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया था, जिसको देख विदेशी मेहमान काफी अभिभूत हुए। वहीं क्षेत्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा जी 20 में शामिल देशों के राष्ट्रध्वज को हाथों में लेकर हवाई अड्डा मुख्य मार्ग पर लम्बी कतार के साथ राष्ट्रगीत व भारत माता की जयकारे के साथ तिरंगा लहरा कर मेहमानों का स्वागत किया गया।

**किस विमान से किस देश के प्रतिनिधि पहुंचे**

रविवार को जी 20 के मेहमानों के आने का क्रम सुबह से ही शुरू रहा, पहला विमान सुबह 6:10 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचा, इस विमान से इटली के दो डेलीगेट्स पहुंचे। दूसरा एयरइंडिया का विमान 11:45 बजे पहुंचा इस विमान से अर्जेंटीना के एक, ब्राजील के दो और चाइना के तीन डेलीगेट्स, यूरोप के एक फ्रांस के तीन, जापान के पांच, नीदरलैंड से पांच सीनियर पॉलिसी ऑफिसर, पांच हेड ऑफ यूनिट के साथ पांच चीफ इकोनॉमिस्ट पहुंचे वहीं रसिया के दो सिंगापुर के दो स्पेन के एक डेलीगेट्स के साथ फूड प्रोग्रामी, वीट इनल्टीव के प्रोग्राम मैनेजर के साथ एफएओ के सीनियर ऑफिसर पहुंचे। जी 20 डेलीगेट्स को लेकर तीसरा विमान ए आई 695 दोपहर 12:50 बजे पहुंचा इससे केन्या के लीडर ऑफ एनिमल और ह्यूमन प्रोग्राम के साथ मॉरीशस के एक डेलीगेट्स पहुंचे। विस्तारा का विमान यूके 673 दिल्ली से अपराह्न 2:45 बजे पहुंचा इस विमान से सीनियर डिजिटल एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट एडीबी व समिति डायरेक्टर जनरल के साथ जर्मनी के चार डेलीगेट्स, इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट के डेलीगेट्स के साथ इंडोनेशिया के चार सदस्य एवं अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान के एक सदस्य यूनाइटेड किंगडम के एसोसिएट डायरेक्टर यूएस के तीन सदस्य वर्ल्ड फूड प्रोग्रामिंग पहुंचे। 3:50 बजे विस्तार यूके 621 दिल्ली के विमान से ऑस्ट्रेलिया के एक सदस्य के साथ चेयर ऑफ इंस्टीट्यूशन कोऑर्डिनेशन के सदस्य पहुंचे। शाम 4:15 बजे इंडिगो 6ई 2231 से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ग्लोबल ऑपरेशन्स व ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम डायरेक्टर पहुंचे। रात्रि 7:55 बजे इंडिगो 6ई 2414 दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया कनाडा जर्मनी के एक-एक सदस्य एवं एग्रीकल्चरल काउंसलर व डब्ल्यूएचओ के एक सदस्य पहुंचे। वहीं अंतर्राष्ट्रीय उड़ान आई एक्स 184 से यूएई के एक डेलीगेट्स रात्रि 8:00 बजे पहुंचे। स्पाइसजेट एसजी 2989 दिल्ली के विमान से अर्जेंटीना के एग्रीकल्चर अटैच व चीफ साइंटिस्ट एफ ए ओ और सऊदी अरब के तीन डेलीगेट्स रात्रि 9:25 बजे वहीं विशेष विमान एच1,1850 से कोरिया के दो डेलीगेट्स हवाई अड्डे पर पहुंचे।

**अतिथि देवो भवः का संदेश**

**एयरपोर्ट से लगायत होटल तक विदेशी मेहमानों ने देखा विविधता में एकता का रंग**

## राजनीतिक दलों के लिए बागियों को संभालना होगी कड़ी चुनौती

जनसंदेश न्यूज

**फंसा मामला**

**उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद अब मनाने की कवायद शुरू**



**वाराणसी।** निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों की ओर से रविवार को उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई। जिसके बाद अब बागियों को संभालना दलों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। जहां कई उम्मीदवारों की हारने के बाद भी मौका मिला तो वहीं कई को जीतने के बाद भी टिकट से हाथ घोना पड़ा है।

रविवार को प्रमुख दलों की ओर से महानगर के सभी 100 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई। जिसमें सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवारों के नाम पर से भी पर्दा उठ गया। पार्टी की ओर से चयनित सभी उम्मीदवार नामांकन की तैयरियों में जुट गए हैं। इसके साथ ही इस बार के निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विजय निश्चित करने में जुटे राजनीतिक दलों के नेताओं की चुनौती भी बढ़ गई है। जिसमें पार्टी की ओर से टिकट न मिलने से नाराज उम्मीदवारों को मनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसमें कई उम्मीदवारों को बीते चुनाव में हारने के बाद भी पार्टी की ओर से अपना उम्मीदवार बनाया है तो वहीं कुछ बीते चुनाव में जीतने के बाद भी पार्टी की सूची में जगह बनाने में नाकाम रह गए। कयास यह लगाए जा रहे हैं कि सोमवार को अंतिम दिन पार्टी द्वारा नामित उम्मीदवारों के साथ बागियों की ओर से भी नामांकन पर्चे दाखिल किए जाएंगे। इसके लिए रविवार शाम से ही पार्टी नेता बागियों को मनाने में लगे रहे। सबसे ज्यादा सत्तारूढ़ दल के बागियों को मनाने के लिए मंडल से लेकर महानगर स्तर तक प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान फोन और अन्य माध्यमों के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं की ओर से भी मान मनौवल की जा रही है।

**कइयों के टिकट कटे, कुछ को दोबारा मौका**


सत्तारूढ़ दल भाजपा की ओर से रविवार को पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इनमें कई उम्मीदवार जिन्होंने बीते निकाय चुनाव में टिकट हासिल की थी। उनका टिकट इस बार काट दिया गया। जिनमें कई ऐसे उम्मीदवार भी हैं जिनको बीते चुनाव में मिले हार के बाद भी इस बार मौका दिया गया है।

### काशी की तीन फुटबॉलर्स महिला फुटबॉल लीग में खेलेंगी

**वाराणसी।** भारतीय फुटबॉल फेडरेशन की ओर से गुजरात में होने वाले इंडियन महिला फुटबॉल लीग में जिले की तीन फुटबालरों का चयन हुआ है। दो खिलाड़ी बंगलूरू और एक तमिलनाडु की टीम की ओर से खेलेंगी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के इंटर कॉलेज मैदान में प्रशिक्षण देने वाले भैरव दत्त के मुताबिक, फुटबॉल नर्सरी की संध्या राय, चांदनी पटेल का बंगलूरू और गुड़िया पटेल का तमिलनाडू टीम में चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी 26 अप्रैल से 15 मई तक अहमदाबाद में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। भैरव दत्त ने बताया है कि नर्सरी की बेटियों को पहली बार फुटबॉल लीग में हिस्सा लेने का मौका मिला है। संध्या राय, गुड़िया और चांदनी पटेल तीन बार उत्तर प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले चुकी हैं। फुटबॉल नर्सरी की पचास से अधिक बालिकाएं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुकी हैं।

## रविवार को मिले 17 मरीज, महिलाओं की संख्या ज्यादा

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** कोरोना मरीजों के मिलने का क्रम लगातार जारी है, रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जिले में एक दिन में कुल 17 संक्रमित मिले, जिसमे सर्वाधिक संख्या महिलाओं की है, 17 मरीजों में कुल 12 मरीज महिलाएं हैं।

बीते एक माह से लगातार कोरोना के मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। देश भर में एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दिया है, प्रदेश में जहां एक दिन में मरीजों की मिलने की संख्या का आंकड़ा सैकड़ों में है वहीं जिले में 17 मरीजों के मिलने से दहशत हो गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातर एडवाइजरी जारी की जा रही है कि वह सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के ना जाएं इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जरुर करें। किसी भी तरह के बुखार में चिकित्सक से सलाह भी जरुर लें।

### इन स्थानों पर मिले कोरोना के मरीज

75 वर्षीय महिला सरायमोहना, 66 वर्षीय महिला राजेन्द्र विहार सुन्दरपुर, 75 वर्षीय महिला पहाड़ीगेट बीएलडब्ल्यू, 30 वर्षीय महिला फुलवरिया, 29 वर्षीय महिला काशी हिन्दु विश्वविद्यालय, 50 वर्षीय महिला टिचर्स फ्लैट बीएचयु, 27 वर्षीय महिला कस्तुरबा गर्ल्स हॉस्टल बीएचयु, 19 वर्षीय महिला राजघाट, 35 वर्षीय महिला नरिया, 21 वर्षीय महिला रामनगर, 36 वर्षीय पुरुष चौकाघाट, 26 वर्षीय पुरुष करौंदी, 24 वर्षीय पुरुष शिवाला और 40 वर्षीय महिला शिवपुर।

## भाजपा ने पार्षद के सभी 100 सीटों पर घोषित किये प्रत्याशी



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव में वाराणसी नगर निगम के सभी 100 वार्डों के पार्षद सीटों के प्रत्याशियों का ऐलान रविवार को कर दिया। उनमें संगठन के कई पुरनिये कार्यकर्ताओं को भी अवसर दिया गया है। बीते 11 अप्रैल से चल रहे नामांकन का सोमवार को अंतिम दिन है। संगठन ने जिन्हें अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया है उनमें से पूर्व में पार्षद पद की जिम्मेदारी संभाल चुके कई कार्यकर्ताओं को दोबारा मौका दिया गया है। पर्चा दाखिले की अंतिम तिथि से ऐन एक दिन पहले रविवार अपराह्न बीजेपी ने यह लिस्ट जारी की है।

# महापौर पद पर छठे दिन दो नामांकन

## कांग्रेस और अपना दल (कमेरावादी) के उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

**बढ़ी सरगर्मी**

**अब तक 146 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में नामांकन के छठवें दिन रविवार को कचहरी स्थित नामांकन स्थल पर महापौर के लिए दो पर्चे भरे गए। जिसमें कांग्रेस और अपना दल (कमेरावादी) के उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार अनिल श्रीवास्तव और अपना दल (कमेरावादी) की ओर से हरीश मिश्रा ने पर्चा अपने समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल किया। बता दें कि अबतक महापौर पद के लिए कुल चार उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। इसके पहले शनिवार को सुभासपा से आनंत कुमार तिवारी ने और शुक्रवार को किन्नर शमसेर खान ने पर्चा दाखिल किया था।

वहीं अब तक छह दिनों में कुल 46 महापौर पद के लिए पर्चों की खरीद हो चुकी है। जिसमें रविवार को नौ पर्चे खरीदे गए। इसके अलावा पार्षद पद के लिए अबतक कुल 146 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। जिसमें छह दिनों में अब तक 1650 उम्मीदवारों ने पार्षद पद के लिए नामांकन पत्रों की खरीद की है।

वहीं कुल 125 पार्षद पद के उम्मीदवारों ने रविवार को नामांकन पत्रों की खरीद की।

### मुख्य दलों ने घोषित किए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार

नगर पंचायत गंगापुर में अध्यक्ष पद के लिए रविवार को सभी मुख्य राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जिसमें भाजपा से स्नेहलता सेठ, कांग्रेस से संगीता देवी और समाजवादी पार्टी की ओर से गीता यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि बीते चुनाव में इस सीट पर क्रांगेस का कब्जा रहा। जबकि इसके पहले सपा ने जीत हांसिल की थी। रविवार को एक सदस्य पद के लिए पर्चा खरीदा गया। जबकि किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया।

## 'हमारा जनसापेक्ष विकास में है यकीन'



कांग्रेस प्रत्याशी ने पार्टीजनों के साथ भरा नामांकन

**वाराणसी।** कांग्रेस से नगर निगम वाराणसी के महापौर पद के प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव ने रविवार को पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि हम समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के आंखों में खुशी और उनके जीवन में उम्मीद देने आए हैं। जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का जीवन स्तर और उसकी आंखों में अभाव, गरीबी, नाउम्मीदी और दो वक्त की रोटी का हम भरोसा न दे दें तब तक हमारे सभी वादे एवं तथाकथित विकास के वादे भोथरे साबित होंगे। विकास जन सापेक्ष होता है न कि निरपेक्ष। ऐसा विकास किस काम का जो हमें दो जून की रोटी न दे सके। हम एक मजबूत रोड मैप के साथ काम करेंगे ताकि बनारस की पहचान अमिट रहे।

# प्रत्याशी के निजी जीवन की नहीं कर सकते आलोचना

जनसंदेश न्यूज

**रखें ध्यान**

**नगरीय निकाय चुनाव में लागू आदर्श संहिता का हर हाल में करना होगा पालन**

**पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार या निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों में नहीं कर सकेंगे**

**वाराणसी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने वर्तमान में चल रहे नगरीय निकाय चुनाव में लागू आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन करने को कहा है। साथ ही चेताया है कि इसका उल्लंघन करते पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों को इलेक्शन के दौरान निर्धारित सामान्य आचार संहिता का ध्यान रखने को कहा है। आयोग की ओर से जारी आदर्श आचार संहिता के कुछ बिंदुओं की यहां जानकारी दी जा रही है।

इसके अंतर्गत ऐसा कोई भी कार्य बोलकर या लिखकर अथवा किसी प्रतीक के जरिये नहीं करेंगे जिससे किसी धर्म, संप्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दल, प्रत्याशी, किसी पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो या किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न होने की स्थिति बने। यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी पार्टी, कैंडीडेट की आलोचना उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पूर्व इतिहास एवं कार्य के बारे में ही की जा सकती है। किसी भी प्रत्याशी के व्यक्तिगत जीवन से संबधित पहलुओं पर आलोचना नहीं कर सकते। वोट हासिल करने के लिए जातीय, सांप्रदायिक और धार्मिक भावना का परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सहारा नहीं लिया जाएगा। मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारा आदि पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए या निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों के लिए नहीं कर सकते। सभी राजनीतिक दल या प्रत्याशी ऐसे कार्यों के अलग रहेंगे जो निर्वाचन विधि के तहत भ्रष्ट आचरण या अपराध माने गए हैं। जैसे- किसी चुनावी सभा में गड़बड़ी करना या करवाना, वोटर को प्रलोभन या डरा-धमकाकर अथवा आतंकित कर अपने पक्ष में मत देने का दबाव नहीं डाल सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किसी भी प्रकार का मादक द्रव्य बांटना प्रतिबंधित है। आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान भी आदर्श आचार संहिता का पालन अनिवार्य किया है। इसके अनुसार किसी भी दल, प्रत्याशी या उसके समर्थक का पुतला लेकर चलने, उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर जलाने या इस प्रकार के अन्य कृत्य का प्रदर्शन व समर्थन नहीं करेंगे। आयोग के निर्धारित निर्वाचन व्यय सीमा से अधिक खर्च नहीं कर सकते। किसी भी प्रत्याशी या उम्मीदवार से राजनीतिक विचारों या कृत्यों से असहमति एवं मतभिन्नता होने के बावजूद प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण एवं विघ्नरहित पारिवारिक जीवन के अधिकार का आदर करना होगा। किसी भी व्यक्ति के विचार, मत, कृत्य का विरोध उसके निवास के सामने प्रदर्शन या धरना देकर नहीं कर सकेंगे।

### प्रचार वाहन के लिए लेनी होगी परमिशन

चुनाव प्रचार के लिए किसी की जमीन, मकान, अहाता या दीवार का उपयोग के लिए उसके मालिक की परमिशन आवश्यक है। किसी भी सरकारी, सार्वजनिक संपत्ति, स्थल, भवन, परिसर में चुनाव प्रचार सामग्री नहीं लगा सकते। अन्य प्रत्याशी के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन कर लगाए जाने वाली प्रचार सामग्री स्वयं हटाने के बजाय इस बारे में जिला प्रशासन से कहेंगे। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों, लाउडस्पीकर, साउंड बॉक्स के प्रयोग, टीवी चैनल, केबल नेटवर्क, वीडियो वाहन या रेडियो से प्रचार का विज्ञापन आदि की अनुमति जिला प्रशासन से लेनी होगी। ध्वनि विस्तारकों का प्रयोग रात्रि दस बजे से प्रातः छह बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव प्रचार सामग्री व उसकी फोटोकॉपी पर संबंधित मुद्रक व प्रकाशक का नाम-पता देना होगा। कोई भी व्यक्ति किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी की अनुमति के बगैर उसके पक्ष में चुनावी विज्ञापन या प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करेगा।

### सभा, रैली, जुलूस के लिए पूर्वानुमति जरूरी

चुनावी सभा, रैली व जुलूस के लिए जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति लेनी होगी। आयोजन के दौरान ध्यान रखना होगा कि उससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। किसी अन्य पार्टी या कैंडीडेट के समर्थन में आयोजित सभा या जुलूस आदि में किसी प्रकार का बाधा नहीं दे सकते। सभा, रैली या जुलूस में प्रतिबंधित असलहे, लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर आदि लेकर नहीं चलेंगे। ऐसे आयोजनों में लाउडस्पीकर या अन्य किसी प्रचार वाहन या वीडियो वाहन का उपयोग करने के लिए पूर्व अनुमति लेनी होगी। मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभा और चुनाव प्रचार बंद कर देना होगा। इनमें टीवी चैनल, केबल टीवी, रेडियो, प्रिंट मीडिया आदि के जरिये चुनाव प्रचार या विज्ञापन भी शामिल रहेगा।







# गोपाल मंदिर से निकली शोभायात्रा

**वल्लभाचार्य जयंती**

### वल्लभाचार्य के सिद्धांतों को अपनाना होगा- श्याम मनोहर महराज



**वाराणसी।** जगद्गुरु वल्लभाचार्य महाप्रभु के 546 वें प्राकट्य दिवस पर प्रातः मंगला दर्शन के समय गिरिराज का दुग्धाभिषेक वल्लभ युवक परिषद् व सर्वोत्तम स्तोत्र के 5 पाठ एवं नामरत्नाख्य, वल्लभाष्टक, सप्तश्लोकी का एक-एक पाठ वैष्णव जनों के सामूहिक रूप से षष्ठपीठ श्री गोपाल मंदिर के शास्त्री विशेश्वर पाठक ने कराया।

शोभायात्रा सायंकालषष्ठपीठ गोपाल मंदिर के प्रांगण से प्रारम्भ होकर ग्वालदास साहूलेन, सिद्धमाता गली फाटक, सोराकुआं, चौखम्भा, जौहरी बाजार होते हुये पुनः गोपाल मंदिर प्रांगण में पहुंची। जहां पर महाप्रभु की छवि का माल्यार्पण व पंचोपचार पूजन दिनेश शास्त्री व मंदिर के बड़े मुखिया नटवर ने किया।

शोभायात्रा के दौरान छवि पर विभिन्न संस्थाओं ने माल्यार्पण व पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर श्याममनोहर महाराज व षष्ठपीठ युवराज गो. प्रियेन्दु बावा व राजा बेटीजी तुर्यप्रिया व लालन परिवृढ़ व शृंगार लालन वैष्णव जन के साथ चल रहे थे। इस उत्सव के अवसर पर प्रो धनञ्जय पाण्डेय ने विचार व्यक्त किया।

श्याम मनोहर महाराज ने अपने आशीर्वचन में श्रीवल्लभ का गुणगान व उनके जीवन के वास्तविक स्वरूप को अपने वाणी से जीवंत किया। कहा कि वल्लभाचार्य के सिद्धांतों को सभी को अपनाना होगा, तभी इस भूलोक में वैष्णवों का आना सार्थक होगा। इस अवसर पर आये हुये अतिथियों का हरिदास पारिख, राजेश अग्रवाल 'जी.एन.' व अरूण पारिख ने माल्यार्पण व स्वागत किया। शोभायात्रा में माधव जनार्दन रटाटे, विश्वम्भर पाठक, दिनेश जोशी, अतुल शाह, मधुसूदन दास, गनेश दास, रमेश भइया, अनुज गोठी, सचिन पारिख समेत काफी लोग शामिल थे।

# सफल युवाओं के परिजनों को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**दानगंज।** चोलापुर ब्लॉक के तीन युवाओं को पीसीएस परीक्षा में सफलता मिलने पर रविवार को उनके परिजनों को भारतीय पशुपालक संघ की ओर से सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से सम्मानित होने वालों में विजय के पिता नंदलाल यादव, ऋषभ के पिता तारकेश्वर एवं कृष्ण कुमार की मां रहीं।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने तीनों युवाओं को मिली इस सफलता को बड़ी उपलब्धि एवं गौरव बताते हुए कहा कि कठिन परिश्रम कर दूधिए एवं किसान के बेटों ने पीसीएस परीक्षा पास किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अन्य युवा निश्चित रूप से इन तीनों से प्रेरित होंगे। इस अवसर पर दयाराम यादव, कमल श्रीवास्तव, आरडी यादव, जितेंद्र यादव, हरिलाल नेता, त्रिलोकी यादव, जितेंद्र पहलवान आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।



# शासन को बताएंगे गोंड समाज के मुद्दे



जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** अखिल भारतीय गोंड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री व्यासजी गोंड़ ने भरोसा दिया है कि विभिन्न जनपदों में अपने समाज के लोगों के हक और अधिकार का मुद्दा प्रदेश सरकार के सामने उठाएंगे। रविवार को कैथौली स्थित एक लॉन में आयोजित संगठन के प्रांतीय सम्मेलन को वह संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर गोंड़ समाज की समस्याओं समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर संबंधित मुद्दे शासन के संज्ञान में लाने का निर्णय लिया गया। आयोजन के दौरान संगठन की नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी चुने गये। जिसके तहत श्रीनाथ गोंड़ एकवोकेट को प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. विनोद भाष्कर को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी। त्रिवेणी खरवार की अध्यक्षता में मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष लोलारक गोंड़, डॉ. विजय गोंड़, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन गोंड़, जगदीश गोंड़, राम उजागिर, कमलेश, रामप्यारे, राजेश, शोभनाथ, धनंजय आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# शिवाय क्लब ने जीती चैंपियन्स ट्राफी

**प्रेमा-मोहनलाल क्रिकेट**

### जयनारायण क्लब को चार विकेट से हराया

### दिव्य प्रकाश ने खेली धमाकेदार पारी

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** एक समय ऐसा लग रहा था कि शिवाय क्लब मुकाबले में फंस गया है, तभी सातवें क्रम पर उतरे दिव्य प्रकाश सिंह (80 रन, 41 गेंद, चार छक्के, 10 चौके) ने दिव्य बल्लेबाजी कर शिवाय क्लब को चार विकेट से जीत ही नहीं दिलायी, प्रेमा और मोहनलाल चौरसिया क्रिकेट ट्राफी का चैंपियन भी बनवा दिया। जयनारायण घोषाल क्लब के 183 रन के स्कोर को शिवाय क्लब ने आसानी से छह विकेट पर 185 रन बनाकर पीछे छोड़ा।

पहले खेलने वाले जयनारायण क्लब के लिए सत्यम (50) और विकास (73) ने बेहतरीन बल्लेबाजी से उसे लड़ने लायक स्कोर दे दिया जो एक समय मिलता नहीं दिख रहा था। कोई बड़ी साझेदारी न होने के बाद भी जयनारायण क्लब दो सौ के करीब पहुंच गया। अटल, दिव्य और विराट ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में शिवाय क्लब 79 पर पांच विकेट खो दिए और पराजय साफ दिखने लगी थी। यहां दिव्य ने अभिषेक (नाबाद 25) के साथ 92 रन की साझेदारी से जिता दिया। अमन शास्त्री ने चार विकेट लेकर अकेला संघर्ष किया।

दिव्य को एमओएम और एमओएस जबकि विराद बेस्ट बॉलर घोषित हुए। विशिष्ठ अतिथि कुंवर वेंकटेश सिंह रहे जबकि पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता वीसीए के सचिव जावेद अख्तर खान ने की। इस मौके पर डॉ. आरएन चौरसिया और प्रदीप चौरसिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। धन्यवाद आयोजन सचिव पीपी आनंद ने किया।

# डीएवी में नैक मूल्यांकन की तैयारी अंतिम चरण में

जनसंदेश न्यूज





**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में नैक मूल्यांकन की तैयारियां अब अंतिम चरण में है। आगामी 19-20 अप्रैल को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है।

इस दौरे में नैक की टीम महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अकादमिक वातावरण सहित अन्य बिन्दुओं का निरीक्षण कर मूल्यांकन करेगी। इस संबंध में महाविद्यालय के आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ. पारूल जैन ने बताया कि तीसरे चक्र के नैक मूल्यांकन की सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है।

विभागवार दायित्व के साथ-साथ सभी पहलूओं का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है। विजिट के दौरान नगर के विशिष्टजनों के साथ नैक टीम के संवाद का कार्यक्रम भी रखा गया है साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी करायी जायेंगी। इससे पूर्व 2017 में हुए द्वितीय चक्र के नैक मूल्यांकन में महाविद्यालय को ए प्लस की ग्रेडिंग प्राप्त हुई थी। इसके बाद कॉलेज समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में ए प्लस की ग्रेडिंग प्राप्त करने वाला एकमात्र शैक्षणिक संस्थान बन गया था। यही नहीं नैक द्वारा 2018 में डीएवी को नैक मेन्टरशिप भी प्रदान किया गया, जिससे डीएवी ने जनपद के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं को नैक मूल्यांकन के लिए तैयार किया और उनका प्रदर्शन अच्छा रहा।

## हीरक जयंती को देंगे आंदोलन का रूप

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड मेडिकल एण्ड सेल्स प्रतिनिधि एसोसिएशन की एक बैठक रविवार को पराड़क स्मृति भवन में आयोजित की गयी। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया, वक्ताओं ने बताया कि यूपीएमएसआरए दवा प्रतिनिधियों का प्रदेश संगठन है, रीजनल वर्कशॉप में वाराणसी रीजन की छह इकाईयों जिनमें वाराणसी, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊनाथ भंजन व राबर्टसगंज शामिल हैं, सभी इकाईयों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष समेत समस्त कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। ट्रेड यूनियन की उत्पत्ति, इतिहास व आन्दोलनों में भूमिका सम्बन्धित दस्तावेज पर रजनीश पाठक ने विस्तृत रूप से रखा व उन्होंने भारत में ट्रेड यूनियन आन्दोलन, अपने राष्ट्रीय संगठन व प्रादेशिक संगठन की स्थापना, श्रम कानूनों में संशोधन, ट्रेड यूनियनों पर बढ़ते हमले, सेल्स प्रमोशन इम्प्लाई एक्ट 1976 पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान सह सचिव रघुवंश उपाध्याय, प्रदेश कमेटी सदस्य पीयुष उपाध्याय, अमीत सिंह, मो. अफजल, महापरिषद सदस्य प्रमोद गौड़, राजनीश पाठक, प्रदेश सचिव आर.एम. राय समेत अन्य लोग थे।

# जी-20 सम्मेलन के लिए गंगा से मांगा आशीर्वाद



**वाराणसी।** सनातन धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के धरोहर की नगरी काशी में पधारे पर्यटक और काशीवासी भी जी-20 समिट से खासा उत्साहित हैं। जिसकी एक झलक जी-20 सम्मेलन के पूर्व रविवार को दशाश्वमेध घाट पर दिखाई पड़ी। जब काशीवासी और विदेशों एवं अन्य राज्यों से आए पर्यटकों ने जी-20 देशों के राष्ट्रीय चिन्ह लेकर नमामि गंगे और गंगोत्री सेवा समिति के सदस्यों के साथ भारत की शाश्वत पहचान सनातनी संस्कृति की आत्मा मां गंगा की आरती उतार कर वैश्विक अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए आशीर्वाद मांगा।

**उत्साह**

### गंगा किनारे की स्वच्छता के लिए हजारों ने ली शपथ

हजारों नागरिकों ने एक स्वर में गंगा तट की स्वच्छता की शपथ ली। काशी में जी-20 समिट के आयोजन के पूर्व हो रहे विकास कार्यों से सभी अभिभूत नजर आए। काशी वासियों और काशी यात्रा पर आए नागरिकों अन्य पर्यटकों ने कहा कि सरकार ने काशी में विकास की गंगा ऐसी बहाई है, जिससे इस प्राचीन नगरी का निरंतर चतुर्दिक विकास हो रहा है।

# 'मेरी रातें, मेरी सड़क' अभियान में महिलाएं उतरीं सड़क पर

**उठाई मांग**

### सड़क पर आजादी से घूमने के सवाल पर महिलाओं ने निकाला जुलूस

**वाराणसी।** अपने हिस्से की सड़क पर आजादी से घूमने के सवाल पर 'मेरी रातें मेरी सड़कें' शीर्षक से 'दखल' संगठन की ओर से सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इसमें हिंसा उत्पीड़न और गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाई गयी। कविता गीत नारे के साथ मार्च निकालकर अनूठे ढंग से अपने हिस्से के सड़क और आजादी के लिए महिलाओं ने आवाज उठाई।

'मेरी रातें मेरी सड़कें' बैनर के तहत लड़कियों महिलाओं ने अस्सी घाट पर सांस्कतिक कार्यक्रम किया। एक अनूठा आकर्षक मार्च भी निकाला। ज्ञातव्य हो कि लैंगिक मसलों और नारीवादी चेतना से बनारस में काम करने वाले संगठन 'दखल' की ओर से ये कार्यक्रम रात 10 बजे से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान शामिल विभिन्न समुदायों की महिलाओं, लड़कियों ने आजादी और बराबरी के गीत और कविता के द्वारा अपने तरह के अनूठे किस्म का आयोजन किया। रात में सड़क पर भारी संख्या में जुटी महिलाओं को देखकर अधिकांशतः पुरुषों में उत्सुकता और कौतूहल दिखाई दिया। घाट पर आयोजित हुई सभा में वक्ताओं ने महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधो और अपराधियों पर कार्यवाही के बजाये पीड़ितों को ही घरों में बंद रखने की सोच पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ इंदु पांडेय ने और धन्यवाद ज्ञापन शालिनी ने दिया। कार्यक्रम में नीति, जागृति राही, डॉ प्रतिमा गोंड, डॉ इफ़्तिखार, रैनी, शालिनी, विजेता, शिवांगी, दीक्षा, वंदना, श्रद्धा,ज्योति, प्रज्ञा, विजेता, अबीर, सलोनी, सलमा,रोजी साहिल, रौशन, शाश्वत, धन्नजय,मूसा आजमी, कोमल। जैसवाल, निकिता सरोज, अभिलाषा जैसवाल, प्रिया यादव, तनु सरोज, डॉ अनूप श्रमिक, नवीन अभिनव, चन्दा इत्यादि शामिल रहे।

## वरिष्ठ रेल पेंशनर्स का सम्मान

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का आयोजन वाराणसी मंडल पर को न्यू लोको कॉलोनी स्थित इन्द्रप्रस्थ सामुदायिक केन्द्र में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय संगठन गोरखपुर से कार्यकारणी अध्यक्ष अमीय रमण, महामंत्री अर्जुन कुमार कोहली तथा उपाध्यक्ष मुन्नीलाल गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वाराणसी के पूर्व मंडल कार्मिक अधिकारी एवं अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न विभागों के पांच व्यक्तियो को 80 वर्ष से अधिक आयु को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओ में प्रेमचन्द्र गौंड पूर्व मंडल खजांची/वाराणसी, रामजी लाल कूल पूर्व मंडल वाणिज्य निरीक्षक, रमेश सिंह पूर्व मुख्य टिकट निरीक्षक, रामसूरत उपाध्याय पूर्व फिटर /वाराणसी तथा केश रंजन पाठक पूर्व /वाराणसी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यकारी अध्यक्ष अमीय रमण ने कहा कि पेंशनर्स एसोसिएशन के सभी सदस्य के हितों की रक्षा करने के लिए कृत संकल्प है तथा पेंशनर्स की समस्याओं को निपटाने में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करता रहेगा। संचालन व धनवाद प्रदीप ने किया।

# डॉ. अंबेडकर सामाजिक समानता के प्रणेता

**बोले प्रो. विमलेंद्र**

### संपूर्णानंद संस्कृत विवि में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के योगसाधना केंद्र में रविवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती एवं जी-20 के सुअवसर पर अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा सामाजिक समरसता एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर' रहा।

आयोजन की अध्यक्षता कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि बीएचयू के व्याकरण विभागाध्यक्ष प्रो. रानारायण द्विवेदी ने कहा कि ऋग्वेद को आधार मानकर ही भारतीय ज्ञान परंपरा का उदय हुआ है, भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। इस ज्ञान परंपरा में आधुनिक विज्ञान प्रबंधन सहित सभी क्षेत्रों के लिए अदभुत खजाना है। मुख्य वक्ता बीएचयू के वरिष्ठ आचार्य प्रो. विमलेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सामाजिक समानता और समरसता के प्रणेता थे। जिन्होंने वंचितों के उत्थान का संकल्प लेकर सामाजिक प्रतिष्ठा एवं समानता का अधिकार दिलाने का कार्य किया। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर संविधान निमार्ता के साथ-साथ दलित नेता, लोकप्रिय भारतीय विधि वेत्ता, चिंतक, विचारक, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, धार्मिक, प्रतिभाशाली लेखक एवं राष्ट्रभक्त थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. हरप्रसाद दीक्षित ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने राष्ट्र की नींव में सभी सामाजिक समूहों के अधिकार को सुनिश्चित किया, उनका जोर भारतीय महिलाओं एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों पर था। अन्य वक्ताओं में प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. राजनाथ, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने डॉ. अंबेडकर के सामजिक समरसता पर विचार व्यक्त किया। संचालन प्रो. हरिशंकर पांडेय ने किया। संगोष्ठी में अनेक विद्वान सम्मिलित हुए।

संगोष्ठी में प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. राजनाथ, प्रो. राघवेंद्र दुबे, प्रो. अमित कुमार शुक्ल, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, डॉ. रविशंकर, डॉ. राजा पाठक, डॉ. नितिन आर्य एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### महिलाओं को बना रहे स्वरोजगारी



**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के सीवों ग्राम पंचायत की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जूट उद्योग लगाने के लिए उन्हें सात दिनी ट्रेनिंग का कार्यक्रम रविवार को आरंभ हुआ। ट्रेनर शारदा सिंह ने बताया कि महिलाओं को स्वरोजगार बनाकर आत्मनिर्भर करने के लिए किसान उत्पादक संगठन यानि एफपीओ के जरिये जूट, फ्लॉवर पॉट, बॉटल कवर, ट्रे और मैट्रेस आदि के बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर गंगा शेखरमणी तिवारी, आनंद सिंह, वेद प्रकाश सिंह, संतोष पांडेय, रेखा आदि की उपस्थिति रही।

### सुजीत यादव 'लक्कड़' फिर बने जिलाध्यक्ष

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुजीत यादव 'लक्कड़' को एकबार फिर वाराणसी के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने रविवार को यह निर्णय जारी किया। जिला मीडिया प्रभारी संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने यह जानकारी दी। इस मनोनयन पर सपा एमएलसीद्वय लालबिहारी यादव तथा आशुतोष सिन्हा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, डॉ. ओपी सिंह, प्रदीप कुमार मौर्य, गणेश यादव, राधाकृष्ण 'संजय यादव', रामसिंह यादव, सत्यप्रकाश सोनकर 'सोनू' समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### कलस्टर बनाकर करें जैविक खेती



**चांदमारी।** जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरहुआ विकास खंड के उदयपुर गांव में रविवार को किसान गोष्ठी हुई। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं नमामि गंगे योजना के अंतर्गत दर्जनों किसानों को अनुदान आधारित जैविक किट बांटे गये। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री एवं क्षेत्रीय सहकारी समिति अध्यक्ष प्रिंस चौबे ने कृषि क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जैविक खेती के लिए शासन भारी धनराशि खर्च कर रही है। किसान उसका लाभ उठाएं। कलस्टर बनाकर के जैविक खेती करें ताकि कृषकों की आय बढ़े। गोष्ठी में नमामि गंगे के राहुल ने परंपरागत खेती अपनाने पर बल दिया। कृषि विभाग के तकनीकी सहायक नवीन उपाध्याय ने जैविक खेती से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। अरविंद चौबे के संचालन में इस अवसर पर बीडीसी अजय चौबे, ग्राम प्रधान सुद्धू राम, किसान विनोद पांडेय, राजेश पटेल, प्रकाश पटेल, रोशन, सच्चिदानंद चौबे, चंद्रबली चौबे एवं सुशीला देवी आदि की उपस्थिति रही।

### पं. नीरज पारिख ने गायन से किया रससिक्त



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में सूरत से पधारे वरिष्ठ कलाकार पं नीरज पारिख का गायन हुआ। उनके साथ सह गायन अमी पारिख कर रही थी। तबला पर पंकज राय व संवादिनी पर शशांक उपाध्याय ने संगत की। उन्होंने गायन का आरंभ मीराबाई के भजन से किया। बोल थे-मोहे लागी लगन गुरु चरणन की। दूसरे भजन से जिसके बोल थे कस्तुरी तिलकम। अंतिम प्रस्तुति मे भगवान राम का भजन गाया जिसके बोल थे- जय राम रमा इस भजन ने श्रोताओं को आनंदित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष दीनदयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव व कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा। कलाकारों को प्रमाणपत्र संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। संचालन किया अंजना झा ने किया।

### अभियान चलाकर ठेले और काउंटर किए गए जब्त



**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से रविवार को चौका घाट से तेलिया बाग मरी माई मंदिर मलदहिया से फातमान मार्ग तक सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान में पूरे मार्ग में सभी दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर सड़क और पटरी खाली कराया गया। मार्ग में कुछ लावारिस हलत में रखे ठेले और काउंटर को जब्त किया गया। वहीं गिलट बाजार से भोजुवीर, सर्किट हाउस, वरुणा पुल, मिंट हाउस, नदेसर, घौसाबाद, चौका घाट तक पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर मुख्य मार्ग से सभी अवैध वेंडरों को हटवा कर मार्ग खली करवाया गया। पूरे अभियान में लगभग तीन गाड़ी लावारिस व अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। इसके अलावा हरिश्चंद्र घाट से अवैध रूप से रखे हुए लकड़ी और गुमटियां हटवा कर मार्ग खाली करवायी गई। साथ ही गोदौलिये चौराहे से दशाश्वमेध मार्ग पर गांधी आश्रम के सामने दुकानों का अतिक्रमण हटवाया गया, अंत में मैदागिन स्थित पुलिस चौकी के पीछे अग्रसेन पार्क के ग्रिल के साथ अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को हटवा कर इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### करहा पूजन संग भण्डारे में भक्तों ने चखा प्रसाद

**कुंवारी कन्याओं को लगाया विभिन्न पकवानों का भोग**

**वाराणसी।** शिव की पौराणिक नगरी काशी अद्भुत चमत्कारों से रची-बसी है। यहां आस्था और अंधविश्वास भी पग-पग पर सदियों से लोगों को अचंभित और विचलित करता रहा है। रविवार को मैदागिन क्षेत्र स्थित सप्तसागर दवा मंडी में अपराह्न एक बजे से अनवरत रूप से चले आ रहे करहा पूजन व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ ही दूर-दराज से आए श्रद्धालु शामिल हुए। करहा पूजन का शुभारंभ भानी भगत ने किया। जिसमें उन्होंने खौलते दूध से बने खीर से स्नान कर उपस्थित जनसमूह को चौंका दिया। साथ ही धधकती आग में प्रवेश कर मौके पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं को यह सोचने पर विवश कर दिया कि आखिर कैसे कोई असंभव कार्य को बड़े आसानी से अंजाम दे रहा है। श्रद्धालु इसे दैवीय शक्ति मानकर ऐसे अद्भुत कारनामे करने की चर्चाओं में मशगूल रहे। करहा पूजन को देखने के लिए दूर-दराज से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। करहा पूजन के पश्चात आदिशक्ति के रूप में कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। जिसमें विभिन्न पकवान का भोग परोस कर उनकी पूजा-अर्चना की गयी। कन्या पूजन के बाद भक्तों के बीच विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जो देररात तक चलता रहा।



# भगेश्वरी-परमेश्वरी मंदिर का होगा सुंदरीकरण

**बोले दुर्गा शंकर मिश्र**

### मंदिर परिसर का निरीक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**बेल्थरारोड।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि सोनाडीह में भगेश्वरी, परमेश्वरी मंदिर के साथ हनुमान जी का मंदिर है। यहां चैत मास में एक माह का विशाल मेला लगता है। यहां जिला प्रशासन द्वारा रंगाई-पुताई, मरम्मत के अलावा टाईल्स लगवा दिया गया है। इस मंदिर परिसर में अभी भी काम करने की गुंजाइश है, जिस पर मंथन किया जा रहा है।

पत्रकारों के सवाल पर मुख्य सचिव श्री मिश्र ने कहा कि सीयर-सोनाडीह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बना है। उसकी मरम्मत किये जाने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी बता रहे है कि अतिशीघ्र मरम्मत पूर्ण हो जायेगा। इस पर काम शुरू हो गया है। कहा कि जनहित में मंदिर परिसर से जुड़े सभी रास्ते दुरुस्त होंगें।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व्यक्तिगत कार्यक्रम के तहत अपने तीन सगे भाईयों संग रविवार की प्रातः क्षेत्र के ग्राम सोनाडीह में मां परमेश्वरी तथा मां भागेश्वरी के मंदिर में पहुंचे और विधि-विधान से पूजन अर्चन कर मां को चुनरी तथा प्रसाद चढ़ाया। पं. शशिकुमार शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चन सम्पन्न कराया। वेदी स्थल पर मुख्य सचिव श्री मिश्र संग सभी भाई, डीएम रविन्द्र कुमार व सीडीओ प्रवीण कुमार वर्मा ने मत्था टेका। इसके अलावे परिसर में स्थापित राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, काली मंदिर आदि मंदिरों में भी मत्था टेका। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया तथा पोखरी के तट पर अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया।

साथ ही पोखरी का सुंदरीकरण कराने का आदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गाशंकर तिवारी, डीएफओ अमित कुमार, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी यतेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम श्रीमती सीमा पाण्डेय, एसडीएम एआर फारुकी, सीओ रसड़ा मो. फहीम अहमद, सीओ बांसडीह शिव नारायन वैस, नायब तहसीलदार दीपक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



सोनाडीह में मंदिर परिसर का निरीक्षण करते मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र



मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र का डीएम रवीन्द्र कुमार के साथ अभिवादन करते ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह

### रंगाई-पुताई व साफ-सफाई देख हुए प्रसन्न

**बेल्थरारोड।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने व्यक्तिगत कार्यक्रम के तहत अपने कुल देवी तथा पूर्वांचल की विख्यात देवी मां भगेश्वरी व परमेश्वरी मंदिर सोनाडीह पहुंचे, जहां मंदिर सहित अन्य भवनों की रंगाई-पुताई के अलावे पूरे परिसर की साफ-सफाई देख अति प्रसन्नचित हुए। अधिकारियों से बातचीत में उन्हें जानकारी हुई कि विशालकाय मेला परिसर व पोखरी की साफ-सफाई मात्र चार दिनों में सम्पन्न हुई है। जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी यतेन्द्र सिंह यादव, ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह, बीडीओ मधुछन्दा सिंह, बीडीओ विनय वर्मा, बीडीओ देवेन्द्र प्रताप वर्मा, एडीओ आईएसबी मृत्युंजय राय, एडीओ पंचायत राजेश यादव, एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह, एडीओ पंचायत मनोज यादव, एडीओ समाज कल्याण इरशाद अहमद, वरिष्ठ सहायक दयाशंकर राय, ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के निदेशन में तीन दिनों तक लगातार लगभग 400 की संख्या में सफाई कर्मियों ने मंदिर व उसके परिसर की बेहतरीन साफ-सफाई कर दी थी।

### जर्जर सड़क देख छलका दर्द

**बेल्थरारोड।** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के सगे भ्राता अविनाश मिश्र का दर्द छलक पड़ा। उन्होंने कहा कि मंदिर से जुड़े मार्गों की दशा अत्यन्त ही खराब है। सोनाडीह मंदिर में मेरे परिवार के सभी मुण्डन संस्कार सम्पन्न हुए हैं और भविष्य में भी होता रहेगा। पत्रकारों को अपनी लेखनी से इस खराब मार्ग के निमाण के बारे में चर्चा करनी चाहिए। कहा कि आज हम पूजन अर्चन करने मंदिर पहुंचे हुए हैं। उनके साथ दो अन्य भाई दिनेश मिश्र व विनय मिश्र भी आये हुए हैं।

### बालिका खिलाड़ियों से मिले मुख्य सचिव

**बेल्थरारोड।** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबाल खेल में भाग ले चुकी सोनाडीह की रीतू पाण्डेय, आंचल पासवान, नीलम सहित दर्जनों बालिका खिलाड़ियों से मुलाकात की। कहा कि इन्हें खेल में प्रगति लाते हुए इण्टरनेशनल स्तर तक पहुंचाने का प्रयास हो, ताकि इलाके व जिले का नाम रोशन हो सके। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर भरपूर सहयोग दिया जायेगा। वहीं, श्री मिश्र सभी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मिले। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा अनुदेशक रामप्रकाश यादव, कोच प्रेमचन्द यादव मौजूद रहे।

# शिक्षा से वंचित बच्चों को चिह्नित करेंगी आशा वर्कर्स

**पहल**

### बच्चों को दाखिला कराने के लिये अभिभावकों को करेंगी प्रेरित

**बलिया।** प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी आशा वर्कर को निर्देश दिया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर छह वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के ऐसे विद्यार्थियों की खोज करें, जिनका दाखिला नहीं हुआ है। नए विद्यार्थी जिनका प्री-प्राइमरी या प्राइमरी स्तर पर दाखिला होना है। उनके साथ-साथ आउट आफ स्कूल बच्चों को भी चिह्नित करें। अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाएं और अपने क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर विद्यार्थियों का प्रवेश कराएं।

17 अप्रैल से शुरू हो रहे घर-घर दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्री संचारी रोग से ग्रस्त मरीजों की पहचान करने के साथ-साथ बच्चों का एडमिशन कराने का भी कार्य शुरू करेंगी। अभी जिले के परिषदीय स्कूलों में कुल 3.10 लाख बच्चे पढ़ते हैं और इसे इस वर्ष 3.60 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में घर-घर जाकर रोगियों को चिह्नित करने और स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाने वाली आशा कार्यकर्ती अब स्कूल न आने वाले और शिक्षा से वंचित बच्चों को भी चिह्नित करेंगी तथा परिषदीय स्कूलों में उनका दाखिला कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित भी कराएंगी। इस संबंध में बीएसए मनिराम सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। एक अप्रैल से बेसिक शिक्षा परिषद भी स्कूल चलो अभियान चला रहा है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 17 से 30 अप्रैल तक घर-घर दस्तक अभियान में आशा वर्कर द्वारा किए जाने वाले सहयोग से विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### योजनाओं के माया जाल से गंगा को नहीं मिली राहतः रमाशंकर

**बलिया।** मानवीय हरकत एवं अर्थहीन कसरत से निराश गंगा धरा धाम से पलायन का मूड बनाने लगी है। गंगा के बीच पेटे में उभरते बालू के टीले इसकी प्रमाणिकता की गवाही कर रहे है। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी न रविवार को महावीर घाट पर 'गंगा से सार्थक संवाद' कार्यक्रम के तहत स्नानार्थियों के बीच व्यक्त किया। कहा कि गंगा की तकदीर में ही राष्ट्र की तस्वीर समाहित है। योजनाओं के माया जाल से अभी तक पतित पावनी को राहत नहीं मिली है। गंगा का आर्तनाद अनसुना करना प्रकृति के लिहाज से घातक है। गंगा विचलित है, लेकिन सरकार एवं समाज चिंतित नहीं। श्री तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि अब जलवायु परिवर्तन की मार झेल रही गंगा को उसके संपूर्ण क्षेत्र में प्रबल प्रवाह के साथ बहने दिया जाय। नदी सभ्यता को मिटाकर विकास की कोई इमारत खड़ी नहीं की जा सकती। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत गंगा वंदना से हुई। इस अवसर पर विनय कुमार पांडेय, राजकुमार साहनी, अनुप गुप्त आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में अधेड़ की मौत, दो गंभीर

**विवाद**

### महिला समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

### दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के भीटा भुआरी ग्राम में शनिवार की देर रात भूमि विवाद में जमकर लाठी-डंडा, ईंट व धारदार हथियार का प्रयोग किया गया। इसमें जहां अनिल यादव (50) पुत्र ओमप्रकाश यादव की मौत हो गयी, वहीं गंभीर रूप से घायल शैलेन्द्र यादव (28) तथा उदयभान (45) का उपचार मऊ के एक प्राईवेट चिकित्सालय में चल रहा है।

घटना की सूचना पर अपराध निरीक्षक राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गये। इस मामले में पुलिस ने सुशील कुमार यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव की तहरीर पर एक महिला सहित सात लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया था। मौके पर पहुंचे एएसपी दुर्गाशंकर तिवारी ने परिजनों से घटना के बावत जानकारी प्राप्त की। उनके साथ सीओ रसड़ा मो. फहीम अहमद मौजूद रहे। पुलिस ने इस प्रकरण में पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम भिटौरा में भूमि को लेकर दो पट्टीदारों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि दूसरा पक्ष अचानक धारदार हथियार समेत लाठी-डण्डे के साथ शनिवार की रात उस समय हमलावार हो गया, जब चोटिल पक्ष आराम फरमा रहा था। इस मामले में पुलिस ने सुशील कुमार यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दिया है। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि विवेचना प्रचलित है। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।



घटना स्थल पर मातहतों से जानकारी लेते एएसपी

# सचल अस्पताल का लाभ उठा रहे लोग

**सुविधा**

### लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी जा रही दवाएं

**बैरिया।** लोग सचल अस्पताल का लाभ खूब उठा रहे है। सचल अस्पताल गांव-गांव पहुंच कर लोगों का परीक्षण एवं निःशुल्क इलाज कर रहा है। भारत सरकार की संस्था गेल द्वारा संचालित सचल अस्पताल क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

बता दे कि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की पहल पर भारत सरकार का प्रतिष्ठान गेल ने दो सचल अस्पताल बलिया संसदीय क्षेत्र को उपलब्ध कराया है। एक सचल अस्पताल गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद, जहुराबाद विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय है, जबकि दूसरा बैरिया विधानसभा में सक्रिय है। रोज सुबह आठ बजे से सायं पांच बजे तक उक्त सचल अस्पताल गांव-गांव घूम कर रोगियों का इलाज एवं परीक्षण करता है। सचल अस्पताल में एक चिकित्सक के अलावा दो फार्मासिस्ट, दो नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहते हैं, जो मलेरिया, टाइफाइड, अस्थमा, हैपेटाइटिस, शुगर, गैस, ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों की जांच करते हैं और निःशुल्क इलाज के साथ दवा उपलब्ध कराते हैं।

बैरिया विधानसभा क्षेत्र में विशेषकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में यह अस्पताल सक्रिय है। इससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। पिछले एक वर्ष में न्यूनतम प्रतिदिन एक सौ से डेढ़ सौ लोगों का इलाज किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इस बाबत पूछने पर सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने बताया कि मै भदोही लोकसभा क्षेत्र में इस तरह का प्रयोग कर चुका हूं। वहां गांव-गांव सचल अस्पताल पहुंचकर जरूरतमंदों का इलाज करते थे। उसी तर्ज पर यह व्यवस्था मैंने पिछले वर्ष बलिया मे शुरू किया था। यह व्यवस्था लोगों के लिए उपयोगी है। जल्द ही इसका विस्तार किया जाएगा और जिले के प्रत्येक गांवों में इसे भेजने की व्यवस्था की जायेगी।





सचल अस्पताल से महिला को दवा देते स्वास्थ्य कर्मी

### बाइक एवं साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टंगुनिया के सामने में हाहानाला से तुर्तीपार को जाने वाले मार्ग पर शनिवार की देर शाम बाइक तथा साइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। इसमें वृद्ध समेत दो लोग घायल हो गये। टंगुनिया निवासी कठिन राजभर (60) साइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे कि सामने से बाइक सवार एकसार पिपरौली निवासी रितेश (30) अपने एक सहयोगी के साथ सामने से आकर सीधे साइकिल में भिड़ गया। इससे साइकिल सवार कठिन राजभर सहित बाइक सवार रितेश बुरी तरह चोटिल हो गया। आनन-फानन में उनको सीएचसी सीयर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**बलिया।** ब्राह्मण उत्थान समिति बलिया का वार्षिक सम्मेलन रविवार को हुआ। इसमें ब्राह्मणों के सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यों पर चर्चा की गई। नागेन्द्र पांडेय ने ब्राह्मण सम्मेलन की सार्थकता पर प्रकाश डाला। रमाशंकर ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। अध्यक्ष डॉ. शत्रुध्न ने समिति द्वारा किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। मौके पर रमाशंकर, आनंद मणि, विद्यासागर, देवेन्द्र, चंद्रशेखर, बबलराम आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल एप पर मिलेगी खेती किसानी से जुड़ी जानकारी

**बलिया।** कृषकों को खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी जल्द ही अब मोबाइल एप पर आसानी से मिलने लगेगी। कृषि निवेश केंद्र के साथ अन्य जानकारी देने के लिए नामित कर्मचारी मोबाइल एप अपलोड करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति (नेशनल मास्टर प्लान) के तहत डिजिटल एग्रीकल्चर को जिले में प्रोत्साहित किया जाएगा।

रिमोर्ट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर की मदद से कृषि निवेश केंद्रों, प्रयोगशाला, कृषि प्रक्षेत्र, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर की जियो टैगिंग कर अपलोड किया जाएगा। अपलोडिंग के दौरान दुकान में मौजूद स्टाक, सामग्री वार बिक्री रेट का विवरण दर्ज करना होगा। खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी के साथ कब कौन सा उर्वरक प्रयोग करना, कौन-कौन सा बीज किस रेट पर किस दुकान पर मौजूद है, उर्वरक की स्थिति समेत अन्य जानकारी किसानों को एक ही प्लेटफार्म पर मिलेगी। जिले में संचालित राजकीय फार्म हाउस, राजकीय कृषि बीज भंडार, कृषि रक्षा इकाई, उर्वरक दुकान, बीज दुकान, कृषि रक्षा रसायन दुकान, कस्टम हायरिंग सेंटर तथा फार्म मशीनरी बैंक का डाटा मोबाइल एप पर अपलोड होगा। कृषि अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा प्राप्त इनपुट के अनुसार जिले में अगले सप्ताह से बारिश और मौसम खराब होने की संभावना जताई गई है। इसलिए किसान अपने अनाज को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि श्रीअन्न योजना के तहत जनपद के किसानों को विकास खंड कार्यालय से मोटे अनाज के बीज उपलब्ध कराएं जाएंगे। इसके लिए इच्छुक किसान ब्लाक मुख्यालय में आवेदन कर सकते है।

> डिजिटल एग्रीकल्चर योजना के तहत किसानों को मोबाइल पर खेती-किसानी व कृषि निवेश से जुड़ी जानकारी मिलेगी। इससे जहां किसानों का समय बचेगा। वहीं, उन्नत खेती-किसानी में सहूलियत होगी। अपलोडिंग कार्य समय से पूरा हो सके, इसकी निगरानी की जा रही है।
>
> धर्मेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी

# किसानों को सत्यापन के बाद मिलेगा मुआवजा

**बैरिया।** जिन किसानों का खेतों में खड़ी फसल जल चुका है और मुआवजा के लिए आस लगाए बैठे है, उन किसानों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। अगलगी की घटना का सम्बंधित लेखपालों द्वारा रिपोर्ट मंडी समिति को भेजा जा चुका है। बावजूद इसके किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा। कारण कि अगलगी के कारण फसल नुकसान का मुआवजा लेने की प्रक्रिया में शासन स्तर से बदलाव कर दिया गया है।

उक्त जानकारी एसडीएम आत्रेय मिश्र ने दिया है। उन्होंने अगलगी की घटना से पीड़ित किसानों को जानकारी दिया है कि एक अप्रैल को चांददियर, श्रीनगर, झरकटहा आदि मौजा के जिन किसानों का खेतों में खड़ी फसल जल गया है, वह सबसे ग्राहक सेवा केंद्र से मंडी समिति की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। रजिस्ट्रेशन होने के बाद मंडी समिति सत्यापन के लिए तहसील प्रशासन को पत्रावली भेजेगा। इसके बाद सम्बंधित क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगों का सत्यापन रिपोर्ट लगाने के बाद रिपोर्ट मंडी समिति को भेज दिया जाएगा। सत्यापन रिपोर्ट के मुताबिक मंडी समिति से पीड़ित किसानों के खाते में मुआवजा भेज दिया जाएगा। एसडीएम ने जानकारी दिया है कि बिना जनसेवा केन्द्र पर रजिस्ट्रेशन कराए जो भी किसानों का रिपोर्ट सीधे तहसील से भेजा जाएगा, वह मान्य नहीं होगा। जांचोपरांत तहसील मंडी समिति को पुनः सत्यापन रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। इसके पश्चात पैसा प्राप्त होगा। यह सूचना मंडी समिति के सचिव द्वारा शुक्रवार को प्रदान की गई है, जबकि तहसील से मंडी समिति को रिपोर्ट प्रेषित किया जा रहा था।

### चंद्रशेखर हाफ मैराथन को भव्य बनाने पर चर्चा

**बलिया।** आगामी 19 अप्रैल को पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की स्मृति में होने वाली चंद्रशेखर हाफ मैराथन के आयोजन समिति राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन परिवार के सदस्यों की बैठक वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई। समिति के सचिव उपेंद्र सिंह ने बताया कि सारी तैयारियां पूर्ण हो गयी है। अंतिम दिन की भव्यता कैसे मजबूत किया जाय? इस पर हम सभी को जिम्मेदारी से लगना है। जिसको जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसे तन्मयतापूर्वक निभाया जाय। उन्होंने बताया कि अब तक 526 आनलाइन रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 18 अप्रैल को आफलाइन रजिस्ट्रेशन भी 500 पार जाने की संभावना है। मौके पर सुधीर सिंह, पवन, पंकज, उमेश सिंह, नीरज राय, धीरेंद्र, मनोज, प्रदीप कुमार, धर्मवीर सिंह, सेतुनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

# काश्तकारों को समझाकर दूर करें भ्रम

**बोले आत्रेय मिश्र**

### एसडीएम ने कानूनगो एवं लेखपालों को दिया निर्देश

**बैरिया।** हर हाल में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए 100 प्रतिशत बैनामा कराया जायेगा। इसके लिए रविवार को तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तहसील सभागार में बैठक किया।

एसडीएम आत्रेय मिश्र ने सम्बंधित कानूनगों एवं क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देशित किया कि कई काश्तकार ऐसे है, जिनका मामूली विवाद तहसील न्यायालयों में विचाराधीन है। इस कारण ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बैनामा मामला विचाराधीन होने से नही हो रहा है। ऐसे में उक्त विवादित उभय पक्षों को हमारे एवं तहसीलदार सुदर्शन कुमार, नायब तहसीलदार अजय सिंह के समक्ष उपस्थित करें। उनका विवाद आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराकर हल करा दिया जाएगा और ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बैनामा हो जाएगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि 86 प्रतिशत बैनामा का लक्ष्य पूरा हो चुका है। अगर प्रयास होगा तो हम 90 प्रतिशत से ऊपर बैनामा करवा लेंगे। बैठक में मातहतों को यह भी निर्देशित किया गया कि जो काश्तकार भ्रम में है, उनको उच्च न्यायालय के आदेश को समझाएं और उनका भ्रम दूर करें। एसडीएम ने कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा।

रोजगार के अवसर मिलेंगें। किसानों को भी अपना पैदावार बेचने के लिए सुविधा मिलेगी। कहा कि नगर पंचायत चुनाव के नामांकन कार्य के बीच भी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बैनामा का कार्य चलता रहेगा। इस अवसर पर कानूनगो, लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



तहसील सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम

## संक्षेप

### मीनू के अनुसार बच्चों को परोसें एमडीएमः एसडीएम

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने समस्त परिषदीय विद्यालयों/मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रभारियों एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत परोसा जाने वाला भोजन मीनू के अनुसार स्वच्छता का पालन करते हुए बच्चों को परोसने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कहा है कि बार-बार शिकायत मिल रही है कि बच्चों को मीनू के अनुसार अधिकांश विद्यालयों में दोपहर का भोजन नही दिया जा रहा है। सोमवार को मौसमी फल व बुधवार को उबला हुआ दूध नहीं दिया जा रहा है। यह घटना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने चेताया है कि जांच में अगर एमडीएम का भोजन मीनू के अनुसार नही मिला तो सम्बन्धितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक एवं असलहा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**बैरिया।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को बैरिया त्रिमुहानी से दो युवकों को अपाचे मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 60 यूए 2717 पर बैठकर दो युवक सुरेमनपुर की तरफ से बैरिया जा रहे है। वह कहीं किसी बड़ी घटना को अंजाम देंगे। मुखबीर की सूचना पर चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र व उनके सहयोगी बैरिया त्रिमुहानी पर मुस्तैद हो गए। कुछ ही देर में उक्त अपाचे मोटरसाइकिल और दोनों युवक आते दिखाई दिए। उनकी घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर सवार श्याम बिहारी यादव निवासी नवका टोला जयप्रकाश नगर के कमर में लोडेड तमंचा मिला। वही, दिलीप कुमार यादव निवासी जयप्रकाश नगर के कमर में भी लोडेड तमंचा मिला। मोटरसाइकिल का कागज मांगने पर वह नहीं दिखा सके।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलायी शपथ



**बलिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सदर बलिया की बैठक रविवार को गुरूद्वारा रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर हुई। इसमें सदस्यता अभियान के साथ ही तहसील इकाई का पुनर्गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र द्वारा शपथ दिलाया गया। इस दौरान आधा दर्जन पत्रकारों ने ग्रापए की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान श्याम प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष, राजू दुबे, सनंदन उपाध्याय, अमित कुमार पांडेय को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार द्विवेदी, दीपक तिवारी, संजय सिंह को महामंत्री, संतोष तिवारी, राजीव शंकर चतुर्वेदी को मंत्री, कृष्णकांत को कोषाध्यक्ष, हरिवंश कुमार को मीडिया प्रभारी तथा केपी चमन व संदीप कुमार गुप्ता को संरक्षक नियुक्त किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र ने सदर तहसील इकाई के सदस्यों को परिचय पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कृष्णकांत पाठक, नवीन कुमार गुप्ता, त्रयंबक पांडेय, मंजय सिंह, अभिषेक पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, नागेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शशिकांत मिश्र और संचालन नितेश पाठक ने किया।

### विद्युत पोल पर लगा डीपी खराब, उपभोक्ता परेशान

**बलिया।** सुखपुरा कस्बे के सुभाष रोड पर कामरेड स्व. शिवजी सिंह एडवोकेट के मकान के समीप विद्युत पोल पर लगाए गए डीपी के खराब होने के कारण एक दर्जन लोगों के घरों में पिछले चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। इसके कारण इन परिवारों का दैनिक दिनचर्या अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। इस संदर्भ में उपभोक्ता विप्लव सिंह ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों को बार-बार सूचना देने के बावजूद वह डीपी को दुरुस्त नहीं करते, बल्कि फोन पर ही पैसे का डिमांड करते हैं। उन्होंने इसकी शिकायत एसडीओ एवं जेई को भी कर दी है। बावजूद इसके खराब डीपी को ठीक नहीं किया गया। विद्युत अनापूर्ति से पीड़ित उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति आक्रोश है।

### बांसडीह में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बांसडीह।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को सुरक्षा की दृष्टि से कस्बे में पैदल चक्रमण किया और लोगों से बातचीत कर उन्हें शासन के निर्देशों से अवगत कराया। सदल-बल चक्रमण पर निकले कोतवाल योगेंद्र सिंह बड़ी बाजार, फुटानी चौक होते हुए अंबेडकर तिराहा आदि स्थानों पर पहुंचे। पुलिस ने कई स्थानों पर रुककर इलाकाई लोगों को भीड़ न लगाने की हिदायत दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर शासन के आदेश व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र में गश्त कर शांति व्यवस्था की समीक्षा की गई है। भीड़ वाली जगहों पर लोगों को अनावश्यक एकत्रित नही होने की हिदायत दी गई। साथ ही किसी भी स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिये प्रेरित किया गया। बताया कि पुलिस पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है। कस्बे में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। अफवाहों को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। वही, क्षेत्र के अराजक तत्वों पर भी पुलिस निगाह लगाई हुई है।

# अस्पतालों में स्टाफ नर्स या एएनएम करा रही प्रसव

**बैरिया।** सरकारी अस्पतालों में प्रसव बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी सुरक्षा योजना के तहत 1400 रुपए की प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ कई तरह के उपहार आदि की घोषणा की गई है, किंतु क्षेत्र के किसी भी सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्साधिकारी की तैनाती नहीं है। फलस्वरूप या तो स्टाफ नर्स प्रसव कराती हैं अथवा एएनएम। ऐसे में कभी-कभी जच्चा-बच्चा दोनों का जीवन संकट में पड़ जाता है। बावजूद इसके सरकार महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात तो दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी नहीं कर पा रही है।

उल्लेखनीय है सीएचसी सोनबरसा, सीएचसी जयप्रकाश नगर, सीएचसी रेवती व सीएचसी सोनवानी में काफी समय से महिला चिकित्साधिकारियों का पद रिक्त पड़ा हुआ है। अलबत्ता एक महिला आयुष चिकित्सा अधिकारी रेवती में तैनात जरूर है, जो सप्ताह में तीन दिन सोनबरसा और तीन दिन रेवती में महिला रोगियों का उपचार करती हैं। प्रसव से इनका कोई लेना-देना नहीं होता। ऐसे में सीएचसी पर स्टाफ नर्स ही प्रसव कराते हैं। फलस्वरूप जच्चा-बच्चा कभी-कभी खतरे में पड़ जाता है। इसी तरह दर्जनों सीएचसी और न्यू पीएचसी पर कोई महिला चिकित्साधिकारी तैनात नहीं की गई है। कुछ जगह तो चिकित्सा अधिकारी भी नहीं है। ऐसे में प्रसव का कार्य सरकारी अस्पतालों में कैसे हो? यह आम प्रश्न है। सरकारी अस्पतालों में संसाधनों का टोटा झोलाछाप चिकित्सकों व मानक विहीन नर्सिंग होम तथा निजी अस्पतालों के लिए पैसा कमाने का अवसर प्रदान कर रहा है। यहां सीधे-सादे ग्रामीणों का खूब दोहन होता है। सरकार संस्थागत प्रसव के लिए आशा बहू, आशा संगिनी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवतियों को सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन राशि निर्धारित किया है, किंतु सरकारी अस्पतालों में जब संसाधन ही नहीं है तो कैसे यहां प्रसव होगा? इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आग्रह किया है कि सीएचसी पर एमबीबीएस महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती करने के लिए उचित कार्यवाही करें।

**मनमानी**

### किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है महिला चिकित्सक की तैनाती

#### सीएमओ को दी गई है जानकारी

बैरिया। सीएचसी सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव से पूछा गया कि यहां एक महिला चिकित्साधिकारी की तैनाती हुई थी। वह कहां गई? तो उनका उत्तर था वह बिना किसी सूचना के यहां से चली गई है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जानकारी दे दी गई है।

# निकाय चुनाव : तैयारी पूरी, आज से शुरू होगा नामांकन

**चुनावी हलचल**

### नामांकन स्थल के आस-पास की गई बैरिकेडिंग

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन की तैयारी प्रशासन ने पूरी कर ली है। सोमवार से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नामांकन स्थल के आस-पास बैरिकेटिंग की गई है। साथ ही पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी है। जिले के दो नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों का चुनाव होना है। निकाय चुनाव में जिला प्रशासन की ओर से नामांकन कक्ष का निर्धारण किया गया है। जिले में दो नगर पालिका बलिया और रसड़ा है। नगर पंचायत बैरिया, बांसडीह, रेवती, सहतवार, मनियर, सिकंदरपुर, बिल्थरारोड, चितबड़ागांव, नगरा और रतसर कलां है। इस तरह अध्यक्ष पद की 12 एवं सभासद की 195 सीटों पर प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) सर्वेश यादव ने बताया कि बलिया सदर तहसील में नगर पालिका बलिया सहित नगर पंचायत चितबड़ागांव एवं रतसर कलां के अध्यक्ष और सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन करेंगे। बांसडीह तहसील में नपं रेवती, सहतवार, बांसडीह और मनियर के अध्यक्ष एवं सभासद पद के उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे। सिकंदरपुर तहसील में नगर पंचायत सिकंदरपुर, बिल्थरारोड तहसील में नगर पंचायत बिल्थरारोड और बैरिया तहसील में नपं बैरिया के उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे। इसके अलावा रसड़ा तहसील में नगर पालिका रसड़ा और नपं नगरा के अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिला करेंगे। जिले के 12 निकायों में तीन लाख 46 हजार 737 मतदाताओं में 186706 पुरुष मतदाता हैं, जबकि एक लाख 60 हजार 31 महिलाएं हैं।

### एएसपी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण



**बांसडीह।** स्थानीय तहसील में सोमवार से शुरू हो रहे निकाय चुनाव के नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था का एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। एएसपी ने कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ तहसील परिसर में बने नामांकन केंद्रों तक पंहुचने वाले मार्ग की सुरक्षा तथा किसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की जांच की। इस दौरान उन्होंने नामांकन के समय आने-जाने वालों की जांच एवं बरती जाने वाली सतर्कता को लेकर उचित दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही नामांकन के लिए प्रत्याशियों के साथ आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने का निर्देश दिया। एएसपी ने बताया कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के तय निर्देशों का अक्षरशः पालन कराने की तैयारी की जा रही है। किसी भी सूरत में लापरवाही अक्षम्य होगी।

### नामांकन स्थल पर होती रही तैयारी

**बांसडीह।** निकाय चुनाव के नामांकन को लेकर बांसडीह तहसील में रविवार को अवकाश के दिन भी तैयारी चलती रही। पूरे तहसील में बैरेकेडिंग कराई गई है। मुख्य प्रवेश द्वार से ही सभी प्रत्याशियों का आगमन होगा। प्रत्याशी अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन स्थल पर जा सकेंगे। बांसडीह तहसील में सोमवार से नपं बांसडीह, मनियर, सहतवार व रेवती के चार अध्यक्ष एवं 58 सभासद पद का नामांकन होगा। एसडीएम राजेश गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत बांसडीह के अध्यक्ष का नामांकन न्यायालय एसडीएम व सभासद का नामांकन कार्यालय कक्ष उपजिलाधिकारी में होगा। नपं मनियर के अध्यक्ष का नामांकन न्यायालय तहसीलदार (न्यायिक) व सभासद का कम्प्यूटर कक्ष में होगा। नगर पंचायत सहतवार के अध्यक्ष पद का नामांकन न्यायालय नायब तहसीलदार एवं सभासद पद का न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) में होगा। नगर पंचायत रेवती के अध्यक्ष पद का नामांकन न्यायालय तहसीलदार व सभासद पद का राजस्व लिपिक कक्ष में होगा। सभी पदों का नामांकन फार्म भी उसी कक्ष में मिलेगा। उधर, पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर पूरे दिन तहसील में अपनी तैयारी कर रहा था।

### निकाय चुनाव दमदारी से लड़ें कार्यकर्ता : अवलेश



**बलिया।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश महासचिव अवलेश सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पार्टी के सदस्यता कार्यक्रम और निकाय चुनाव पर मुख्य रूप से बल दिया गया। अवलेश सिंह ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि निकाय चुनाव 2024 के लोक सभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल है। ऐसे मे कार्यकर्ता निकाय चुनाव के लिए अपनी ताकत झोंक दे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारत भूषण प्रताप, सुधीर सिंह सोनू, पंकज कुमार सिंह, अवनीश सिंह, रोहित कुमार चौबे, सत्यम पांडे आदि मौजूद रहे।

### सपा से लक्ष्मण गुप्ता को मिला टिकट

**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया में अध्यक्ष पद के लिये समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही एक सूची के अनुसार सपा ने इस बार पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त को पार्टी का टिकट दिया है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र उत्तम पटेल ने रविवार को नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद के लिये लक्ष्मण गुप्ता के नाम की घोषणा की है। सपा से लक्ष्मण गुप्ता को टिकट मिलते ही राजनीति खेमें में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# दो बार जेल गये सेनानी पं. वृंदावन

**स्मृति दिवस पर विशेष**

### 1975 में आपातकाल को भी दी थी चुनौती

जनसंदेश न्यूज


**बलिया।** कभी-कभार ऐतिहासिक अतीत को जिंदा करना अपरिहार्य हो जाता है। ऐसे ही स्वर्णिम अतीत है सेनानी पं. वृंदावन मिश्र। इनक अवतरण से लेकर अवसान तक का सफर राष्ट्रीय थाती के रूप में सहेजना समय की मांग है। शिवपुर दियर में जन्मे एवं सोबईबांध में जीवन गुजारने वाले सेनानी पं. वृंदावन मिश्र की राष्ट्रभक्ति तथा देशप्रेम की भावना की अग्निपरीक्षा 1921 के सविनय अवज्ञा आंदोलन से लेकर आजादी के दिन तक निरंतर देखने को मिली।

अंग्रेजी हुकूमत की कारगुजारियों ने सदैव सेनानी पं. वृंदावन मिश्र को झंकझोरा। वह हर स्तर पर ब्रितानी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहे। उनकी राष्ट्रीयता से चिंतित तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था के कारण 1921 तथा 1930 में दो बार जेल की सजा काटनी पड़ी।

1916 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद सेनानी पं. वृंदावन मिश्र बाल गंगाधर तिलक के संपर्क में आ गये। यही प्रमुख कारण था कि जब सेनानी पं. वृंदावन मिश्र ने राष्ट्रप्रेम की साधना के सहारे जीवन के सामाजिक यथार्थ को राजनैतिक अंदाज में सींचा-संवारा।

लोकतंत्र सेनानी एवं सेनानी के पुत्र द्विजेन्द्र कुमार मिश्र कहते है कि पिता के वैचारिक विरासत की निरंतरता बनाये रखना राष्ट्र की जरूरत है। कौन जानता था कि शिवपुर दीयर स्थित मिश्र चक टोला में अवतरित वृंदावन एक दिन बागी बलिया की थाती प्रमाणित होंगे। वह आजादी के तत्कालीन दीवानों की दीवानगी से ओत-प्रोत होकर राष्ट्रीयता की लहराती अमरलता को फहराने के लिए अर्थदंड तथा जेल जाने को सहर्ष तैयार रहेंगे। सेनानी पं. वृंदावन मिश्र को सिर्फ आजाद भारत तक सीमित रखना एवं सुक्ष्यम सीमांकन करना उनके दूरदर्शी मूल्य तथा प्रासंगिकता को छोटा करना है। उन्होंने 1975 के आपातकाल को भी चुनौती दी। आजादी के बाद अपनी ससुराल सोबईबांध के नागरिक होकर जिला पंचायत सदस्य बने।

साथ ही शिक्षा विभाग के अध्यक्ष की कुर्सी के सहारे शिक्षा जगत को भी आलोकित किया।



### स्मृति दिवस आज

बलिया। सोबईबांध स्थित वृंदावन शिक्षण संस्थान परिसर में स्थित प्रतिमा स्थल पर 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे से सेनानी पं. वृंदावन मिश्र स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी लोकतंत्र सेनानी शुभ्रांशु शेखर पांडेय, शिवशरण तिवारी एवं संतोष कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से देते हुए जनपदवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

# बैठे-बैठे अधिकारी देखेंगे यात्रियों का रिकार्ड

**सुविधा**

### यात्रियों का सारा रिकार्ड होगा ऑनलाइन, होगी सुविधा

**बलिया।** परिवहन निगम की बसों में अब एक पारदर्शी व्यवस्था लागू हो गई है। रोडवेज बसों में यात्रियों को जो टिकट दिए जा रहे हैं, वह सब आनलाइन हैं।

ईटीआईएम (इलेक्ट्रनिक टिकट इंटेलिजेंस मशीन) इंटरनेट से कनेक्ट है। अधिकारी कहीं से बैठकर बस नंबर के आधार पर पता कर सकते हैं कि कौन सी बस में कितने यात्री सवार हैं। कितने यात्री कहां से सवार हुए हैं। परिवहन निगम की बसों में पहले मैनुअल टिकट की व्यवस्था थी। परिचालक अपने हाथ से काटकर टिकट देते थे।

बस में कितने यात्रियों ने सफर किया, कौन से स्टैंड से कितने यात्री सवार हुए। यह सब परिचालक नोट करता था। अधिकारियों को इसकी जानकारी तब होती थी, जब बस स्टैंड पर पहुंचती और परिचालक यात्रियों के हिसाब से धनराशि जमा करता था। वर्ष 2009 में माईक्रो एफएक्स कनेक्ट है। कंपनी की ईटीआईएम लागू हुई, लेकिन इसमें यात्रियों का रिकार्ड आनलाइन नहीं था।

जब यह मशीन कंप्यूटर से कनेक्ट की जाती थी, तभी पूरा रिकार्ड निकलकर सामने आता था। वर्ष 2014 में इसका अपडेट वर्जन ट्राईमैक्स कंपनी ने दिया। इसमें कुछ नए फंक्शन थे। अब तक यह मशीन परिचालक चला रहे थे, लेकिन अब इसका नया वर्जन ओरियन प्रो कंपनी ने दिया है। इस मशीन का नाम ईटीआईएम ही है, लेकिन अब यह सीधे इंटरनेट से कनेक्ट है। टिकट काटते ही रिकार्ड आनलाइन हो जाता है। अब अधिकारी आफिस से बैठे-बैठे यह पता कर सकते हैं कि बलिया से लखनऊ या कानपुर या फिर दूसरे शहर के लिए कितने यात्री सवार हुए और कितने यात्री कौन से स्टैंड पर उतरे। वहां से कितने सवार हुए। बस के वापस आने से पहले उसका सारा रिकार्ड आनलाइन हो जाता है। अब इससे परिचालक निगम के अधिकारियों को धोखा नहीं दे सकते।

### बस का लोकेशन पता लगा सकते हैं अधिकारी

**बलिया।** एआरएम उमाकांत मिश्रा ने बताया कि अब रोडवेज बसों में केवल यात्रियों का रिकार्ड ही आनलाइन नहीं रहेगा। अब अधिकारी यह भी पता कर सकते हैं कि रोडवेज बस कहां पहुंच चुकी है। कौन से स्टेशन पर और कितने समय में बलिया पहुंच जाएगी। रोडवेज बसों में अब यात्रियों को ईटीआईएम से टिकट दिए जा रहे हैं। इसका सारा रिकार्ड आनलाइन होता है। कोई भी अधिकारी कहीं से भी यह पता कर सकते हैं कि बस में कितने यात्री हैं, कितने टिकट कहां से बनाए गए।

# लोगों को गुरु, ग्रंथ व गोविंद के नजदीक आना होगा

**दुबहर।** संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य कोसलेश सदन पीठाधीश्वर जगद्गुरु वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर स्वामी महाराज ने त्रिदंडी देव धाम नगवां पर एक सप्ताह तक चले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर डॉ. जय गणेश चौबे को श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य की पदवी से विभूषित किया। इस उपाधि के बाद डॉ. जय गणेश चौबे को जगतगुरु रामानुजाचार्य डा. जयकांताचार्य स्वामी की महाराज के नाम से जाना जाएगा।

अपने आवास पर शनिवार को जगतगुरू की पदवी से अलंकृत होने के बाद डा. जय गणेश चौबे ने पत्रकारों को बताया कि आज कल गुरु, ग्रंथ और गोविंद से दूरी के कारण ही समाज में सभी विकृतियां उत्पन्न हुई हैं। समाज के लोगों को गुरु, ग्रंथ और गोविंद के नजदीक आना होगा, तभी मानव जाति का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म आ जाए तो राजनीति का बिगड़ा स्वरूप अच्छा हो जाता है, लेकिन अगर धर्म में राजनीति आ जाए तो धर्म का मूल स्वरुप बिगड़ने लगता है। उन्होंने सभी सनातनियों को धर्म के पथ पर चलते रहने की सलाह दी। जगतगुरू डा. जयकांताचार्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। संस्कार, संस्कृति व सभ्यता की रक्षा करना जगतगुरु का धर्म है। कहा कि जगतगुरू का दायित्व मिलने पर सनातन धर्म के उत्थान के लिए प्रत्येक क्षण चिंतन व मनन करता रहूंगा। सनातन धर्म को कहीं भी ग्लानि या हानि होती है तो अगर मुझे किसी माध्यम से भी सूचना मिलेगी तो मै किसी के बुलाने का इंतजार नहीं करुंगा। उस स्थान पर पहुंचकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए लोगों के अंदर जो भी भ्रांतियां होंगी, उसको दूर करके सनातन धर्म को स्थापित करने में अपने दायित्वों का निर्वहन करुंगा। अंत में उन्होंने अपने गुरु विद्या भास्कर स्वामी जी महाराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो भी दायित्व मिला है, उसका पूरी निष्ठा व लगन पूर्वक निर्वहन करता रहूंगा। मौके पर चंद्रप्रकाश, तारकेश्वर, गिरधर पाठक, हरेराम पाठक, रामजी पाठक, जगेश्वर मितवा, हरिशंकर पाठक, अनिल पाठक, केदारनाथ, दिनेश, बबुआ पाठक, घुरा गोंड आदि मौजूद रहे।

**बोले डॉ. जयगणेश चौबे**

### सभी सनातनियों को दी धर्म के पथ पर चलते रहने की सलाह

## संक्षेप

### रोहिंग्या मामले में दो आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**बलिया।** जनपद के चंद व्यक्तियों के सहयोग से गलत व फर्जी दस्तावेज बनवाकर रह रहे रोहिंग्या व बंग्लादेशी आरोपितों के मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) महेश चंद्र वर्मा की अदालत ने शनिवार की देर शाम दो आरोपितों की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दी है। उल्लेखनीय हैं कि कोतवाली थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 134/2023 में शनिवार को विशेष न्यायाधीश श्री वर्मा के न्यायालय में उमरगंज निवासी निसार अहमद व विशुनीपुर निवासी सैद अली के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। उसी वक्त अभियोजन पक्ष से विवेचक द्वारा आपराधिक इतिहास अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। बचाव पक्ष की ओर से भी दलीलें पेश की गई। समस्त तथ्यों व कागजातों के अवलोकन करने के उपरांत विशेष अदालत ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दी है। अभियोजन के अनुसार एटीएस मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश के निर्देशन में वाराणसी की एटीएस टीम व एसएचओ कोतवाली बलिया ने 14 मार्च 2023 को उमरगंज और विशुनीपुर मुहल्ले में छापेमारी की थी और मो. अरमान उर्फ अबूतल्हा तथा अब्दुल अमीन नामक रोहिंग्या बंग्लादेशी आरोपितों को फर्जी दस्तावेज बनवाकर रहने के कारण गिरफ्तार किया गया था। इसमें कुछ स्थानीय लोग भी आरोपितों की मदद कर रहे थे। उसी मामले में दो आरोपितों की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय ने खारिज कर दी है।

### शॉर्ट-सर्किट से मोबाइल की दुकान जलकर खाक

**रसड़ा।** स्थानीय कस्बा के हॉस्पिटल रोड स्थित गुप्ता कटरा के अंदर शनिवार की रात शॉर्ट सर्किट से लगी में मोबाइल की दुकान में लाखों के मोबाइल तथा उसके उपकरण जलकर राख हो गये। पीड़िता ने इसकी तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है, पुलिस छानबीन में जुट गयी। कस्बा हॉस्पिटल रोड निवासी रवि गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता शनिवार को अपने मोबाइल की दुकान बंद कर घर के अंदर सोने चले गए। शनिवार की आधी रात को दुकान में विद्युत से शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग पकड़ लिया आग इतना तेज लपटों में दुकान को चपेट में ले लिया, देखते ही देखते दुकान धूं-धूं करके जलने लगा, किसी तरह आस-पास तथा अग्निशमन की मौके पर पहुंची गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन रवि गुप्ता की दुकान में रखी लगभग 10 लाख रुपए के मोबाइल सहित मोबाइल उपकरण आदि जलकर खाक हो गयी। रवि गुप्ता ने शॉर्ट सर्किट से लगी आग की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दिया है पुलिस छानबीन में लग गयी है।

### 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम शहरोज रामनाथ यादव पुत्र स्व चन्द्रबली ने अपने भाई व उसके परिवार के सदस्यों सहित 6 लोगों के खिलाफ गालियां देने लाठी डंडों से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नामजद मुकदमा कायम कराया है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल सायं 6 बजे रामनाथ यादव भैंस चराकर घर आए। तथा घर के पास खड़े अपने भतीजे सुमित से पूछे कि तुम्हारी मां ने मेरे लड़के को क्यों मारा। इसी बात पर भाई अमरनाथ, उसकी पत्नी बुच्ची देवी, लड़का अमित, सुमित, लड़की अंजली व एक अन्य व्यक्ति ने गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर रामनाथ, पत्नी मीरा, पुत्र शैलेष व पुत्री रुपाली को मारपीट कर घायल कर दिये।

## संक्षेप

### सर्व आत्माओं के पिता हैं ज्योतिबिंदु परमात्मा शिव : दीदी



**मऊ।** अलविदा तनाव शिविर के चैथे दिन पंडाल में अनेक सुंदर दृश्य नजर आए। ब्रह्माकुमारीज के क्षेत्रीय निर्देशिका बीके सुरेंद्र दीदी के पावन सानिध्य और स्थानीय प्रभारी बीके विमला दीदी के नेतृत्व में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर के तहत चैथे दिन आयोजित आनंद उत्सव में जहां एक ओर लोगों को पूनम दीदी ने परमपिता परमात्मा शिव की यथार्थ पहचान कराई वहीं मन को आनंदित करने वाले अनेक प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति कर पुरी सभा को झूमने के लिए विवश कर दिया। स्वयं की पहचान के बाद सर्व मनुष्य आत्माओं के पिता परमात्मा शिव एवं उनसे होने वाली प्राप्तियों का वर्णन करते हुए दीदी ने सभा में संस्था के स्वयंसेवकों द्वारा गुलाबासी एवं पुष्पों की वर्षा कराई। कार्यक्रम के अंत में बजाएं गए सुंदर एवं प्रेरणादायक गीत खुश हो के गा रहा है अब ए जहान सारा, अपना परमपिता शिव कितना है प्यारा प्यारा, आज आनंद का दिन आया रे, सबका मालिक एक है फिर क्यूं, बंटा हुआ संसार है, सच पूछो तो सारी दुनिया अपना ही परिवार है, आदि पर पूरी सभा निर्मल श्रद्धावत भक्ति भावों में झूमने को मजबूर हुई। कुमारी समृद्धि एवं शिवांगी की सुंदर प्रस्तुति के साथ आरंभ यह कार्यक्रम का स्थानीय विशिष्ट जन्म पूर्वा जनपद न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह, ब्रह्मा कुमारीज मऊ के वरिष्ठ एवं पारिवारिक सदस्य शिव रतन चक्रवात, रामभवन मौर्य, स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलम सर्राफ, किरण कृष्ण बरनवाल, डा जीएल केसरवानी, विजय शंकर तिवारी, संजय कुमार त्रिपाठी आदि ने दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक राजयोगी दीपेंद्र वरिष्ठ एवं सदस्यगण बीके पंकज, बलरामपुर के बीके रणधीर एवं माउंट आबू से पधारे हुए वरिष्ठ राजयोगी बीके अमरजीत, श्रीराम, वीरेंद्र, रामसरिक, रामकृष्ण के साथ विभिन्न जिलों से आई हुई संस्था के प्रभारी बहने बीके भारती, शशि, अमिता, निर्मला, निशा एवं स्थानीय अनेक प्रबुद्ध जनों की उत्साहजनक उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बी के तापोसी बहन ने तो व्यवस्थापन बनारस के बीके संदीप, गंगाधर, राजू, सूरज स्थानीय ब्रह्माकुमारी बहनें रीता, पूजा, आरती, पूनम, सोनी आदि ने किया।

# तीसरी आंख की निगरानी में नगरीय निकाय चुनाव हेतु नामांकन आज से

**प्रेसवार्ता**

### जनपद के 11 नगरीय निकायों हेतु होगा नामांकन

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 09 अप्रैल को नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है। जिसके क्रम में रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी रविवार को अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है। जनपद में निर्वाचन की प्रक्रिया द्वितीय चरण में प्रारम्भ होगी। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए एडीएम ने बताया कि जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों (01 नगर पालिका परिषद, 10 नगर पंचायत) में निर्वाचन कराया जाना है।

रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सार्वजनिक सूचना 17 अप्रैल को निर्गत की जायेगी। नाम निर्देशन पत्रों की ब्रिकी एवं जमा करने की तिथि 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक सम्पादित की जायेगी। नगर पालिका परिषद, मऊनाथ भंजन के अध्यक्ष पद एवं समस्त वार्डो का नामांकन कलेक्ट्रेट परिसर में चिन्हित विभिन्न कक्षों तथा सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष/सदस्य पद हेतु नामांकन संबंधित तहसील के चिन्हित कक्षो में सम्पादित किया जाएगा। बताया कि नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न करायी जायेगी।

शान्ति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित तहसील के उप जिला मजिस्ट्रेट नोडल अधिकारी बनाए गये है। नगर मजिस्ट्रेट कलेक्ट्रेट परिसर में शान्ति एवं व्यवस्था बनाए रखने के नोडल अधिकारी होगे।

इस दौरान नगरीय निकाय निर्वाचन सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कुल 42 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 15 जोनल मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। नगरीय निकाय निर्वाचन सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर दी गयी है जिसका दूरभाष नम्बर 0547-2220595 है। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 25 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न होगी।

27 अप्रैल को नाम वापसी की जायेगी। प्रतीक आवंटन 28 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न होगा। मतदान 11 मई को 07 बजे से अपरान्ह 06 बजे तक होगा। आगे बताया कि मतगणना 13 मई को पूर्वान्ह 08 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न होगी।

जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों में 196 वार्डों में कुल 176 मतदान केन्द्र व 607 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 5,23,900 है। सर्वाधिक मतदाता नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन में 295437 एवं सबसे कम मतदाता नगर पंचायत दोहरीघाट 9389 है। मतदान केन्द्र एवं मतदेय स्थल नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन में क्रमशः 95 एवं 342 है।

# शांति सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश की तो होगी कड़ी कार्रवाई : सीओ



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय नगर के मुख्य बाजार में रविवार को पुलिस प्रशासन ने संभ्रांत नागरिकों एवं नगर पंचायत के प्रत्याशियों के साथ एक बैठक किया जिसमें सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील किया। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद एवं उनके भाई को पुलिस कस्टडी में अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई है जिससे कि पूरी तरह से शांति सौहार्द कायम रहे। साथ ही साथ पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में पूरी तरह से शांति सौहार्द बनी रहे। इस के लिए पूरी तरह से सावधानी बरतें।

इसी अनुपालन में मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय विक्रम सिंह एवं कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी ने नगर के मुख्य बाजार में पहुंचकर प्रत्याशियों एवं प्रतिष्ठजनों के साथ बैठक किया। आगामी नगर निकाय चुनाव में आचार संहिता का अनुपालन कराने एवं शांति ब्यवस्था को कायम रखने का अनुरोध किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने प्रत्याशियों से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का जो भी गाइडलाइन जारी हुई है उसका आप सभी लोग शत-प्रतिशत अनुपालन करें। कोई भी प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का कोई आपत्तिजनक पोस्ट ना डालें जिससे कि किसी की भावनाएं हताहत हों। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू हुई है आप सभी लोग इसका ध्यान जरूर रखें। ज्यादा भीड़ भाड़ जुटाकर एक साथ ना बैठे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें। यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें जिससे कि समय रहते हो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मौके पर स्थानीय कस्बा चौकी प्रभारी आदर्श श्रीवास्तव, अजय यादव, प्रदीप मिश्रा, पूर्व सदस्य जिपं वसी अहमद, बसपा नेता प्रेमचंद गुप्ता, समाजसेवी मोहम्मद आरिफ अंसारी, पूर्व प्रधान अनवार अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# बहादुरपुर पत्तनई अंडर पास को लेकर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीघाट रेलेव स्टेशन के पास दर्जनो गांवों को जोड़ने वाली रेलेव क्रासिंग पास को रेल प्रशासन द्वारा बन्द कर दिये जाने को लेकर दिल्ली एम्स दिव्यांग फेडरेशन के अध्यक्ष संतदेव चौहान के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल रेलवे बोर्ड के चेयरमैन पीएस व और चीफ आफिसर को ज्ञापन सौंपा तथा अंडर पास की मांग की उक्त पत्रक पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने अंडर पास बनवाने का आश्वासन दिया। इस बाबत पर संतदेव चैहान ने कहा कि आमान परिवर्तन होते ही दोहरीघाट जोड़ने वाली बहादुरपुर पत्तनई रेलवे क्रासिंग मार्ग को को बन्द कर दिया गया इसके बन्द हो जाने से बहादुर पत्तनई बीबीपुर सरया ठाकुरगांव हेडकैनाल समेत दर्जनों गांव प्रभावित हो गये है अतः अंडरपास ही एक मात्र विकल्प है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद पूर्वांचल के अध्यक्ष सादिर खान वारसी ने कहा कि क्रासिंग ढाला बन्द कर दिये जाने से लोग गांव से पलायन को मजबूर हो गये अगर अंडर पास नही बना तो इन गांव के लोग कहा जायेंगे एक सौ मीटर का रास्ता तय करने के लिये 5 किमी का रास्ता तय करना पड़ता है इस बाबत पर रेलेव बोर्ड के चेयरमैन ने आश्वासन देते हुए कहा कि गांव का ख्याल किया जायेगा तथा आप लोग आश्वस्त रहिये।



# इफ्तार में गंगा-जमुनी तहजीब के लिए उठे हाथ

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** तहसील अन्तर्गत करहां बाजार में स्थित प्रसिद्ध जामा मस्जिद-ए-शायरा में 23वें रोजा पर कौमी एकता की मिशाल पेश करती हुई एक बड़ी इफ्तार दावत आयोजित हुई। इसमें आसपास और दूरदराज के रोजेदार एवं सर्वसमाज के लोगों ने हिस्सा लिया तथा अपनी गंगा-जमुनी तहजीब की सलामती के लिए दुआ में हाथ उठाये।



बताते चलें कि करहां की धरती बाबा घनश्याम साहब एवं शमीम करहानी की वह पावन सरजमीं है जहां पुराने समय से लेकर आज तक सभी समाज के लोग मिल जुलकर रहते आये हैं। बीते हुए समय में विभिन्न कारणों से देश, प्रदेश एवं जिला मुख्यालय में कई बार सामाजिक सौहार्द बिगड़ा लेकिन यहां के लोग इससे अछूते रहे। इसी तरह की मिशाल आज शायरा मस्जिद की सहन में आयोजित इफ्तार पार्टी में देखने को मिली। जब लगभग 600 के करीब रोजेदारों सहित सर्व समाज के लोगों ने मिलकर इफ़्तार का आनंद लिया तथा एक बार फिर करहां की इसी सामाजिक एकता को आईन्दा भी कायम रखने के प्रति एकजुट दिखे। पाक रमजान का महीना खैरोबरकत का है जिसमें अल्लाह की रहमत रात और दिन बरसती रहती है।

इस माह में जो सख्श रोजेदार को एक खजूर या एक घूंट पानी पिलाये अल्लाह उसकी मगफिरत कर देता है और वह जहन्नम से दूर और जन्नत के करीब हो जाता है। इसी मकसद से आज बाजार के युवा व्यवसायियों अशरफ कमाल, एखलाक अहमद, फरोग आलम, मोहम्मद जाहिद, माहताब आलम, किशन गुप्ता, अबू सहमा, शुभम मद्धेशिया, इरशाद अहमद आदि ने मिलकर मौलाना हाजी इनामुलहक साहब की सरफरस्ती में इस दावत का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोंगो के साथ माहपुर, चिरैयाकोट, मुहम्मदाबाद गोहना, खैराबाद, जहानागंज, अतरारी आदि जगहों से रोजेदार एवं सभी समाज के व्यवसायी, पत्रकार, चिकित्सक, अध्यापक, खिलाड़ी, समाजसेवी, किसान एवं छात्रों ने भाग लिया। दावत में प्रमुख रूप से हाजी अब्दुल गफ्फार, शहजादे खां, संजय राय, मौलाना डॉ. अजीमुल्लाह, डॉ. राजू, रविभूषण सिंह, आरिफ खां, बालेन्द्र सिंह, सैयद हसन आरिफ, रवि पासी आदि ने हिस्सा लिया।

# उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम : विधायक

चुनाव

### नगर पालिका गाजीपुर चुनाव को लेकर सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद गाजीपुर के अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी दिनेश कुमार यादव ने रविवार को रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम सदर के कक्ष में चार सेट में अपना पर्चा दाखिल किया। प्रस्तावक के रूप में अरुण कुमार श्रीवास्तव, आमिर अली, डॉ समीर सिंह और अभिनव सिंह रहे।

विधायक जै किशन साहू ने कहा कि इस बार नगर पालिका परिषद के चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम फहरेगा। उन्होंने कहा कि नगर की जनता भाजपा से ऊब चुकी है। वह परिवर्तन के मूड में हैं। इस बार नगर में परिवर्तन की बयार चल रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज प्रदेश में नहीं रह गई है। प्रदेश की जनता खौफ के साये में जी रही है। होने वाले नगर निकाय के चुनाव में पराजित कर प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। सपा प्रत्याशी दिनेश यादव ने नामांकन के बाद कहा कि 25 वर्षों से नगरपालिका परिषद गाजीपुर पर भाजपा का कब्जा है लेकिन शहर गाजीपुर जहां 25 वर्षों पहले था वहीं आज भी बना हुआ है। 25 वर्षों में शहर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। नामांकन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, नन्हकू यादव, अशोक कुमार बिंद, अरुण कुमार श्रीवास्तव, तहसीन अहमद, अशोक अग्रहरि, सिकंदर कन्नौजिया, राकेश यादव, बचनू यादव, नफीसा बेगम, आत्मा यादव, फिरोज जमाल, आरिफ खान आदि उपस्थित थे।



रिटर्निंग आफिसर प्रतिमा मिश्रा को नामांकन पर्चा देते सपा प्रत्याशी दिनेश सिंह यादव।



रिटर्निंग आफिसर को नामांकन पर्चा देते कांग्रेस प्रत्याशी हामिद अली।



नामांकन पर्चा दाखिल करती निर्दलीय प्रत्याशी रूकसाना परवीन।

### कांग्रेस नगर निकाय चुनाव में करेगी बेहतरीन प्रदर्शन

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में कॉग्रेस पार्टी के दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पालिका परिषद गाजीपुर से हामिद अली ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। वहीं नगर पंचायत जंगीपुर से महबूब निशा ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। दोनों प्रत्याशियों ने जनता के हक की लड़ाई के साथ नगर के विकास और साफ सफाई का वायदा किया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नगर निकाय चुनावों में इस बार बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है। जिला प्रभारी राहुल राजभर ने बताया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी अपने दम पर शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर दमदार प्रदर्शन करने जा रही है। हमने जनता के बीच से जनता के हक के लिए लड़ने वालों को टिकट दिया है। इस अवसर पर संदीप विश्वकर्मा, रवि कांत राय, डॉ मार्कंडेय सिंह, शफीक अहमद, लाल साहब यादव, अजय कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष गुप्ता, मनीष राय,उषा चतुर्वेदी, सुधांशु त्रिवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रूकसाना परवीन ने आफिसर को नामांकन पर्चा दाखिल किया।

### बसपा प्रत्याशी कबीर खां ने किया नामांकन



सेवराई तहसील में नामांकन पत्र जमा करते बसपा प्रत्याशी कबीर खां।

**सेवराई।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत दिलदारनगर के चुनाव को लेकर कराए जा रहे नामांकन के छठवें दिन रविवार को अध्यक्ष पद के लिए बसपा प्रत्याशी कबीर खां सहित कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया। अब तक नगर पंचायत दिलदारनगर के अध्यक्ष पद के लिए कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा कर चुके है। जिसमें बसपा से कबीर खां,निर्दल प्रत्याशियों के रूप में अमित जायसवाल, गोपाल, दीपक , सीताराम , मोहम्मद रमीज राजा, अनिल कुमार जायसवाल व मु. अलीशेर राइनी ने नामांकन पत्र जमा कर चुके है। वही सभासद पद के लिए रविवार को 10 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया। अब तक कुल 26 सभासद पद के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया । समाजवादी पार्टी और भाजपा के प्रत्याशियों का ऐलान हो जाने के बाद नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को नामांकन पत्र जमा किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया को लेकर तहसील परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। वही तहसील मुख्यालय आने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग करके चार पहिया वाहनों के आने-जाने पर रोक लगा दिया गया था। नगर पंचायत दिलदारनगर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर व उपजिलाधकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन सहित अबतक कुल 8 नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं, वही सभासद पद के लिए रविवार को 10 नामांकन पत्र जमा किया गया। इस तरह अब तक कुल 26 सभासद पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं।

### प्रत्याशियों ने चहुंमुखी विकास का किया वादा

**सैदपुर।** नगर निकाय चुनाव नामांकन के आखिरी दिनों में जाकर सैदपुर में रंग पकड़ता दिखाई दे रहा है। नामांकन की तारीख खत्म होने के एक दिन पूर्व अध्यक्ष पद के लिए महज तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जिसमें एक निर्दल प्रत्याशी है व शेष दो में कांग्रेस व लोकवाणी पार्टी की प्रत्याशी हैं। रविवार की लोकवाणी पार्टी की प्रत्याशी के रूप में वार्ड 2 की नगदी देवी पत्नी विंध्याचल अपना दो सेट में नामांकन पत्र लेकर सुबह नामांकन करने पहुंचीं। नामांकन के बाद रवाना हो गईं। इसके बाद कांग्रेस की प्रत्याशी पुष्पा सोनकर पत्नी लालजी सोनकर अपने प्रस्तावक के साथ पहुंचीं और एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके पीछे ही निर्दल प्रत्याशी के रूप में वार्ड-2 की सुरमिला देवी पत्नी अरविंद सोनकर नामांकन के लिए प्रस्तावक के साथ पहुंचीं और 2 सेट में नामांकन किया। नामांकन के पश्चात तीनों प्रत्याशियों ने कहा कि उनका लक्ष्य नगर का चहुंमुखी विकास करना है। चुनाव जीतने के बाद नगर में सफाई, बिजली, सड़क आदि को दुरुस्त करना प्रमुख मुद्दा रहेगा। इसके अलावा नगर की प्रमुख समस्या बंदरों के आतंक से नगर को निजात दिलाना हमारे लिए अहम चुनौती होगी। मौके पर वीरेंद्र चौबे, श्रीप्रकाश पांडेय, लालजी सोनकर, राघवेंद्र कुमार, हर्ष पांडेय आदि रहे।

## मुस्लिम इलाकों में पुलिस ने किया रूटमार्च



सादात में रूट मार्च करती पुलिस।

**सादात।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में हुई हत्या के बाद स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में खासतौर पर मुस्लिम बाहुल्य इलाके में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

एसओ शैलेष कुमार मिश्रा के साथ ही तीन दरोगा के नेतृत्व में पीएसी जवानों ने मुस्लिम बाहुल्य इलाके में पुलिस संग फ्लैग मार्च किया। वहीं कुछेक जगहों पर फोर्स की स्थायी रूप से तैनाती की गयी है।

अलर्ट

**माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद विभिन्न मुस्लिम इलाको में पुलिस प्रशासन अलर्ट**

## नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

### डीएम और एसपी ने मतदान केंद्रो का लिया जायजा



नगरीय निकाय चुनाव का जायजा लेती डीएम आर्यका अखौरी व एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये को लेकर डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह ने भारी पुलिस फोर्स दल के साथ विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रो का स्थलीय निरीक्षण किया एवं मतदान केन्द्रो का जायजा लिया। जिले के उच्चाधिकारियों ने रविवार को नगर पंचायत बहादुरगंज एंव नगर पालिका जमांनियां का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने नगर पंचायत बहादुरगंज के शहरी क्षेत्र का पैदल गस्त किया। वहीं मतदान केन्द्र फिजा मेरी सिटी इंगलिश स्कूल का निरीक्षण करते हुए चुनाव सम्बन्धित व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों से आचार संहिता का पालन करने एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। तत्पश्चात उन्होंने नगर पालिका जमानियां तहसील में बनाए गए नामांकन स्थल का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाएँ देखी एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उपजिलाधिकारी जमानियां, तहसीलदार जमानियां व कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी जमानियां व कासिमाबाद, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अध्यक्ष पद के लिए सुमन ने किया नामांकन



सादात नगर पंचायत में नामांकन के दौरान प्रत्याशी सुमन यादव।

**सादात।** नगर पंचायत सादात से अध्यक्ष पद के लिये रविवार को एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल किया गया। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार सुमन यादव ने समर्थकों संग तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना पर्चा भरा। उनके साथ सपा नेता गरीब राम, विनय यादव पिन्टू, हरेन्द्र यादव, अंकित बर्नवाल, हंसराज गुप्ता, रंगीला यादव, रामप्रवेश गोड़, ऋषिकेश कुशवाहा, अवधेश यादव, अमलेश, रामनिवास राजद्रोही आदि रहे। वहीं सभासद पद हेतु आठ प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि तीन लोगों ने फार्म खरीदा। गौरतलब है कि सुमन यादव वर्ष 2017 के चुनाव में भी समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार रहीं। वह भाजपा की प्रमिला यादव से महज 196 वोट के अंतर से हार गयी। उस बार के चुनाव में सुमन को 2035 और प्रमिला को 2231 वोट मिला था। देखना यह है कि इस बार चुनाव में क्या होता है।

## संक्षेप

### खाली प्लाट बना कूड़ादान, संक्रामक बीमारी का भय

**गाजीपुर।** नगर से सटी फतेहपुर सिकंदर ग्राम पंचायत की आवासीय बस्तियों में खाली प्लाटों में भरा पानी संक्रामक रोगों को दावत दे रहा है। गलियों में भरे पानी के कारण राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। महंगे सरकारी सर्किल रेट देकर प्लाट का बैनामा कराने वाले लोग यहां विकास न होने से परेशान हैं। क्षेत्रीय लोगों ने खाली प्लाटों एवं गलियों में जलभराव से निजात की मांग की है। नगर से सटी ग्राम पंचायत फतेहपुर सिकंदर में लोगों ने जल्द विकास की उम्मीद संजोकर महंगे सर्किल रेट पर प्लाट खरीदकर मकान बनवाए। लगभग दो दशकों से यहां पर आलीशान मकानों का निर्माण बदस्तूर जारी है। कई कालोनियां यहां बस भी गईं। सैकड़ों की संख्या में बने मकानों में लोग रहने भी लगे हैं, लेकिन गलियों का निर्माण सिर्फ वहीं पर हुआ, जहां रहने वालों की अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पकड़ है। इसके अलावा अधिकतर गलियां अभी भी ऊबड़-खाबड़ हैं। अधिकतर गलियां अभी बनने की बाट जोह रहीं हैं। जलनिकासी के इंतजाम न होने के कारण गलियों और खाली प्लाटों में पानी भरा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदा पानी प्लाटों में भरा होने के कारण प्रत्येक वर्ष लोग संक्रामक रोगों से जूझते हैं। इस बार भी संक्रामक रोगों के पैर पसारने की संभावना से लोग परेशान हैं। बता दें कि जलभराव के कारण डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों के फैलने की संभावना रहती है।

### अतिक्रमणकारियों के चंगुल में तालाब-पोखरा

**गाजीपुर।** अतिक्रमण के चलते क्षेत्र के तालाब और पोखरों का वजूद खत्म होता जा रहा है। जलाशयों पर अवैध सिलसिला बदस्तूर जारी है। पहले तालाब के किनारे झोपड़ी डाली जाती है। बाद में पाटकर कब्जा जमा लिया जा रहा है। कूड़ा- कचरा जलाशयों को पाटने के काम आ रहा है। भू-माफियाओं के आगे यहां जल संरक्षण के दावे तार-तार होते नजर आ रहे हैं। जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण होने बारिश के पानी का संचय नहीं हो पा रहा है। जलस्तर काफी घट रहा है। जानवरों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सदर ब्लाक के फुल्लनपुर गांव में स्थित तालाब के किनारे अवैध कब्जा जमा लिए गए हैं। लोग अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा तालाब में फेंक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का यह तालाब बहुत पुराना है। पहले इसमें हमेशा पानी भरा रहता था। पोखरे का क्षेत्रफल 13 एकड़ है। अवैध कब्जे के चलते यह सिकुड़ता जा रहा है। तालाब कूड़ा कचरा से भर गया है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी राजस्वकर्मी इस पोखरे के संरक्षण को आगे नहीं आए। अतिक्रमण को लेकर आन लाइन शिकायत की गई है। लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। यह तो बानगी मात्र है क्षेत्र के ऐसे तमाम तालाब, पोखरे अतिक्रमण का शिकार बन गए हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नहीं बना कोई प्लान

**गाजीपुर।** अगर आप नगर में आए हो तो आपको रुक-रुककर चलने की आदत डालना होगी, क्योंकि यहां शहर के मार्ग पर पल-पल जाम लगता है। शहर में एक भी ऐसा मार्ग नहीं हैं जहां जाम की स्थिति नहीं बनती हो। शहर के मुख्य मार्ग नईसड़क, मिश्रबाजार, कचहरी, लंका, विशेश्वरगंज चौराहा ऐसे स्थान हैं जहां मार्ग पर जाम आम बात है। शहर में लगने वाले जाम के अनेक कारण है, न तो कभी ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कोई प्लान बना है और न ही कोई विकल्प तैयार किया है। दुकानों के आगे अतिक्रमण के चलते जहां शहर के मार्ग सकरे होते जा रहे हैं, वहीं खड़े ठेले भी जाम लगा देते हैं।

### रंग के मानक पर वाहन स्वामियों की मनमानी

**गाजीपुर।** शासन स्तर से विद्यालयों की मनमानी पर नकेल कसने को तमाम इंतजाम कराए गए हैं। मगर विद्यालय संचालकों की मनमानी नियमों पर भारी पड़ रही है। स्कूली वाहनों के रंगों में भी खेल किया जा रहा है। नियम है कि पीले रंग के वाहनों का ही संचालन कराया जा सकता है। लेकिन जिले में अलग-अलग रंगों के स्कूली वाहनों से विद्यार्थियों को लाया- ले जाया जा रहा है।शासन स्तर से स्कूलों के लिए गाइड लाइन निर्धारित कर दी गई है। वाहनों के संचालन के लिए भी मानकों का निर्धारण किया गया है। नियम है कि बच्चों को स्कूलों तक पहुंचाने- लाने के लिए जिन वाहनों का भी अधिग्रहण किया जाएगा, वे सभी पीले रंग के होंगे। वाहनों पर निर्धारित गति सीमा के साथ चालक-परिचालकों के नाम, मोबाइल नंबर भी लिखे जाएंगे। लेकिन इन नियमों का मखौल उड़ाया जा रहा है। शहर के अधिकांश स्कूलों में संबद्ध वाहनों का रंग सफेद या कोई और कलर है। न तो उन पर चालकों के नाम, मोबाइल नंबर लिखे हैं और न ही गति सीमा। अभिभावकों और विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण न तो इनका संचालन रुक पा रहा है और न ही विद्यालयों की मनमानी पर रोक लग पा रही है।

## बाइक अनियंत्रित होने से युवक की गई जान

### पश्चिम बंगाल के आसनसोल में रेलवे प्रशिक्षु थे अमन

दुखद

**मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में मचा कोहराम**

जनसंदेश न्यूज

**जमानियाँ।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुइन-दिलदारनगर नहर पटरी संपर्क मार्ग पर दैत्रावीर प्रतिमा के पास शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सड़क हादसे में ग्राम बरूइन निवासी अमन सिंह (21) पुत्र संजय सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अमन सिंह रात में खेत से वापस अपने घर आ रहा था।

तभी दैत्रावीर बाबा के पास निमार्णाधीन सड़क पर बने गढ्ढे व उखड़ी गिट्टियों के कारण अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे सर में गम्भीर चोट लग गई। गेहूँ की कटाई करा रहे लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ी तो तत्काल परिजनों को सूचित किये। सूचना मिलते ही परिजन व स्वजन घायल अमन को वाराणसी स्थित ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराये जहाँ इलाज के दौरान तड़के करीब 3:30 मौत हो गया। ज्ञात हो कि अमन दो बहनों में बीच का था तथा अपने मां व बाप का इकलौता पुत्र था। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा माँ व पिता संजय सिंह तथा दोनों बहनो सहित परिजनों के ऑखों से ऑसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। स्वजन सभी को ढाढस बढ़ा रहे थे।

इस हृदय विदारक घटना को सुन ग्रामीण स्तब्ध रह गये। दरवाजे पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले ग्रामीणों का तांता लगा रहा। सरल स्वभाव व मृदुभाषी अमन पश्चिम बंगाल के आसनसोल में रेलवे का प्रशिक्षु था। 14 अप्रैल को छुट्टी होने के कारण घर आया था तथा 16 अप्रैल को वापस आसनसोल जाना था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

इस घटना से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया। वाराणसी में अन्त्य परीक्षण होने के बाद परिजन शव को गाँव लेकर आयेगे तथा बडेसर स्थित श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया जायेगा।



अमन सिंह।

### पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लग रहा जाम

**गाजीपुर।** वक्त के साथ शहर बढ़ा, आबादी, बढ़ी, वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ी, लेकिन यहां वाहन खड़े करने के लिए एक पार्किंग तक नहीं है। आलम यह है कि बाजार से लेकर अस्पताल, कोचिंग और शिक्षण संस्थानों तक के बाहर सड़क से लेकर गली तक वाहन खड़े होते हैं। तमाम बड़े प्रतिष्ठानों के बाहर तक अवैध पार्किंग बना ली गई। नतीजा पूरा शहर जाम का झाम झेल रहा है। शहर में पार्किंग का अभाव फिलहाल शहर की सबसे बड़ी समस्याओं में से है। करीब तीन लाख की आबादी वाले शहर के प्रमुख बाजारों में पार्किंग नहीं है। लोगों को बाजार की सड़क पर ही वाहन खड़े कर सामान खरीदने को दुकानों तक जाना पड़ता है। इस कारण मुख्य सड़कों में जाम की समस्या रहती है। मिश्रबाजार, लालदरवाजा, महुआबाग, टाउनहाल तथा स्टेशन रोड समेत अन्य बाजार वह क्षेत्र हैं, जहां सबसे अधिक जाम लगता है। लोग जाम से जूझते-रेंगते निकल पाते हैं। स्टेशन रोड पर तमाम होटल समेत अन्य प्रतिष्ठान हैं लेकिन किसी भी होटल में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है।

## जिताऊ प्रत्याशियों पर भाजपा ने लगाया दाव

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का चुनावी मंथन पूरा हो गया है। रविवार को नगर पालिका और नगर पंचायत में अध्यक्ष व सभासद के प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। कुछ सीटों पर मौजूदा अध्यक्ष को पुनः मौका मिला है। वहीं अधिकांश जगह नए चेहरों को जगह मिली है।

भाजपा नगर निकाय चुनाव को लोकसभा का सेमीफाइनल मान कर चल रही है।

प्रत्याशियों के चयन में क्षेत्रीय नेताओं और वरिष्ठ नेताओं का विशेष ख्याल रखा है। नगर निकाय के उम्मीदवारों की जारी सूची से साफ है कि वह जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाई है। भाजपा से टिकट मिलते ही प्रत्याशियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

वहीं टिकट के लाइन में लगे प्रत्याशी और समर्थक मायूस हो गए है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने नगर निकाय चुनाव के लिए जिले के सभी नगर पंचायतों के उम्मिदवारों की घोषणा किया है।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत जंगीपुर से अध्यक्ष पद के लिए विजय लक्ष्मी गुप्ता, सैदपुर से सुशीला सोनकर, बहादुरगंज से अरविन्द प्रजापति, दिलदारनगर से अविनाश जायसवाल, सादात से प्रमिला यादव को अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं,जंगीपुर पंचायत के ग्यारह वार्ड और गाजीपुर नगर पालिका के 25 वार्डो से सभासद प्रत्याशियों की टिकट की घोषणा कर दी है। इसके अलावा सभी नगर पंचायत और वार्डो की सभासद की सूची जारी की गई है।

जारी सूची से कार्यकर्ताओं की कहीं उल्लास का माहौल या तो कहीं गमगीन माहौल बना हुआ है।

नगर निकाय चुनाव

**सभी नगर पालिका और पंचायतों के टिकट की घोषणा**

## स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता पर धब्बा पॉलीथिन, नहीं लग रहा अंकुश

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** स्वच्छता को लेकर न्यायालय के फरमान के बाद पॉलीथिन एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। तीन साल पहले शासन ने दो अक्टूबर तक तीन चरणों में पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया था। इसे लेकर जागरूकता की अलख भी जगाई। आज हर छोटे-बड़े दुकानदार पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। पॉलीथिन का प्रयोग न करने की कसम खाने वाले स्कूल-कॉलेज और आम नागरिक भी इसके इस्तेमाल से गुरेज नहीं कर रहे हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर में पड़ी पॉलीथिन प्रतिबंध की हकीकत बताते के साथ शहर की स्वच्छता पर बदनुमा दाग लगा रही है। योगी सरकार के सत्ता में आने से पहले भी पॉलीथिन पर रोक लगी थी। शुरूआत में प्रशासनिक अधिकारियों ने जगह-जगह छापेमारी कर पॉलीथिन को जब्त किया था। दुकानदारों पर जुमार्ना भी लगा, लेकिन समय बीतने के साथ इसमें ढिलाई आ गई।

यह है हाल

**प्रशासन के मुहिम चलाने के बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं**

### पाबंदी के लिए भी है कानून

**गाजीपुर।** पर्यावरण संरक्षण एक्ट-2003 के अनुसार, प्रदेश में 50 माइक्रॉन तक की पॉलीथिन प्रतिबंधित हैं। वर्ष 2017 में सरकार ने शादी या दूसरे निमंत्रण कार्ड की पैकिग में प्रयोग होने वाली पॉलीथिन पर भी प्रतिबंध लगाया था। इसके अलावा थोक, खुदरा बिक्रेता, फेरी या रेहड़ी वालों द्वारा भी बिक्री और भंडारण पर रोक लगाई गई थी। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एक्ट के तहत पांच लाख रुपये का जुमार्ना और छह माह की सजा का प्रावधान भी बताया गया है।

### सीटबेल्ट की अनदेखी पड़ रही जान पर भारी

**गाजीपुर।** चौपहिया वाहन में यात्रा करने वाले यात्री और वाहन चालक सीट बेल्ट की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे होने वाले सड़क हादसों में उनकी जान जा रही है। यातायात पुलिस इस मामले में कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभा रही है, इससे जिले में चलते समय वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत चौपहिया वाहनों में यात्रा करने वाले सवारी व चालकों की सुरक्षा के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अनिवार्यता है। हादसे होने पर सीट बेल्ट लगी होने से चालक व सवारी काफी हद तक सुरक्षित रहते हैं। इसके तहत चालक के अलावा अगली सीट पर बैठने वाले व्यक्ति के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग करना सुरक्षा की दृष्टि जरूरी है लेकिन वाहन चालक और उसमें बैठने वाले यात्रियों की आदत में यह शामिल नहीं है। जिले में दौड़ने वाले चौपहिया वाहन हों या उसमें यात्रा करने वाले यात्री तो दूर चालक तक सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करते हैं। शहर में दौड़ने वाली कार में अक्सर बिना बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालक और यात्री नजर आ जाएंगे लेकिन यह जिम्मेदारों को नजर नहीं आता है, जिससे चौपहिया वाहन से होने वाले हादसों में अगली सीट पर बैठे यात्री और चालक को अक्सर नुकसान पहुंचता है।

## भाजपा की जनविरोधी नीति के खिलाफ भाकपा लामबंद

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लाक कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिला मंत्री जनार्दन राम ने कहा कि आज देश के सामने कठिन चुनौतियां मौजूदा सरकार पेश कर रही है। ताकि देश में पूरा विपक्ष को भय दिखाकर अपने दमनकारी नीति के चलते राजसत्ता चलाने के लिए मनमाना कर रहे हैं।

पूरे देश में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शुक्रवार से बोधिसत्व डॉ बीआर अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर से पदयात्रा नुक्कड़ सभा धन संग्रह अनाज संग्रह करते हुए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ संविधान बचाओ भाजपा हटाओ के नारे के साथ 15 मई को जिले पर प्रदर्शन के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

ताकि भाजपा की जनविरोधी नीति के खिलाफ आम आदमी को जागरूक करते हुए आने वाले समय में भाजपा को हटाने के लिए समान विचारधारा के पार्टियों को साथ लेकर 2024 में सत्ता से बेदखल करना हमारा मुख्य उद्देश्य है, जिस पर पार्टी काम कर रही है।

ब्लॉक कमेटी की बैठक को मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य सम्मेलन के तैयारी के लिए मरदह ब्लाक में 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें 26 अप्रैल को मटेहू से सुबह 10:00 बजे से सभी ब्लॉक कमेटी के साथी धन और अनाज संग्रह करते हुए पदयात्रा का कार्यक्रम शुरू करेंगे। 27 अप्रैल को मर्द ब्रांच 28 अप्रैल को गोविंदपुर बरही ब्रांच के सभी गांव में सघन फंड कलेक्शन का कार्य किया जाएगा 29 अप्रैल को अविसहन रानीपुर व 30 अप्रैल को पलिया ने पंचायत में सघन फंड कलेक्शन किया जाएगा। आगामी 1 मई को मजदूर दिवस पार्टी कार्यालय से सरजू पांडे पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मरदह ब्लॉक से अधिक से अधिक साथी भाग लेंगे, 2 मई से 14 मई तक सभी ब्रांच कमेटियां अपने-अपने ब्रांच में भाजपा की जन विरोधी नीति के खिलाफ छोटी-छोटी गोष्ठिया करते हुए फंड कलेक्शन का कार्य करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए सीताराम यादव, रामलाल, नाथू राम, अंगद यादव, चतुरी मास्टर, राजीव सिंह, गोरख यादव, रामायण राम, पारस राम, आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। नेताओं ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य वक्ता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महामंत्री का अतुल कुमार अंजान एवं विशिष्ट वक्ता राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान रामजी गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम

**संविधान बचाओ भाजपा हटाओ के नारे के साथ 15 मई को जिले पर होगा प्रदर्शन**

## भूकंपरोधी भवन बनाने की ओर नहीं किसी का ध्यान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** भूकंप की दृष्टि से जिला काफी संवेदनशील है। उसके बाद भी भूकंपरोधी मकान बनाने के लिए जो गाइड लाइन तय की गई है उसका पालन इस शहर में नहीं हो रहा है। हालांकि भवन का प्लान पास कराते समय भवन स्वामी को बाकायदा यह शपथपत्र देना होता है कि वह भूकंपरोधी मकान के मानकों का पालन करेगा। पर यह मानक पूरे हो रहे हैं या नहीं, इसका निरीक्षण कभी नहीं किया जाता। लोग अपने उपलब्ध संसाधनों और सुविधा के अनुसार ही भवन का ढांचा खड़ा कर देते हैं।

ऐसे में शहर की सुरक्षा के मानकों पर भी गौर किया जाना जरूरी हो जाएगा। मास्टर प्लान के कर्मचारी भी दबी जुबान से स्वीकार करते है कि भूकंपरोधी मकानों के निर्माण के प्रति लोग ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार तो यह देखा गया है कि लोग पुराने भवन की बुनियाद के ऊपर ही दोमंजिला और तीनमंजिला मकान खड़ा कर देते हैं। लोग देखादेखी मकान बनाने की कोशिश भी कर रहे हैं लेकिन शहरी क्षेत्रों में इसका पालन उस अनुपात में नहीं हो रहा है जितना होना चाहिए। पुराने मकानों में तो भूकंपरोधी का कोई पालन नहीं हुआ है। जलनिगम कालोनी के पूर्व अवर अभियंता अरविंद नाथ राय का कहना है कि भूकंपरोधी मकानों के निर्माण के लिए लोगों को खुद समझदारी दिखानी चाहिए। किसी के कहने पर या फिर प्रशासन की सख्ती के बाद यह कदम उठाना गलत है। वह मानते हैं कि भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र में भवनों में कम वजन वाली निर्माण सामग्री लगाई जाए।

बैंककर्मी सुनील का कहना है कि भूकंपरोधी मकान बनाने के लिए लोगों को सजग करने की जरूरत है। लोग भवन बनाते समय लागत तो उतनी ही लगाते हैं लेकिन सुरक्षा के मानकों का ध्यान देने में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आता। वह कहते हैं कि भूकंपरोधी मकान बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए।

## जनसंपादकीय

# लोकसभा चुनावः क्या मुद्दा बनेगा 'राम मंदिर'

**आर.के.सिन्हा**



आगामी सितंबर के महीने में राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के फौरन बाद से ही देश में 2024 के लोकसभा चुनावों की हलचल तेज होने लगेगी। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले राम मंदिर के द्वार दुनिया भर के राम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि स्थानों पर पर्यटन भी तेजी से बढेगा कइसलिए यह सवाल तो पूछा ही जाएगा कि क्या अगले आम चुनावों में राम मंदिर चुनावी मुद्दा बनेगा? जिस तरह से भाजपा राम मंदिर को लेकर जनता के बीच जा रही है उससे तो यह स्पष्ट ही है कि पार्टी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करेगी और करे भी क्यों नहीं जो काम 500 वर्षों के समय-समय पर हुये भयंकर रक्तपातों और लाखों राम भक्तों की कुर्वानियों से भी हासिल न हो सका, वह भाजपा के शासन में आसानी से हो भी गया और किसी को चूं चपड़ तक करने की हिम्मत तक न हुई । 1980 में अस्तित्व में आने के बाद से ही राम मंदिर भाजपा की राजनीति का एक मुख्य आधार रहा है।

अगर बीजेपी इस चुनाव में सत्ता बरकरार रखने में सफल रहती है, तो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी जी ही ऐसे पहले राजनेता होंगे जिनकी अगुवाई में कोई पार्टी लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने में कामयाब होगी। वहीं कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के लिए 2024 का चुनाव एक तरह से अस्तित्व की अंतिम लड़ाई सरीखा है। इसीलिए शायद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद नजर रख रहे हैं कि राम मंदिर का निर्माण समय पर पूरा हो जाए।

बेशक,आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति के बीच राम मंदिर का मुद्दा लोक सभा चुनाव 2024 के केंद्र में रहने वाला है। याद करें कि भाजपा ने एक दौर में राम औ? रोटी का नारा दिया था। आज यह नारा आगे बढ़कर सबका साथ, सबका विकास तक पहुंच गया है। पार्टी विद डिफरेंस के साथ आगे बढ़ी भाजपा आज न सिर्फ भारतीय राजनीति के केंद्र में है, बल्कि बीते एक दशक में उसने भारतीय राजनीति के सूर्य को दक्षिणायन कर दिया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे प्रखर समाजवादी चिंतक तक ने राम के आदर्श और लोक स्वीकार को महत्व दिया था। वे कहते थे, भारत के तो कण-कण में राम बसे हैं। भारत की राम के बिना तो कल्पना करना भी असंभव है। सारा भारत राम को अपना अराध्य और पूजनीय मानता है। 'लोहिया जी यह भी कहते थे कि भारत के तीन सबसे बड़े पौराणिक नाम - राम, कृष्ण और शिव ही हैं। उनके काम के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन-से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता ही होगा। 'कभी सोचिए, कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है। ये आंकड़ा तो अरबों - खरबों में पहुंच जाएगा। भारत राम का नाम तो लेता ही रहेगा। राम का नाम भारत असंख्य वर्षों से ले रहा है और लेता ही रहेगा।मोहम्मद इकबाल ने श्रीराम की शान में 1908 में एक मशहूर कविता लिखी थी। वे भगवान राम को राम-ए-हिंद कहते हैं। वे इस कविता में यह भी लिखते हैं: 'है राम के वजूद पर हिन्दोस्ताँ को नाज, अहले नजर समझते हैं उनको इमामे हिन्दक' यानी भारत को गर्व है कि श्रीराम ने भारत में जन्म लिया और सभी ज्ञानी लोग उन्हें भारत का इमाम अथवा आध्यात्मिक गुरु मानते हैं। गांधी जी भारत में राम राज्य की स्थापना देखना चाहते थे। वे हिन्दू धर्म के भगवान नहीं हैं ।बल्कि, वे भारत की मिट्टी की सांस्कृतिक धरोहर हैं और इस साँझा धरोहर को बाँटना न मुमकिन है न ही समझदारी।

खैर, राम मंदिर निर्माण के साथ ही भारत में अगले वर्ष से नए युग का सूत्रपात होगा। जिसका असर भारतीय राजनीति पर पड़ेगा ही। इसकी आहट विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भी महसूस की गई। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भाजपा के लिए अपने इतिहास के सबसे गौरवशाली क्षण होंगे।

याद करिए 1980 का वह दशक। जब देश में कम समय के लिए बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार की यादों के साथ दशक का आगाज हुआ। इस दशक से देश की राजनीति के इतिहास में यह मुद्दा बड़े महत्व का रहा। 1984 चुनाव में भाजपा को बहुत कम सफलता मिली, लेकिन राम मंदिर निर्माण को लेकर अपनी संकल्पना के प्रति पार्टी वचनबद्ध रही।

1989 के पालमपुर सम्मेलन में पार्टी ने तय किया कि उसका मुख्य राजनीतिक एजेंडा 'राम जन्मभूमि को मुक्त करवाकर भव्य मंदिर बनवाना' होगा। वरीय नेता और पूर्व अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने अगले ही साल 'रथयात्रा' शुरू की। राजनीतिक दृष्टिकोण से यह कालजयी घटना थी। 9 नवंबर, 1989 को शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद जब लोकसभा चुनाव हुए, तो भगवा पार्टी की संख्या 85 हो गई, और इसने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के आदेश पर कारसेवकों पर फायरिंग की गई। इस घटना से पूरा देश मर्माहत हो गया। प्रत्येक राष्ट्र भक्त देशवासी को गहरा धक्का लगा। 1991 में उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा ने राम मंदिर मुद्दे को और जोर शोर से उठाया। 1996 और 1999 के चुनावों में भाजपा को खासी कामयाबी मिलती दिखी और देश में 1999 में पहली बार पूर्ण कार्यकाल वाली भाजपा सरकार बनी। अबतक मंदिर के लिए कानूनी लड़ाई भी सही ढंग से लडी जाने लगी थी।

यह निश्चित तौर पर मानिए राम मंदिर का निर्माण पूरा होने को बीजेपी चुनावी मुद्धा बनाएगी। इसका असर सारे भारत पर होगा। इस बारे में कोई बहस नहीं हो सकती। बीजेपी धारा 370 जैसे सारे काले कानूनों को हटाने का भी क्रेडिट लेना चाहेगी।

इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के आला अफसरों को उम्मीद है कि मंदिर खुलने पर तीर्थयात्रियों की संख्या प्रतिदिन लगभग एक लाख भक्तों तक बढ़ जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा दौरे पर अपने संबोधन में 1 जनवरी 2024 को अयोध्या में गगनचुंबी राममंदिर तैयार हो जाने की बात कही।

इस बीच, बीजेपी अगले लोकसभा चुनाव के समय असादुदीन ओवैसी और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को देश के सामने बेनकाब करेगी। पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा था की राम मंदिर को उसी प्रकार से बदल देंगे जैसे तुर्की की हगिया सोफिया मस्जिद के साथ हुआ। यह धमकाने वाला लहजा कभी भी हिन्दू बहुल देश स्वीकार नहीं करेगा ।

क्या इन्होंने तब कभी आपत्ति जताई थी जब देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दशकों से इफ्तार पार्टियों का आयोजन करते थे? औवेसी और दूसरे तमाम कथित सेक्युलरवादी अल्पसंख्यकों के हितों की तो खूब बातें करते हैं। उन्हें उनके अधिकार बिल्कुल ही मिलने भी चाहिए। पर ये सब कश्मीर में हिन्दू पंडितों के अधिकार देने के मसले पर चुप क्यों हो गए थे। पाकिस्तान अल्पसंख्यक हिन्दुओं, सिखों, इसाइयों पर जो अत्याचार कर रहा है उसपर अबतक चुप्पी क्यों साध रखी है कखैर, यह मान कर चलिए कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राम मंदिर फिर से बीजेपी की चुनावी कैंपेन के केन्द्र में होगा और 2024 में नरेन्द्र मोदी की सरकार तीसरी बार बनवाने में सफल होता दिख रहा है ।


**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# भारतीय राजनीति के कबीर थे चंद्रशेखर

## स्मरण

**कृपाशंकर चौबे**





पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर (17 अप्रैल 1927- 08 जुलाई 2007) के जीवन का एक चौथाई प्रतिशत हिस्सा ही राजनीति थी। राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी उनका तीन-चौथाई जीवन व्यक्तिगत संबंधों के निर्वाह में बीता। संबंधों के निर्वाह के मामले में उनका कोई जवाब न था। चंद्रशेखर जी मेरे पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने बलिया के चैनछपरा स्थित गांव आए तो कोलकाता स्थित मेरे आवास पर भी आए। मुझे दो दशकों तक उनकी जो आत्मीयता मिली, वह मेरे लिए धरोहर है। संबंधों को महत्व देने के गुण के कारण चंद्रशेखर ने भारतीय राजनीति का अधिक मानवीयकरण किया। वे विरोधी विचारधारा वाले राजनेताओं के प्रति भी सद्भाव रखते थे। इसीलिए दूसरे दलों के लोगों के साथ भी उनके व्यक्तिगत संबंध सुमधुर थे। चंद्रशेखर कारुणिक मन वाले गंवई खुद्दार राजनेता थे। राजनीति में इस संस्कृति के पैरोकार गांधी, लोकनायक से लेकर नरेंद्र देव तक थे। आधुनिक राजनीति में चंद्रशेखर अंतिम मानवीय किंतु दृष्टिवान व्यक्ति थे जो राष्ट्रीय हित में संकटों के समाधान का समावेशी समाधान प्रस्तुत करते थे।

विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर वे बेबाकी से निर्द्वंद्व भाषा में अपनी राय रखते थे। चंद्रशेखर ऐसे जननायक थे जिनके संसद में बोलने के लिए खड़े होने पर देश उत्सुकता से उन्हें सुनने को आकुल हो जाता था। चंद्रशेखर खरी-खरी बोलने के अलावा बेबाक होकर लिखते भी थे। आपातकाल में जब उन्हें जेल में डाल दिया गया तो उन्होंने जेल डायरी लिखी। चंद्रशेखर की जेल डायरी के कई संस्करण निकले। हरिवंश के संपादन में 1991 में काव्यालोक प्रकाशन से प्रकाशित 'श्री चंद्रशेखर जी की जेल डायरी' की प्रकाशकीय में अवध बिहारी सिंह कविजी ने चंद्रशेखर के जीवन संग्राम को काव्य में इस तरह प्रस्तुत किया थाः

नन्हें से पिछड़े गांव का। बालक वह नंगे पांव का। अंडर वीयर पहने हुए। गंजी में कुछ सहमे हुए। गमछे में दाना खा रहा। स्कूल में वह जा रहा। पर गुरुकुलों-सी सीख थी। अतिशय पुरानी लीक थी। चलकर उसी पर था पढ़ा। कुछ ठोंककर गुरु ने गढ़ा। किसलय सदृश वह स्निग्ध था। शिशुओं में सबसे वृद्ध था। प्रतिभा को ठिठकाया नहीं। अपने को भटकाया नहीं। फिर कांध पर झोला लिये। शिशु दूर ग्यारह मील चले। यह रोज का अभ्यास था। कुरुकुल न कोई पास था। कितनी कठिन थी साधना। जिज्ञासु की आराधना। घर पर अभावों की घटा। ममता की केवल थी छटा। घर छोड़ भाई भागते। रंगून जाकर हांफते। करती प्रतीक्षा फीस थी। तनख्वाह तो दस-बीस की। उससे पढ़ाए ये गए। कैसे बढ़ाए ये गए। धरती भी बंधक पड़ गई। आंखें शरम से गड़ गईं। तब उच्च शिक्षा मिल सकी। गुरु श्रेष्ठ दीक्षा मिल सकी। प्रतिभा मशक्कत में पले। तूफान में भी लौ जले। प्रतिभा को यदि रहबर मिले। क्षमता को यदि अवसर मिले। वह काल-रथ को हांकता। नभ, तल, अतल को नापता। आचार्य के गुरुमंत्र को। फिर आत्मबल के यंत्र को। वह साधता ही रह गया। अनुकूल अपने नाम के। वह गरल तक को सह गया। कुछ राजनीतिक मोड़ हैं। ये मोड़ सारे रोड़ हैं। घर से निकाले ये गए। कारा में डाले ये गए। यह डायरी उसकी कथा। यह राष्ट्र की जीवन व्यथा।

चंद्रशेखर को समझने की कुंजी ये काव्य पंक्तियां हैं। चंद्रशेखर की जेल डायरी से पता चलता है कि चंद्रशेखर ने विश्व के श्रेष्ठ साहित्य का कितना गंभीर अध्ययन किया था। जेल में जो भी किताब वे पढ़ते थे, उसका सार डायरी में लिख लेते थे। चंद्रशेखर का एक बड़ा अवदान यह भी है कि उन्होंने राजनीति को साहित्य-कला-संस्कृति से जोड़े रखा। 'यंग इंडियन' का संपादन उसका छोटा सा सबूत है। चंद्रशेखर ने 1970 में अंग्रेजी साप्ताहिक 'यंग इंडियन' निकाला। 'यंग इंडियन' मार्च 2002 तक चला। बीच-बीच में उसका प्रकाशन स्थगित भी हुआ। 1997 में 'यंग इंडियन' हिंदी में भी निकला। 'दलीय घेरे के बाहर' पुस्तक में संकलित चंद्रशेखर की संपादकीय टिप्पणियां उन दिनों देश के सभी बड़े समाचार- पत्रों के पहले पेज की लीड खबर बनती थीं। 'यंग इंडियन' के एक अंक में चंद्रशेखर ने इंदिरा गांधी को परामर्श दिया था कि वे राजसत्ता के मद में संत जेपी से न टकराएं, बल्कि बातचीत का रास्ता अख्तियार करें। चंद्रशेखर तब कांग्रेस में थे किंतु उन्होंने इंदिरा गांधी को दल हित से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित के सवाल पर खरी, पर सही राय देने की हिम्मत दिखाई। उसके कुछ दिनों बाद ही चंद्रशेखर के घर लोकनायक जयप्रकाश नारायण चाय पीने आए। वहां कांग्रेस के लगभग 60 सांसद उपस्थित थे। श्रीमती गांधी वहां गए सांसदों से नाराज हुईं तो कुछ कांग्रेसी सांसदों ने बयान दिया कि वे चंद्रशेखर के घर गए अवश्य थे, पर उन्हें मालूम नहीं था कि वहां जेपी आनेवाले हैं। तत्काल चंद्रशेखर का स्पष्टीकरण आया, मेरे अंदर हजार कमियां हो सकती हैं, पर आत्मबल और नैतिक साहस की कमी नहीं है। जेपी के सम्मान में आयोजित पार्टी में आनेवाले सभी सांसद अतिथि जानते थे कि जेपी आ रहे हैं।

चंद्रशेखर की शाश्वत विद्रोही की छवि कभी धूमिल नहीं हुई। पंजाब पर साफगोई से राय व्यक्त करने के कारण बलिया में उन्हें भिडरांवाला कहा गया। तब वे जानते थे कि अपनी इन मान्यताओं के कारण चुनाव हारेंगे, फिर भी पंजाब के सिखों के संदर्भ में उन्होंने अपनी बातें बेबाकी से कहीं। वे वस्तुतः आधुनिक भारतीय राजनीति के कबीर थे। 1985 में चुनाव हारने के बाद कई प्रस्तावों के बावजूद चंद्रशेखर पिछले दरवाजे से संसद में नहीं पहुंचे। 1985 से 1990 के बीच सक्रिय राजनीति के अलावा चंद्रशेखर ने कई सृजनात्मक कार्य किए। सिताबदियारा में जे. पी. स्मारक, करौंधी में राममनोहर लोहिया स्मारक, चंपारण भीतहरवा में गांधी आश्रम का जीर्णोद्धार, आचार्य नरेंद्रदेव के नाम पर स्मृति समारोह, लोगों से एक-एक रुपए लेकर, कमर भर पानी कीचड़ पार करते हुए, खुद ही ईंट उठाते हुए, सफाई करते हुए, आधी रात तक काम करते हुए, उन पावन स्मृतियों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व का उन्होंने पालन किया। इस तरह का दृष्टांत भारतीय राजनीति में विरल है।

वे इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में वरिष्ठ सहयोगी बन सकते थे। उन्हें मोरारजी अपने साथ रखना चाहते थे, उन्हें विश्वनाथप्रताप सिंह ने उनकी इच्छानुसार स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था, फिर भी वे किसी ओहदे पर नहीं रहते हुए भी समानांतर ताकत का केंद्र बने रहे। इसलिए बने रहे क्योंकि इस देश की समस्याओं की जो समझ उनकी थी, वह किसी अन्य राजनेता में नहीं थी। चंद्रशेखर ने पदयात्रा कर देश की समस्याओं को निकट से देखा था। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों समेत अपने समय के सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में अपने व्याख्यानों तथा 'यंग इंडियन' के संपादकीय के माध्यम से चंद्रशेखर ने पारदर्शी ढंग से विचार किया। वे बराबर बोल और लिखकर याद स्मरण कराते रहे कि हम कैसे मौलिक और बुनियादी सवालों से भटक रहे हैं? राजनीति में यह प्रयास असाधारण था।

चंद्रशेखर पर राम बहादुर राय की पुस्तक 'रहबरी के सवाल' की भूमिका में प्रभाष जोशी ने जो टिप्पणी की है, वह ध्यान देनेयोग्य है। प्रभाष जी ने लिखा है कि जब चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने तो देश आरक्षण के विरोध में जल रहा था। चंद्रशेखर का संक्षिप्त कार्यकाल आग बुझाते ही खत्म हो गया। हरिवंश ने चंद्रशेखर की जीवनी लिखी है। उस पुस्तक का नाम है 'चंद्रशेखरः द लास्ट आइकन आफ आइडियोलाजिकल पालिटिक्स'। पुस्तक का शीर्षक कितना सटीक है- वैचारिक राजनीति का अंतिम प्रतिमान। उस पुस्तक की भूमिका में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी की टिप्पणी भी कितनी सटीक है, 'चंद्रशेखर जी अपने समय के सबसे बड़े नेताओं में से एक थे, जिन्होंने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत की यात्रा को करीब से देखा और इसके राजनीतिक परिदृश्य को आकार दिया। वे एक निर्विवाद आदर्शवादी, लोगों की नब्ज पर हाथ रखने वाले नेता थे। उनका मानना था कि अंतिम उत्तर जनता के पास ही है।

**(लेखक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में प्रोफेसर हैं, संपर्क 98362 19078)**

**चंद्रशेखर की जेल डायरी से पता चलता है कि चंद्रशेखर ने विश्व के श्रेष्ठ साहित्य का कितना गंभीर अध्ययन किया था। जेल में जो भी किताब वे पढ़ते थे, उसका सार डायरी में लिख लेते थे। चंद्रशेखर का एक बड़ा अवदान यह भी है कि उन्होंने राजनीति को साहित्य-कला-संस्कृति से जोड़े रखा। 'यंग इंडियन' का संपादन उसका छोटा सा सबूत है। चंद्रशेखर ने 1970 में अंग्रेजी साप्ताहिक 'यंग इंडियन' निकाला। 'यंग इंडियन' मार्च 2002 तक चला। बीच-बीच में उसका प्रकाशन स्थगित भी हुआ। 1997 में 'यंग इंडियन' हिंदी में भी निकला। 'दलीय घेरे के बाहर' पुस्तक में संकलित चंद्रशेखर की संपादकीय टिप्पणियां उन दिनों देश के सभी बड़े समाचार- पत्रों के पहले पेज की लीड खबर बनती थीं।**

# समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर

## स्मृति- शेष

**अरविंद जयतिलक**



समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डा0 लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि 'पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है।' सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ मानवतावादी भी थे। उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रुप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की। युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रुप में स्थापित हो चुके थे। वे राष्ट्रीय व विदेशी मसलों पर खुलकर गहन-गंभीर विचार व्यक्त करते थे और युवाओं को प्रेरित करते थें वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रुझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए। 1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए। लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दिया। कहा तो यह भी जाता है कि उनकी पदयात्रा से उपजी लोकप्रियता से इंदिरा गांधी भी डर गयी। उनकी लोकप्रियता से उनके समकालीन नेता चिढ़ने लगे। जबकि वे अच्छी तरह जानते थे कि चंद्रशेखर का उद्देश्य समाजसेवा है न कि सत्ता में भागीदारी। 1975 की इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गयी। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। लेकिन नैतिक राजनीति के पुरोधा इसके लिए शीध्र तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होगी तभी वे सरकार का नेतृत्व करेंगे। राजीव गांधी ने भरोसा दिया कि दो महीने बाद कांग्रेस भी सरकार में शामिल होगी। लिहाजा चंद्रशेखर सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए। अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई और प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को अपने इशारे पर नचाने की कोशिश की। लेकिन समाजवाद के प्रकाशस्तंभ चंद्रशेखर ने कांग्रेस के इशारे पर चलने से मना कर दिया। लिहाजा कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कांग्रेस के समर्थन वापसी से भले ही चंद्रशेखर का पद चला गया लेकिन जनमानस में उनका कद जरुर बढ़ गया। वे प्रधानमंत्री रहते हुए डिफेंस और होम अफेयर्स की जिम्मेदारियों का भली प्रकार निर्वहन किया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। दो राय नहीं कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री पर अधिक समय तक रहने का मौका मिला होता तो उनकी गिनती भारत के महानतम प्रधानमंत्रियों में होती। उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल में ही अयोध्या विवाद, असम समस्या, पंजाब समस्या और कश्मीर समस्या का हल निकालने का रोडमैप तैयार कर लिया था। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर भी सराहनीय कार्य किए। उन्होंने पांचवे सार्क शिखर सम्मेलन में शिरकत की और ठेठ हिंदी में क्षेत्रीय और वैश्विक समस्याओं को ध्वनित किया। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ उनके भाषण से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने उस समय अपने कार्यालय में काम कर रहे रियाज खोखड़ से कहा कि काश तुम भी मेरे लिए इतनी अच्छी तकरीर लिखते। चंद्रशेखर एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता, विद्वान लेखक और गजब के समीक्षक थे। नवाज शरीफ ने चंद्रशेखर का इसलिए भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने कुछ स्वीडिश इंजीनियरों की जान बचाई थी जिनका कश्मीरी पृथकतावादियों ने गुलमर्ग में अपहरण कर लिया था। अगर उनकी जान नहीं बची होती तो फिर पूरा इल्जाम पाकिस्तान के सिर जाता। अन्य अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर भी चंद्रशेखर की राय बेबाक और स्पष्ट थी। सामाजिक मोर्चे पर चंद्रशेखर की भूमिका का मूल्यांकन करें तो राष्ट्र-समाज व्यवस्था में बेहतर बदलाव के लिए उन्होंने सामाजिक-आर्थिक संरचना में आमूलचूल परिवर्तन की बात कही। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी। उन्होंने समय की मुख्य धारा के विरुद्ध खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता का सिंहासन।

एकमात्र विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है। और मुठभेड़ का माद्दा भी। समाज में व्याप्त विषमता से उत्पन जिस हलाहल को डा0 लोहिया ने पीया उसकी पीड़ा को कई वर्षों बाद चंद्रशेखर ने भी पीया और जीया। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रखा। पुरातनपंथी धारणाओं पर तीव्रता से हमला बोला और व्यवस्था की सामंती ढांचे को उखाड़ फेकने के लिए राजनीति को हथियार बनाया।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गयी। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। लेकिन नैतिक राजनीति के पुरोधा इसके लिए शीध्र तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होगी तभी वे सरकार का नेतृत्व करेंगे। राजीव गांधी ने भरोसा दिया कि दो महीने बाद कांग्रेस भी सरकार में शामिल होगी। लिहाजा चंद्रशेखर सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए।**

## व्यंग्य



# भेड़ चाल से बाखबर

**तीरथ सिंह खरबंदा**

वह अनुभवी गड़रिया भेड़ चाल से पूरी तरह बाखबर था । वह जिस भी दिशा में भेड़ों को हांकना चाहता था उस दिशा में किसी एक भेड़ को इरादतन धकेल देता । फिर देखते ही देखते सारी भेड़ें उधर ही चल पड़तीं और फिर बहुमत उसी तरफ रहता । दरअसल वह भेड़ों की नहीं वरन चतुर गड़रिये की जीत थी । उसकी इस जीत पर पहले एक भेड़ ऊँची आवाज में जय-जयकार करती तो फिर सारी भेड़ें उसका अनुसरण करते हुए समवेत स्वर में जयगान से सारा वातवरण गूँजा देतीं ।

उसने अपनी भेड़ों को बुरी नजर से बचाने और उन्हें एक नई पहचान देने के लिए पहले एक भेड़ के पैरों में काला धागा बाँध दिया । फिर क्या था देखते ही देखते सारी भेड़ों ने उसका अनुसरण करते हुए अपने-अपने पैरों में काला धागा बँधवा लिया । उसके बाद तो भेड़ चाल देखते ही बनती थी । लोग कहते कि उनके पैरों में काले धागे बांधकर उनका मानसिक वशीकरण कर लिया गया है और तभी से उनका दिमाग कहीं ओर से नियंत्रित तथा संचालित होने लगा है ।

जरूरत पड़ने पर कुछ भेड़ें मधुशाला की तरफ हांक दी गई तो फिर देखते ही देखते बहुत सी भेड़ों ने अपना रुख मधुशाला की तरफ कर लिया । अब मधु के बगैर उनका चलना-फिरना मुश्किल हो गया किन्तु मधुशाला खूब चल निकली जिससे राजा-प्रजा की पौ बारह हो गई ।

जब उसने अचानक भेड़ों को मुख्य मार्ग से कच्चे रास्ते पर उतार दिया तो कई भेड़ें अपना रास्ता भटक गईं । ऐसे में कई भेड़ें, भेड़ चाल चलना तक भूल गईं । मौका देखकर भेड़ों को हाँकने वाले कई और गड़रिये भी सामने आ गए तो हरेक गड़रिए ने भेड़ों को अपने-अपने तरीके से अपनी मन चाही दिशा में हाँकना शुरू कर दिया । जब समय के साथ हरेक गड़रिये ने भेड़ों के अपने-अपने समूह बना लिए तब से सारी भेड़ें अपने-अपने समूह में चलने लगीं । अब एक समूह की भेड़ों का अनुसरण दूसरे समूह की भेड़ें भूल कर भी न करती थीं ।

अपनी भेड़ों की पृथक पहचान स्थापित करने के लिए हरेक गडरिए ने अपनी-अपनी भेड़ों को अलग अलग रंगों से रंग दिया ताकि उनकी भेड़ें गलती से कहीं दूसरी भेड़ों में मिल न जाएँ । अब भेड़ों की असल पहचान केवल उन पर चढ़ा हुआ कच्चा-पक्का रंग ही रह गया ।

कई भेड़ों ने चारे के लालच में रातों रात अपने रंग बदल लिए और दूसरे समूहों में जा मिलीं । जिन्होंने अपना रंग बदला उन्हें जब पेटभर चारा मिलने लगा तो यह देख कई और लोभी भेड़ें भी उनसे प्रभावित हुए बगैर न रह सकीं । वे भी अवसर की ताक में सही वक़्त का इंतजार करने लगीं ।

चारे की तलाश में निकली भेड़ों की गर्दन चलते समय अक्सर झुकी हुई रहती जिससे वे सिर उठाकर चलना लगभग भूल ही गईं । समय बदला तो पहले भेड़ों की खाल पर से ऊन उतारी गई फिर उन्हें दुहा गया कहते हैं जिससे राज्य में बहुत आर्थिक प्रगति हुई । किन्तु कई भेड़ें अभी भी चरने के लिए चारे की तलाश में इधर-उधर बहुत दूर तक निकल जाती थीं ।

हालांकि भेड़ों को प्रशिक्षित कर उनके चाल-चलन में सुधार के लिए बहुतेरे प्रयत्न किए गए, यहाँ तक की उनमें से कईयों को प्रशिक्षण हेतु विदेशों तक भेजा गया किन्तु नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा न तो उनकी चाल बदली और न ही उनका चलन । दरअसल अधिकांश भेड़ें, भेड़ चाल पर चलने को ही अपना धर्म समझ बैठीं थीं इसलिए वर्षों से स्थापित भेड़ चाल को बदलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो गया ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# युवक ने माता-पिता और छोटी बहन को कुल्हाड़ी से काटा

**दर्दनाक**

बाजरे के खेत में मिला लड़की का शव

ट्रिपल मर्डर से क्षेत्र में मचा हड़कंप

जनसंदेश न्यूज



रोते बिलखते परिजन।



मौके पर घटना की जानकारी लेते एसपी अनुराग आर्य व पुलिस बल।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पिता की डांट से नाराज युवक ने माता-पिता व छोटी बहन को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद युवक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक सहित फोर्स मौके पर पहुंच गई और घटना की जांच में जुट गई। क्षेत्र में हुए तिहरे हत्या काण्ड से हड़कंप मच गया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के धंधारी गांव में 20 वर्षीय युवक राजन सिंह ने भोर में करीब 3.30 बजे कुल्हाड़ी से काटकर अपने पिता भानु प्रताप सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह 48 वर्ष को मौत के घाट उतार दिया। इस बाबत जब उसकी मां सुनीता देवी 45 वर्ष सामने आई तो उसने मां पर भी कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया और उसे भी मार डाला। घर में मौजूद उसकी छोटी बहन राशि सिंह 12 वर्ष अपनी जान बचाकर भागी तो उस युवक ने उसे दौड़ाकर बाजरे के खेत में कुल्हाड़ी से काट डाला। घटनाक्रम के बाद युवक मौके से फरार हो गया। सुबह टहलने निकले लोगों ने आशंका वश घर में देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर आईजी सहित पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच गई थी। घटना की बारीकी से साइंटिफिक तरीके से जांच डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। भानु प्रताप सिंह की एक और बेटी रानी सिंह 15 वर्ष घटना के समय घर में मौजूद नहीं थी। वह आजमगढ़ मुख्यालय किसी रिश्तेदार के यहां आई थी, जिससे वह बच गई।

पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि मामले का पदार्फाश करने के लिए एडिशनल एसपी आरए के नेतृत्व में 2 टीमों का गठन किया गया है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों गठन किया गया है जिसमें एसओजी, सर्विलांस को भी शामिल किया गया है। जल्द से जल्द अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाएगी और फिर उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना किस कारण से हुई है इस मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

# पिकअप की टक्कर से एक की मौत

**तीन घायल**

रोडवेज बस ठीक कराते समय हुई घटना

जनसंदेश न्यूज



दुर्घटना में घायल का इलाज करते चिकित्सक और जानकारी लेती पुलिस।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बांस गांव यूनियन बैंक के समीप अंबेडकर नगर डिपो की एक बस जो आजमगढ़ से लखनऊ जा रही थी कि बांसगांव के पास बस में कुछ तकनीकी खराबी आ गई, और बस को वहीं किनारे खड़ा कर बस में भरी सवारी को दूसरी बस में शिफ्ट कर ड्राइवर अपने मिस्त्री को बुलाकर बस ठीक करा रहा था।

बस ड्राइवर श्रीप्रकाश यादव पुत्र चंद्रदेव निवासी भगवानपुर, ठेकमा थाना बरदह जो बस के पीछे खड़ा होकर टॉर्च दिखा रहा था और बस के नीचे दो मिस्त्री हरेंद्र यादव पुत्र तिलकधारी यादव निवासी भवानीपुर थाना अतरौलिया तथा बृजेश कुमार पुत्र विक्रम निवासी खास बेगपुर थाना कप्तानगंज बस को ठीक कर रहे थे। इसी बीच आजमगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सीधे बस के पीछे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही बस ड्राइवर श्रीप्रकाश यादव पुत्र चंद्रदेव यादव की मौत हो गयी। वहीं बस को बना रहे मिस्त्री हरेंद्र यादव व बृजेश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस बुलाकर स्थानीय 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया जहां बस चालक श्रीप्रकाश यादव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से जख्मी मिस्त्री हरेंद्र यादव व बृजेश कुमार को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

पिकअप चालक भी इस हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पिकअप चालक सत्यवीर पुत्र राममूर्ति निवासी सीमरी बौरा थाना दातागंज, बदायूं का निवासी बताया जा रहा है। मौके पर पुलिस पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई तथा घायल व मृतक के परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी।

## जनपद में भी प्रशासन रहा अलर्ट

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** प्रयागराज में हुई घटना के बाद प्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। जिसके मेंहनगर मेहनगर कस्बे के मुस्लिम बाहुल्य इलाका स्थित दरगाह व देवईत चट्टी पर अल सुबह से ही उपनिरीक्षक के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। मुस्लिम बाहुल्य इलाके में तरह-तरह की जहां चर्चाएं हो रही हैं, वहीं दुकानें सामान्य तौर पर खुली रहीं। थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह बराबर क्षेत्र में चक्रमण करते नजर आये। फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार इलाहाबाद में घटित घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समस्त थानों को एलर्ट किया गया है। फूलपुर थाना क्षेत्र में नगर रोडवेज, चूना चैक, शबाना आजमी मार्ग, संघ कार्यालय उद्पुर, जगदीशपुर पुल, माहुल मोड़, नियाउज, लाहीडीहा, मुड़ियार, सदरुद्दीनपुर, बिलारमऊ, अम्बारी आदि स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## गैंगस्टर में फरार चल रहे नौ अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा थाना देवगांव, बिलरियागंज, तरवां, बरदह, मेंहनगर, रौनापार पर गैंगेस्टर एक्ट के अभियोगों में वांछित, फरार 9 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 5 अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए व 4 अभियुक्तों पर 15-15 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना देवगांव पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित फरार चल रहे अभियुक्त हरिकेश सिंह पुत्र स्व.विरेन्द्र सिंह निवासी बेनुपुर थाना मेंहनगर के विरुद्ध कुल एक दर्जन आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। थाना बरदह में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित, फरार चल रहे अभियुक्त आसिफ पुत्र अयाज उर्फ मुन्ना निवासी कस्बा देवगांव के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। थाना बिलरियागंज में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित फरार चल रहे अभियुक्त लल्लन यादव पुत्र जयकरन यादव निवासी बगवार थाना बिलरियागंज के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। थाना तरवां में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित, फरार चल रहे अभियुक्त पीयूष सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी भुड़कुड़ा थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। थाना मेंहनगर में गैंगेस्टर एक्ट में वांछित, फरार चल रहे अभियुक्त सेराज पुत्र स्व.अफजल निवासी वार्ड नं 9 शास्त्री नगर कस्बा मेंहनगर के विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। इसी प्रकार थाना रौनापार में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों फरीद पुत्र कदीर निवासी बखरा थाना सरायमीर, महताब आलम पुत्र स्व.मुस्तकीम निवासी फेदी थाना बरदह, थाना देवगांव में वांछित, फरार चल रहे अभियुक्त प्यारेलाल प्रजापति पुत्र लालचन्द्र प्रजापति निवासी गोडासन थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर, थाना मेंहनगर में अभियुक्त अमित कुमार उर्फ भैयालाल निषाद निवासी पटना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर के विरुद्ध 15-15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में बैठक आज

**आजमगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय विशाल भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 माह अप्रैल-मई में सम्पन्न कराये जाने है। स्वतन्त्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से नगरीय निकायों के सभी पदों के निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता अधिसूचना जारी होने के दिनांक से लागू हो गयी है। जनपद आजमगढ़ में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 द्वितीय चरण में सम्पन्न होगा। प्रश्नगत नगर निकाय निर्वाचन को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं आदर्श आचार संहिता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 अप्रैल अपरान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया है कि उक्त बैठक में आप स्वयं प्रतिभाग करें, अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करें।

# नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट के चारों तरफ की गयी बैरिकेडिंग

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। नगर पालिका व नगर पंचायतों के चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट के चारो तरफ वैरिकेटिंग की गयी है जिससे की प्रत्याशी के अलवा कोई भी बाहरी व्यक्ति नामांकन स्थल पर प्रवेश न कर सके।

नगर पालिका आजमगढ़ मुबाकरपुर व बिलरियागंज में चुनाव कराने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट के चारो तरफ वैरिकेटिंग की गयी है जिससे कि कोई भी बाहरी व्यक्ति अन्दर प्रवेश न कर सके। मुबारकपुर व बिलरियागंज में नगर पालिका चुनाव को लेकर सभी तैयारियां प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गयी है। इसके साथ ही 16 नगर पंचायतों में चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। नगर पालिका व नगर पंचायत में 17 अप्रैल से नामांकन पत्रों की खरीद व उसी दिन से नामांकन भी प्रारम्भ होगा जो 24 अप्रैल तक निर्धारित है।

**तैयारी**

### 17 से 24 तक नाम निर्देशन पत्रों की खरीद व नामांकन

नगर पालिका चुनाव को लेकर जिलाधिकारी ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 17 से 24 अप्रैल, तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 25 अप्रैल, 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, अभ्यर्थन की वापसी 27 अप्रैल, पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन 28 अप्रैल, पूर्वाह्न 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक, मतदान 11 मई, को पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 6 बजे तक तथा मतगणना का 13 मई, को पूर्वाह्न 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक निर्धारित किया गया है।

उन्होने बताया कि जनपद में कुल 16 नगर निकाय व 238 वार्डों की संख्या है, जिसके अन्तर्गत कुल 160 मतदान केन्द्र, 532 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। 86 संवेदनशील मतदान केन्द्र तथा 292 संवेदनशील मतदान स्थल, 59 अति संवेदनशील मतदान केन्द्र व 168 अति संवेदनशील मतदान स्थल, 15 अति संवेदनशील प्लस मतदान केन्द्र व 72 अति संवेदनशील प्लस मतदान स्थल हैं। 04 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। 21 जोन, 60 सेक्टर बनाये गये हैं। 48 स्थायी निगरानी टीम, 48 उड़न दस्ता टीम, 16 वीडियो अवलोकन टीम, 44 रिटर्निंग आफिसर, 57 सहायक रिटर्निंग आफिसर, 16 प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु लेखा टीम, 19 सहायक प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु लेखा टीम व मतदान हेतु 2344 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गयी है।



वैरिकेटिंग करते मजदूर।



नामांकन के लिए एसडीएम कोर्ट के बाहर की गयी बैरीकेटिंग।

### नामांकन की तैयारियां पूर्ण, की गयी बैरिकेडिंग

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी कोर्ट कार्यालय में नगर पंचायत फुलपुर के अध्यक्ष व सदस्य पद का नामांकन होगा। वही नगर पंचायत माहुल के समस्त नामांकन उपजिलाधिकारो न्यायिक के कोर्ट कार्यालय में किया जाएगा जिसके लिए तहसील मुख्यालय के नामांकन कार्यालयों की बॉस बल्ली लगाकर बैरिकेटिंग कर दी गयी है। नामांकन प्रक्रिया कल 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलेगी। एक सप्ताह तक चलने वाली नामांकन प्रक्रिया शांति पूर्वक सम्पन्न कराया जा सके जिसके लिए समस्त तैयारियां सुरक्षा की दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती की गई है। जुलूस और वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा। नामांकन करने वाले सहित प्रस्तावक को प्रवेश मिलेगा नामांकन कक्ष तक। उपजिलाधिकारो फूलपुर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने बताया कि चुनाव आयोग से मिले दिशा निर्देश के अनुसार कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। गाइड लाइन से हटकर कार्य करने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। **मेहनगर प्रतिनिधि** के अनुसार नगर निकाय चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। एसडीएम संत रंजन ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु नामांकन उप जिलाधिकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट व सभासद पद का नामांकन मीटिंग हाल निर्धारित है। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती प्वाइंट वार की गई है। जुलूस और वाहनो का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा। प्रत्याशियों द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कार्यवाही होगी।

## संक्षेप

### गंगा समग्र काशी का विधि अधिकारी मनोनीत होने से हर्ष



**ठेकमा (आजमगढ़)।** पंकज कुमार राय एडवोकेट को गंगा समग्र काशी का विधि अधिकारी मनोनीत होने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गयी। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बरदह थाना क्षेत्र के एमके राय दीप आदर्श बालिका पीजी कालेज पर एक बैठक आयोजित हुई जिसमें ठेकमा विकास खंड के ग्राम तम्मरपुर निवासी एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रयाग राज में बिधि अधिकारी पंकज कुमार राय को गंगा समग्र के प्रदेश संगठन मंत्री अम्बरीष द्वारा विधि अधिकारी मनोनीत किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गंगा समग्र काशी के प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी गयी। इस अवसर पर शारदा प्रसाद पाठक, भाजपा नेता रवीन्द्र राय, आरपी राय, डा.पीयूष सिंह यादव, कमला राय, सचिदानंद विश्वकर्मा, डा.असलम अली, एमके राय, डा.पंकज, अनिल राय, भाजपा जिलामंत्री प्रमोद राय, राहुल राय, पवन राय, अरुण उपाध्याय, दिवेश ओझा आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जानकी मंदिर का पांचवां वार्षिकोत्सव



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर का 5वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से नगर वासियों द्वारा मनाया गया। इस दौरान रामचरित मानस पाठ, हवन, प्रसाद वितरण और देर शाम भण्डारा का आयोजन किया गया। मन्दिर के संरक्षक अमित अग्रहरि ने बताया कि माहुल रामलीला मैदान में स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर के 5वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीराम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया और रविवार को पूणार्हुति के अवसर पर हवन, प्रसाद वितरण के अलावा विशाल भण्डारा का आयोजन नगर वासियों के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संजय मोदनवाल, बृजेश मौर्या, सुजीत जायसवाल आंसू, हरिकेश गुप्ता, गोपाल अग्रहरि, छुट्टन गुप्ता, सभाजीत यादव, उपदेश शुक्ल, दुर्गेश जायसवाल, संतोष सोनी, अमित अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि, संतोष मोदनवाल, संदीप ऊर्फ दीपू अग्रहरि, रमेश गुप्ता, ईशू गुप्ता, आशीष चैरसिया, रिंकू राजभर, आदि उपस्थित रहे।

### पांच साल में बदल दें एलपीजी होज पाइप



**मेंहनगर (आजमगढ़)।** एलपीजी होजपाइप को हर पांच साल में बदल दें, इससे दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाती है। उक्त बातें इन्डियन आयल आजमगढ़ के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल पोरवाल ने अनुज इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेन्सी पर जागरूकता कार्यक्रम में कही। विशाल पोरवाल ने बताया कि ग्राहकों के सुरक्षा के लिए होज पाइप प्रतिस्थापन अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि हर साल कई मौकों पर एलपीजी खराब होज पाइप का प्रयोग करते समय दुर्घटनाएं हो जाती हैं जिनमें जान माल की क्षति भी हो जाती है। घटनाओं की पड़ताल से पता चला है कि ग्राहकों द्वारा खराब और नॉन-स्टैण्डर्ड सुरक्षा होज पाइप का प्रयोग किया जाता है। कई मामलों के ग्राहक प्लास्टिक की पाइप इस्तेमाल करते हुए मिले। सहायक प्रबंधक ने बताया कि जिले के सभी डिलेवरी मैन ग्राहकों से पुराना होजपाइप बदलने की अपील कर रहें हैं। ग्राहकों से भी अनुरोध किया जाता है जिनका होज पाइप पांच साल से पुराना हो गया है वो तत्काल अपनी एजेंसी या डिलीवरीमैन से संपर्क करके नया पाइप लगवायें। इस अवसर पर अनुज कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, विक्रम सिंह संतोष, राहुल, आकाश, कल्लू, मोनू सिंह, सीला, प्रेमशीला मौर्य आदि उपस्थित थीं।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु चाय पे हुई चर्चा



**आजमगढ़।** कचहरी स्थित एक चाय की दुकान पर 'चाय पर चर्चा' आयोजित की गई। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे हेलमेट के उपयोग, आईएसआई मार्का हेलमेट का प्रयोग, ईयर फोन लगा के गाड़ी न चलाने की बात, शराब के नशे में वाहन न चलाना, रोड संकेतकों और चिन्हों का अनुपालन इत्यादि तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। यह आयोजन भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के गाइडलाइन के अंतर्गत उनके निर्देश पर किया जा रहा है। जनपद में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान विगत कई दिनों से वेस इंडिया संस्था द्वारा जोरशोर से चलाया जा रहा है। आज आयोजित इस कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए संस्था के निदेशक डा.राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि चाय पर चर्चा का प्रमुख उद्देश्य आम जन को भी छोटी छोटी बैठकों द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। क्योंकि समाज में रहने वाला हर व्यक्ति सड़क उपयोगकर्ता है। उन्होंने कहा कि आसपास के गांव के रहने वाले लोग चाय पीते पीते इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा किया और सड़क सुरक्षा अपनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दशार्यी। इस अवसर पर अनुपम सिंह, डा.राजेश श्रीवास्तव, सचिदानंद, प्रदीप चौबे, संजीव गुप्ता, संजू, रमेश यादव, रामचरित्र, शंभूनाथ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### छिनैती करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना जहानागंज पुलिस ने छिनैती करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उनके पास से छिनैती गये रुपए बरामद कर लिया। राजकुमार पुत्र रामू निवासी गम्भीरवन थाना जहानागंज ने 14 अप्रैल को लिखित तहरीर दिया कि मैं आइक्रीम बेचकर रोजी रोटी चलाता हूं। 13 अप्रैल की शाम मैं आइक्रीम बेचकर घर लौट रहा था। गम्भीरवन के रास्ते में तीन अज्ञात लोग मेरा ठेला रोक लिये और मेरे साथ छीना झपटी करने लगे। ये लोग मेरे जेब में रखे विक्री का 1200 रुपया व मेरा आइक्रीम का ठेला जिसमें आइक्रीम था छीन कर लेकर भाग गये। जब शोर किया तो कुछ लोग वहां पर आ गये तब तक ये लोग वहां से भाग गये थे। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। रविवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अजय राजभर पुत्र देवनाथ राजभर, करन राजभर पुत्र दिवाकर राजभर निवासी खल्लोपुर थाना जहानागंज व आदित्य राजभर पुत्र अजय राजभर निवासी नई थाना मेहनगर को सेवटा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# जिला सचिव के पद पर चुने गये जितेंद्रहरि पांडेय

## भाकपा जिला कौंसिल की बैठक सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज


**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील के गनवारा स्थित एक इंटर कालेज में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौन्सिल की बैठक हुई। इस दौरान जिला कार्यकारिणी चुनाव के अलावा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिला कौंसिल का चुनाव कराया गया जिसमें जितेंद्र हरि पाण्डेय 4 मतों से विजयी हुए।



बैठक को संबोधित करते वक्ता।

जिला कौन्सिल की बैठक जिला सचिव के चुनाव को लेकर बैठक हुई जिसमें जिला सचिव के लिए खरपत्तू राजभर और जितेंद्र हरि पाण्डेय ने पर्चा भरा। चुनाव में जितेंद्र हरि पाण्डेय 26 मत पाए और खरपत्तू राजभर को 22 मत मिले। जितेंद्र हरि पाण्डेय जिला सचिव के लिए 4 मतों से निर्वाचित हुए। भाकपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ.गिरीश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा रोजगार के अवसर समाप्त किया जा रहे हैं। यूपी की पुलिस सरकारी गुंडा हो गयी है। प्रयागराज में जिस ढंग की घटना हुई है, वह स्तब्धकारी है। वामपंथी के संघर्ष की शुरूआत आजमगढ़ एवं मऊ से होगा। भाकपा के प्रदेश सचिव अरबिंद राय स्वरूप ने कहा कि कांग्रेस की बागडोर दिल्ली में है। हम एक पार्टी हैं हम सामाजिक तौर भाकपा हमेशा संघर्ष करती है। इस अवसर पर इम्तियाज वेग, रामाज्ञा यादव, रामनेत यादव, जितेंद्र हरि पाण्डेय, चंद्र भान, राजनरायन, राम चन्दर, मंगल देव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता दुर्बली राम एवं संचालन खरपत्तू ने किया।

# वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बिखेरा जलवा



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।



पुरस्कार प्राप्त करते अव्वल छात्र छात्राएं।

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में स्थित ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें देश भक्ति गीतों, से लेकर आजादी के समय भारत की स्थिति, पर्यावरण संरक्षण, जल संचय, जनसंख्या नियंत्रण, नारी सशक्तिकरण के नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जहानाबाद बिहार के जिला जज आलोक चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि पीजीआई चक्रपानपुर के डॉ.एनके सिंह रहे। कार्यक्रम में एलकेजी के छात्रों द्वारा पूरा हनुमान चालीसा का पाठ करके लोगों को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया गया। वहीं आजकल के बच्चों द्वारा मोबाइल पर सोशल मीडिया से हमेशा चिपके रहने पर सोशल मीडिया फनी नामक एकांकी पेश करके बच्चों को जरूरत से ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल न करने की नसीहत दी। इसके अलावा देश भक्ति कार्यक्रम, नारी सशक्तिकरण, जल संरक्षण, पर्यावरण के साथ-सथ आधुनिकता पर आधारित कई कार्यक्रम काफी मनमोहक रहा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को एनके सिंह द्वारा सम्मानित भी किया गया जिनमें पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान पर दिनेश यादव, कक्षा 2, दूसरे स्थान पर आराध्या सिंह कक्षा 3 व तीसरे स्थान पर अनिकेत यादव रहे। विद्यालय के प्रबंधक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### वार्षिकोत्सव में दिया गया पुरस्कार

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** धनंजय पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक से लेकर 9 तक के छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलेश श्रीवास्तव सिटी कोऑर्डिनेटर एनटीए मौजूद रहे। संचालन योगिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा आए हुए अतिथियों का आभार प्रबंधक प्रभाकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों व बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा एक और 9 के बच्चों, बच्चियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि निलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए 2022 और 2023 लोवर एलकेजी से लेकर 9 क्लास के बच्चों को जिनका अच्छा परफारमेंस रहा है उनके लिए पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया है तथा उनके पेरेंट्स को भी बुलाया गया है। इस मौके पर समस्त शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# केक काटकर मनायी गयी बाबा साहब की जयंती

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के लोहरा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राज कपूर पूर्वांचल के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाई गयी।



केक काटते पूर्व मंत्री बलराम यादव व विधायक त्रिभुवन दत्त।

मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव एवं विशिष्ट अतिथि आलापुर के सपा विधायक त्रिभुवन दत्त रहे। संयुक्त रूप से केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि 14 अप्रैल को भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बाबा साहब की जयंती मनाई जाती है। आज जो समाज में एक नई चेतना दिखाई पड़ रही है, इससे स्पष्ट होता है कि आने वाले समय में समाज मजबूती लाने का कार्य करेगा। समतामूलक समाज का नारा देने वाले बाबा साहब के सपनों का भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत आज उनके आदर्शों व उनके संविधान पर चल रहा है। दबे कुचले शोषित वंचित समाज को एक नई दिशा देने का उन्होंने कार्य किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, मदन यादव सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने उमाशंकर तो सपा ने राजेंद्र को बनाया अपना प्रत्याशी

जनसंदेश न्यूज

**अहरौरा।** नगर पालिका चुनाव को फतह करने के लिए विभिन्न पार्टियां अपना दांवपेच लगाना शुरू कर दी है। इसी के तहत कांग्रेस ने 2017 में निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके उमाशंकर प्रजापति को जहां अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने पूर्व में कांग्रेस से नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके राजेंद्र सोनकर को अपना प्रत्याशी बना कर चुनाव मैदान में उतारा है।

वही बहुजन समाज पार्टी से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिलदार सोनकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। वही भारतीय जनता पार्टी में अभी कौन नगर पालिका अध्यक्ष पद का प्रत्याशी होगा इसको लेकर मंथन जारी है। वर्तमान सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की को भी चुनाव मैदान में उतरने की भी चर्चा है। नगर में नगर पालिका चुनाव की सरगर्मी दिनों दिन जोर पकड़ती जा रही है। शुक्रवार देर शाम नगर के कांग्रेसी आनंद गुप्त के आवास पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र निषाद एवं जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश साहनी की उपस्थिति में हुई बैठक में सर्वसम्मति से कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी उमाशंकर प्रजापति को घोषित किया। बता दें कि श्री प्रजापति 2017 में हुए नगर पालिका चुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग अट्ठारह सौ मत पाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था।

चुनाव हारने के बाद से ही लगातार फील्ड में बने हुए थे और अपनी आगामी जीत के लिए बिसात बिछा रहे थे।

इस बार उनको कांग्रेस अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी है और कांग्रेसियों को विश्वास है कि इस बार का चुनाव वह अवश्य फतह करेंगे। इस अवसर पर आनंद गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी भी उपस्थित रहे।


प्रत्याशी के साथ पार्टी के पदाधिकारी

**नगर पालिका चुनाव 2023**

### अहरौरा नपा चुनाव में छिड़ी जंग

### मतदाता को रिझाने में लगे प्रत्याशी

### नपा अहरौरा से सपा से लड़ेंगे राजेंद्र सोनकर

समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सोनकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि वर्ष 2006 में हुए नगर पालिका चुनाव में राजेंद्र सोनकर कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे और रेखा किन्नर से चुनाव हार गए थे। लेकिन रेखा किन्नर का जाति प्रमाण पत्र फर्जी होने के कारण 2010 में उपचुनाव हुआ और राजेंद्र सोनकर नगर पालिका अध्यक्ष बने। इस बार समाजवादी पार्टी ने उन पर अपना भरोसा जताया है। वही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिलदार सोनकर भी बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं और विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर सभासद प्रत्याशियों की तलाश कर रहे हैं। युवा नेता एवं वर्तमान सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह अपना दल से चुनाव लड़ने के लिए अपने समर्थकों के साथ जोर शोर से अपने प्रचार में जुटे हुए हैं।


लालगंज में गश्त करते एसडीएम व सीओ लालगंज

### उप चुनाव के मद्देनजर एसडीएम व सीओ ने किया पैदल मार्च

**लालगंज।** अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह व एसडीएम भरत लाल सरोज व सीओ दीक्षांत राज व थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रविवार को शांति व कानून व्यवस्था के लिए बाजार में रूट मार्च निकाला। विधानसभा उपचुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, एसडीएम व सीओ के साथ भारी संख्या में पुलिस बल के साथ लालगंज बाजार में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वों में भय पैदा करने तथा नागरिकों में सुरक्षित वातावरण में विश्वास बनाने के लिए पुलिस बल के साथ रुट मार्च किया गया। लालगंज थाने से आरंभ होकर मेन रोड पर विजयपुर तिराहे से होते हुए दुबार तिराहे से आगे इंटर कॉलेज तक एवं तहसील रोड पर रुट मार्च किया गया। तथा लोगों से संवाद कर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील भी की गई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक ज्ञानूप्रिया सहित थाने के उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल मौजूद रहे।

## कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ पर होगी कड़ी कार्रवाई : एडीएम वित्त

### एडीएम व एसपी सिटी ने भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा


नगर की सड़कों पर पैदल गश्त करते एडीएम व एसपी सिटी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु पुलिस अधिकारीगण द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त/क्षेत्र भ्रमण व चेकिंग कर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखी जा रही।

रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल के अधिकारीगण द्वारा अपने क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त, क्षेत्र भ्रमण करते वाहन चेकिंग की जा रही है। पैदल गश्त, क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारीगण द्वारा जनपद के संवेदनशील मौहल्लों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में आमजन से जनसंवाद स्थापित कर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्ण बनाये रखने तथा भाईचारे का कायम रखने की अपील भी की जा रही है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति द्वारा व क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा के साथ नगर क्षेत्र में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओ.पी.सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी भरतलाल व क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षान्त राज सहित सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण मय भारी संख्या में पुलिस, पीएसी बल के साथ पैदल गश्त व क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान दुकानदारों व राहगीरों सहित आम जनमानस से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना क्षेत्र में सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

## विषाक्त का सेवन कर प्रेमी प्रेमिका अचेत

**हड़कंप**

### मण्डलीय अस्पताल रेफर घटना के बाद मचा हड़कम्प

**मड़िहान।** थाना संतनगर क्षेत्र के पटेहरा कला गांव के तीन बच्चों के पिता का प्रेम अपने पड़ोस के 18 वर्षीय युवती के साथ हो गया। दोनों के प्रेम धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा व मौका मिलते ही 13 अप्रैल को दोनों घर से फरार हो गये। पुलिस खोजबीन करने में जुटी हुई थी कि कार्यवाही के भयवश बैगन में डालने वाला कीटनाशक की दवा का सेवन कर दोनों स्वयं को मौत के घाट उतारने के प्रयास करने लगे। हालांकि कीटनाशक दवा का सेवन करते समय प्रेमी के माँ का नजर पड़ गयी व घर आकर परिजनों को सूचना दिया। परिजनों द्वारा दोनों को एम्बुलेंस से पीएचसी पटेहरा लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु एम्बुलेंस से दोनों को मण्डलीय अस्पताल रेफर किया गया। बताया जाता है कि पटेहरा कला निवासी 27 वर्षीय अर्जुन अपने पड़ोस की 18 वर्षीय लड़की लेकर 13 अप्रैल को घर से गायब हो गये। अर्जुन की पत्नी अंजली रविवार को सन्तनगर थाना में अपने पति के गायब होने का तहरीर दिया, तब तक अर्जुन की माँ धनिया खोजबीन करते हुये जंगल के किनारे बने अस्थाई गौशाला में दोनों को विषाक्त का सेवन करते देखा और तत्काल घर आकर परिजनों को सूचना दिया। परिजन आनन फानन में एम्बुलेंश से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार कर दोनों प्रेमी प्रेमिका को बेहतर इलाज हेतु एम्बुलेंश से मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। अर्जुन के पिता छांगुर ने बताया कि अर्जुन दो भाइयों में सबसे बड़ा है जिसे दो लड़की और एक लड़का है, जिसकी शादी देवरी दुबार खास में टीडू के पुत्री अंजली से हुई है। समाचार लिखे जाने तक दोनों प्रेमी-प्रेमिका का हालत गंभीर बताई गयी। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष सन्तनगर कमल टावरी ने बताया कि आज ही तहरीर मिली थी। खोजबीन की जा रही थी। तब तक विशाक्त का सेवन कर लिया। पटेहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉक्टरों द्वारा मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने पर हुई गिरफ्तारी

**मीरजापुर।** थाना चुनार पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के अभियोग से सम्बन्धित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना चुनार, जनपद मीरजापुर पर 15 अप्रैल 2023 को वादी कृष्णानन्द पाठक पुत्र गोपाली निवासी चौखड़ा कुदरा, भभुआ बिहार द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा 498 ए, 306 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 जयदीप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद आरोपी नितीश मिश्रा पुत्र अजय मिश्रा निवासी कुशहा थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त/अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## त्योहार व उपचुनाव पर बनी हुई है पुलिस की नजर : ज्ञानू प्रिया

**बैठक**

### पीस कमेटी की बैठक में शामिल हुए क्षेत्र के गणमान्य लोग

जनसंदेश न्यूज


थाने में लोगों से वार्ता करतीं थानाध्यक्ष

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में छानने विधान सभा उप चुनाव एवं ईद त्यौहार के मद्देनजर रविवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की समस्या हो तो पुलिस को सूचित करें। क्योंकि चुनाव व त्यौहार में शांति व्यवस्था आपसी विश्वास बरकरार रखते हुए बढ़ाए जाने की जरूरत है।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से पूछताछ की किसी प्रकार की सामाजिक समस्या नहीं आनी चाहिए या अन्य समस्याएं आने पर तत्काल सूचित करें। उन्होंने कहा शांति सुरक्षा व्यवस्था के पुलिस तत्काल सजग सहयोग के लिए मौजूद है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आप लोगों की सहयोग की जरूरत है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित व्यवस्था के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित है। क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश पांडे ने आगाह किया कि त्यौहार और उपचुनाव पर पुलिस की नजर बनी हुई है। किसी प्रकार की गतिविधि पर पुलिस मौजूद रहेगी। कहा कि चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा है। उपचुनाव के चुनाव में पुलिस की अपनी गतिविधि निरंतर बनी हुई है संदिग्ध व्यक्ति की पाए जाने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने में सहयोग दे। पुलिस किसी भी परिस्थिति में जनता के सहयोग में तत्पर है। बैठक में पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी, ग्राम प्रधान गणेश शंकर द्विवेदी, हफीज अहमद, रहीस अहमद, जुम्मन खां, जंगाली, तूफानी लाल यादव, मनोज केसरी, दिलीप केसरी, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### छानबे से कांग्रेस ने अजय कुमार को बनाया उम्मीदवार



**मीरजापुर।** जिले के छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अंत समय में अपने प्रत्याशी का ऐलान किया है। कांग्रेस पार्टी में जमीन से जुड़े कार्यकर्ता अजय कुमार को प्रत्याशी बनाया है। टिकट के लिए कई दिग्गज नेता दौड़ में थे, जहां पर इस बार विगत नेताओं को दरकिनार करते हुए कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसे चेहरे को प्रत्याशी बनाया है, जो बिल्कुल नया है। इससे पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूर्व विधायक भगवती चौधरी मैदान में थे, जहां पर उन्हें चुनाव में करारी हार मिली थी। ऐसे में उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उम्मीदवार को बदलकर कई लोगों के पत्ते को बंद कर दिया है। जिले के कई गुट नेताओं ने गुपचुप तरीके से प्रियंका गांधी को छानबे से नए उम्मीदवार बनाने को लेकर बात कही थी। जिसके बाद प्रियंका गांधी के हस्तक्षेप के बाद एक नए उम्मीदवार का ऐलान किया गया है।

### कॉपीराइट एक्ट के आरोप में पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना को0कटरा पुलिस द्वारा ट्रेड मार्क व कॉपीराइट एक्ट से सम्बंधित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0कटरा, मीरजापुर पर 15 अप्रैल 2023 को वादी कृष्ण कुमार सिंह पुत्र स्व0 श्रीराम उदित निवासी सेक्टर 19 द्वारका नई दिल्ली द्वारा नामजद के विरूद्ध नामजद द्वारा कम्पनी के नाम का नकल बनाकर इस्तेमाल करने के सम्बंध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0कटरा पर धारा 420 भादवि, 103/104 ट्रेडमार्क अधि0 व 63/65 कॉपीराइट एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कटरा को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को व0उ0नि0 अरविन्द कुमार सरोज मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद आरोपी कृपा जायसवाल पुत्र स्व0 बिष्णु जायसवाल निवासी सबरी फाटक जंगी रोड़ थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### चोरी के जुर्म में पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बंधित 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना अदलहाट, मीरजापुर पर 19 फरवरी 2023 को थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत कोलउन्द निवासी दिनेश कुमार पुत्र स्व0 शोभानाथ द्वारा लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना अदलहाट पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 राकेश कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से आरोपी सरफराज पुत्र इद्रीश अली निवासी बहादुरपुर नेवाटी टोला थाना मुगलसराय चन्दौली को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर पंजीकृत धारा 379,411,414 भादवि में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के रौतेलिया बस्ती नहर के पास से शनिवार की रात पुलिस ने एक व्यक्ति को बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मुचलके पर छोड़ दिया। एसआई श्याम लाल शनिवार रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिकटा गांव निवासी एक व्यक्ति गैलन में अवैध कच्ची शराब लेकर कही बेचने के लिए जा रहा है एसआई श्यामलाल ने मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान रौतेलिया नहर के पास पहुंचकर सिकटा गांव निवासी धर्मराज को बीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है। इस संबंध में उपनिरीक्षक श्यामलाल ने बताया कि शनिवार की रात बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

### करंट की चपेट में आने से राजगीर मिस्त्री की मौत

**मीरजापुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के विसुंदरपुर में विद्युत करंट की चपेट में आने से राजगीर मिस्त्री की मौत हो गई। बताया जाता है कि विसुंदरपुर निवासी संगल अपने घर के बगल में पड़ोसी के घर मकान बनाने का कार्य कर रहा था। उसी समय वह विद्युत करेंट की चपेट में आ गया। संगल को करंट की चपेट में देख कर परिजनों में कोहराम मच गया और उसको करंट से बचाते हुए उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भर्ती कराया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 20 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उपनिरीक्षक शिवानन्द राय मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी इन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल निवासी कोन भरूहवा थाना राजगढ को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## आर्बीट्रेशन में दो मुकदमों का निस्तारण

### 4 लाख 27 हजार 546 रुपये अवार्ड किया गया पारित

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** रविवार को दीवानी न्यायालय परिसर, मीरजापुर में आर्बीट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल की अध्यक्षता में किया गया। विशेष लोक अदालत (आर्बीट्रेशन) में प्रथम अपर जिला जज रचना अरोड़ा, विशेष न्यायाधीश एस.सी. एस. टी. एक्ट बलजोर सिंह, विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट जितेन्द्र मिश्रा, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सन्तोष कुमार त्रिपाठी, पंचम अपर जिला जज चन्द्र शेखर मिश्र, अपर जिला जज / अति० पॉक्सो तालेवर सिंह, अपर जिला जज / नोडल अधिकारी वायु नन्दन मिश्र एवं अपर जिला जज, एफ.टी.सी. / सचिव लाल बाबू यादव उपस्थित थे। विशेष लोक अदालत में दीपक कुमार श्रीवास्तव, एवं न्यायालयों के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित होकर सहयोग किया। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने 01 आर्बीट्रेशन निष्पादन वादों को निस्तारित किए और एवार्ड धनराशि रू0 2लाख 65 हजार 496 पर समझौता किए। न्यायालय प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश रचना अरोड़ा ने 01 आर्बीट्रेशन निष्पादन वादों को निस्तारित किया और एवार्ड धनराशि 1लाख 62 हजार 050 पर समझौता किया।

### पति सहित तीन के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में बीते 10 अप्रैल को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्म हत्या मामले में रविवार शाम को तीता गांव निवासी मृतका के भाई बुद्धिलाल की तहरीर पर पुलिस ने पति तथा उसके दो भाइयों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। दी गई तहरीर में मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि बहन पूजा कुमारी की शादी सुकतरवा मुड़पेली गांव निवासी मुकेश के साथ बीते वर्ष 27 मई को हुई थी। बीते 10 अप्रैल को पूजा की सास पनाऊ देवी मेरे घर पर आकर बताई कि बहन पूजा की मौत हो गई है। बहन की मौत का समाचार सुनकर हम लोग उसके घर पहुंचे तो बहन पूजा पलंग पर मृत पड़ी थी। आरोप लगाया कि पूजा के पति मुकेश तथा उसके भाई राजकुमार व बृजेश उर्फ बबलू दहेज को लेकर बहन की हत्या कर दिए थे। विवाहिता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति तथा दो देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति तथा उसके दो भाइयों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुनः एक दूसरे के साथ रहने को राजी हुए 4 बिछड़े दम्पति

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 04 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 04 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र म0नि0 सीमा सिंह, म0उ0नि0 शशि तिवारी, मुख्य आरक्षी प्रमोद पाण्डेय, महिला आरक्षी सपना तथा सेवानिवृत्त नि0 प्रकाश गुप्ता निर्मला राय, डॉ.कृष्णा सिंह व कृष्ण कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पहले भगवान ने मारा अब मवेशी निगल रहे हैं निवाला

**संकट**

### किसानों के लिए काल बने अवारा मवेशी

### चट कर रहे हैं किसानों की फसल

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के आतंक से किसानों का जीना हराम हो गया है। आवारा पशु से बचाव के लिए किसानों द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराए जाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है किसानों ने पूर्व से लेकर आज तक मांग की जा रही है कि लालगंज मुख्यालय के समीप एक गांआश्रय संचालित किया जाए। किंतु हो नहीं पा रहा है। क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के द्वारा किसानों की खेत से लेकर खलिहान तक में रखी फसल हजम करते हुए नष्ट कर दिया जा रहा है। किसान दिन रात रखवाली में लगा हुआ है। इसका कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। छुट्टा पशुओं को लेकर किसानों द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र भी दिया जा चुका है किंतु लगता है कि यह काम अधिकारियों के लिए कठिन हो चुका है। बस्तरा राजा निवासी संतोष पटेल ने कहा कि छुट्टा पशुओं के बचाव के लिए लालगंज मुख्यालय के समीप गौ आश्रय खोला जाना किसानों के हित में अत्यंत आवश्यक है। मेढरा निवासी राकेश पांडे, चिंतामणि दुबे, ललई विश्वकर्मा, उमाशंकर, त्रिलोकी नाथ शर्मा, आदि लोगों ने बताया कि फसल की रखवाली करने के बावजूद भी छुट्टा पशुओं के द्वारा 50 परसेंट फसल छुट्टा पशु के आगोश में चली गई बताया कि हम किसानों द्वारा कर्ज लेकर खेती करते हैं कभी ओला से खेती तबाह हो जाती है। कभी सूखा पड़ जाता है जो बचता है वह छुट्टा पशुओं के आगोश में चला जाता है। हम किसान असहाय हैं हम किसानों की पीड़ा अधिकारियों द्वारा अनसुनी किया जा रहा है। क्षेत्र के किसानों द्वारा मांग की गई कि लालगंज बाजार के समीप गौ आश्रय संचालित कराया जाए जिससे किसानों की गाढ़ी कमाई बचाया जा सके।

## बिजली कटौती से रोजेदारों और बच्चों का हाल बेहाल

**अदलहाट।** नरायनपुर पावर हाउस से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती से रोजेदारों, बुजुर्गों एवं बच्चों का बुरा हाल है। अप्रैल महीने में कड़ी धूप की तपिश आम जन जीवन का कड़ा इम्तेहान ले रही है। लोगों का घर से बाहर निकलना मुहाल हो गया है। वहीं नरायनपुर विद्युत विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाये हुआ है। बताते चलें कि नरायनपुर अहरौरा जंगल महल पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई मात्र 7 - 8 घंटे ही हो रही है।

वोल्टेज इतना कम है कि पंखे भी चलने में शर्म खाने लगे हैं। साथ ही मच्छर भी अपना आतंक मचाये हुए हैं। लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों के कान तक जूँ नहीं रेंग रहे हैं। जे0 ई0 सुशील कुमार का नम्बर डायल करने पर स्विच आफ बात रहा है। आखिर जनता किससे शिकायत करे। अगर जल्द से जल्द इन पर कार्यवाही नहीं किया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों की हालत बिगड़ सकती है। जल्द ही गर्मी से बुजुर्गों और बच्चों के बीमार होने की खबर आने लगेगी। अभी गर्मी का लम्बा सफर काटना है। जब आगाज ये है तो अंत क्या होगा।

## पीस कमेटी की बैठक में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील

**सीखड़।** खैरा पुलिस चौकी पर रविवार को पीस कमेटी की बैठक चौकी प्रभारी गिरधारी सिंह के नेतृत्व में की गई। चौकी प्रभारी ने कहा कि प्रयागराज में घटित घटना व ईद का त्यौहार सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी के सहयोग की आवश्यकता है। व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 144 धारा लगाई गई है उसका उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उक्त अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान उदय शंकर कनौजिया, मनोज कुमार सिंह, रमेश सिंह, राम निहोर सिंह, कल्लू तिवारी, पूर्व ग्राम प्रधान राम बिसुन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ईद को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**चुनार।** कोतवाली में उप जिलाधिकारी नवनीत सेहारा की अध्यक्षता में रविवार को सायं 4 बजे ईद के मद्देनजर देखते हुए पीस कमेटी की बैठक की गई। नगर के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि मस्जिदों के रास्ते की साफ सफाई की व्यवस्था की जाएं। अजान के दौरान सड़क पर सुअर को न छोड़ा जाए। एसडीएम ने लाइट, पानी की व्यवस्था दुरुस्त रहे इसके लिए विद्युत विभाग व जलकल विभाग को निर्देश दिया। साथ ही नगर पालिका को सफाई के लिए कहा। इस दौरान सूअर पालन के ठिकानों पर एसडीएम नवनीत सेहरा ने जाकर कहा कि आप लोग ईद के दिन सूअर सड़क पर नहीं छोड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने कुछ सूअर पालकों को नोटिस भेजा। इस दौरान सीओ उमाशंकर सिंह, कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन, एसएसआई संजीत बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में नगर के पूर्व चेयरमैन मंसूर अहमद, मोहम्मद यासीन, राजू यादव, सूर्य बली यादव, ज्योति प्रकाश सिंह, संतोष गुप्ता, दिलीप सोनकर, सर्वेश सोनकर, आदि उपस्थित रहे।

## आपस में मिलकर मनायें त्योहार

**बोले नवनीत सेहरा**

### ईद व अलविदा के नमाज को लेकर बुलाई गई पीस कमेटी की बैठक

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**अहरौरा।** स्थानीय थाना परिसर पर ईद पर्व एवं अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मड़िहान अनिल कुमार पांडेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अहरौरा राम दुलार यादव, मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि शांति पूर्वक सौहार्द तरीके से त्यौहार मनाया जाए। त्योहारों में अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा गड़बड़ी की जाती है तो ऐसे व्यक्ति के साथ कानूनी कार्रवाई करने में किसी भी तरह की कोताही नहीं की जायेगी। समाज में गड़बड़ी करने वाले ऐसे व्यक्ति के साथ कानून की जितनी भी धाराएं शांति भंग की बनती है उसे लगाने में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं की जाएगी। बैठक में आए हुए संभ्रांत जनों को क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मड़िहान ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह को बैठक में उपस्थित जनों ने बिजली एवं पानी साफ सफाई की समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी के समक्ष इन मांगों को रखा। जिस पर उनके द्वारा त्योहारों पर विशेष इंतजाम करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर चौकी प्रभारी इंद्रजीत यादव, इमलिया चट्टी चौकी चौकी प्रभारी दिलीप गुप्ता, सदानंद यादव, अरुण यादव, मोदी यादव, इजहार खान, एजाज खान, सुबास चंद्र यादव, शाकिर खान बबलू, सांसद प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंह मिक्की, राम विजय यादव, राजन प्रजापति, सेक्रेटरी हनीफ अंसारी ग्राम प्रधान सतनरायण बिंद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खुटहां इम्तियाज अंसारी, प्रधान शिवकुमार बिंद, प्रधान लक्कड़ भारती, रशीद खान, मंजूर अली अंसारी, अब्दुल वहाब उर्फ कल्लू, हिमांशु उर्फ शिबू केसरी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव : 269058 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**बैठक**

**99 मतदान केंद्रों के 307 मतदेय स्थलों पर 11 मई को पड़ेगा वोट**

**धारा-144 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही-डीएम**

**कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम, एसपी ने की बैठक**

**बोले सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारी पूरी, अराजकतत्वों से सख्ती से निबटेगा प्रशासन**

**आयोग ने तय की चुनाव के लिए अधिकतम व्यय की सीमा, प्रत्याशियों द्वारा खोला जायेगा नया खाता**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के मतदान व मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष तरीके से राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शिता, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा। जनपद में इस समय धारा-144 लागू है, इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निकाय निर्वाचन हेतु निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय कमेटी गठित की गयी है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी सदस्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी सदस्य/सचिव नामित किये गये हैं। आयोग द्वारा नगर निकाय सामान्य निर्वाचन के चुनाव के लिए अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित कर दी गयी है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के लिए 9 लाख रुपए, सदस्य के लिए दो लाख रुपए, अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए 2 लाख 50 हजार तथा सदस्य नगर पंचायत के लिए 50 हजार अधिकतम व्यय की सीमा निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने की तिथि से निर्वाचन की घोषणा तक प्रतिदिन विभिन्न मदों में जो व्यय किया जायेगा, उसका लेखा-जोखा तैयार किया जायेगा। चुनाव से सम्बन्धित व्यय किये जाने हेतु प्रत्याशी द्वारा एक अलग से खाता खोला जायेगा। उक्त खाता की सूचना रिटर्निंग अधिकारी एवं जनपद स्तरीय कमेटी को दी जायेगी। निर्वाचन में व्यय की गयी धनराशि के भुगतान की कार्यवाही उक्त खाता से प्रत्याशियों द्वारा की जायेगी।

निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर तैयार कराकर रिटर्निंग अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त रजिस्टर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतीक आवंटन के दिन सभी प्रत्याशियों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। सभी प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गयी धनराशि को प्रतिदिन निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा तथा निर्वाचन व्यय लेखा की सूचना जनपद स्तर पर गठित कमेटी को प्रत्येक सप्ताह प्रस्तुत की जायेगी।

प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मदों जो धनराशि व्यय की जायेगी उन मदों में व्यय की जाने वाली दरों का निर्धारण जिलास्तरीय कमेटी द्वारा किया जायेगा तथा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित दरों के सम्बन्ध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया जायेगा। निर्वाचन समाप्त होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों द्वारा तीन माह के भीतर निर्वाचन से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर बाउचर सहित जिलास्तरीय समिति को उपलब्ध कराया जायेगा। व्यय लेखा रजिस्टर का परीक्षण प्रभारी अधिकारी व्यय-लेखा द्वारा किया जायेगा। इसके उपरान्त व्यय लेखा का परीक्षण जिलास्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। परीक्षण में यदि किसी प्रत्याशी द्वारा निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा से अधिक धनराशि व्यय की गयी पायी जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

इस दौरान एसपी यशवीर सिंह ने नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान किये गये सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया निकाय चुनाव के लिए 99 मतदान केन्द्र व 307 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

जिसमें 29 संवेदनशील मतदान केंद्र 92 मतदेय स्थल, 29 अति संवेदनशील केंद्र, 98 मतदेय स्थल व 10 अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्र व 25 मतदेय स्थल पर सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है। केंद्रों पर उत्पात मचाने वालों से सख्ती से निबटा जायेगा। बता दें कि जिले के दस नगर निकाय चुनाव में 145900 पुरूष व 123158 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी से जिला प्रभारी कैलाश प्रसाद त्रिपाठी, कांग्रेस से प्रदीप चौबे, समाजवादी पार्टी से अनिल यादव, बहुजन समाज पार्टी से बलवंत रंगीला, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष समेत तमाम तमाम लोग उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डीएम चंद्रविजय सिंह

## नाम निर्देशन पत्र क्रय व जमा करने की अन्तिम तिथि २५ तक

**सोनभद्र।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं नगर पंचायत, घोरावल, चुर्क-घुर्मा, चोपन, ओबरा, डाला-बाजार, दुद्धी, रेनुकूट, पिपरी तथा अनपरा के अध्यक्षों तथा सदस्यों के सामान्य निर्वाचन हेतु विनिर्दिष्ट समय-सारणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सूचना निर्गत करने की की तिथि 17 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने की अंतिम तिथि 24 तक, संवीक्षा 25 को, अभ्यर्थन की वापसीा 27 को, प्रतीक आवंटन 28 अप्रैल को होगा। मतदान 11 मई को होंगे तथा मतगणना 13 मई को समाप्ति तक निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित निर्वाचन अधिकारी सम्बन्धित क्षेत्रों के निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना उनके लिए सन्दर्भित समय सारिणी में निर्धारित दिनांक को निर्गत करेंगे तथा उसकी प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजेंगे। समस्त नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपर्युक्त कार्यक्रम का अपने से सम्बन्धित जिला तथा नगरीय निकायों के क्षेत्र में व्यापक प्रचार करायेंगे तथा उसकी प्रतियां सम्बन्धित कार्यालयों तथा नगरीय निकायों के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करेंगे। सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान पांच सूत्री रणनीति पर लगातार फोकस किया जाएगा, यानी टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करेंगे। जिला मशीनरी द्वारा प्रभावी ढंग से कोविड स्थिति की निगरानी की जाएगी और आवश्यक कानूनी/प्रशासनिक मानदंड निर्धारित करके कोविड उपयुक्त व्यवहार के मानदंडों को लागू किया जाएगा।

## नगर निकाय चुनाव की तैयारी हुई पूरी, आज से होगा नामांकन




नामांकन केंद्र बना ओबरा महाविद्यालय

**ओबरा।** प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू हो रही है। ऐसे में ओबरा, चोपन और डाला निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के नामांकन के लिए राजकीय महाविद्यालय ओबरा को नामांकन केंद्र बनाया गया है।

राजकीय महाविद्यालय में ओबरा, चोपन, डाला नगर निकाय से जुड़े अध्यक्ष और सभासद पद के प्रत्याशी अपना नामांकन कर पाएंगे। इस दौरान महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पूरी कराने के लिए प्रशासन की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन की तरफ से एक दिन पूर्व ही कालेज के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही नामांकन के दौरान आने वाले वाहनों को नामांकन स्थल से सौ मीटर दूर ही खड़ा करने की व्यवस्था की गई है।

निकाय चुनाव प्रभारी तहसीलदार सुशील कुमार ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय ओबरा नामांकन केंद्र पर ओबरा, चोपन और डाला नगर निकाय से जुड़े प्रत्याशियों का नामांकन किया जाएगा। इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 24 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की बिक्री की जायेगी। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल और वापसी की तिथि 27 अप्रैल तय की गई है। नामांकन की सारी प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए महाविद्यालय के आठ कमरों को नामांकन केंद्र में तब्दील किया गया है। बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी और प्रस्तावक ही नामांकन स्थल पर जा सकेंगे। इस दौरान सीओ डा. चारु द्विवेदी के नेतृत्व में नामांकन स्थल के चारों तरफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

## चार दर्जन से अधिक बैरियरों पर होगी चेकिंग: एसपी



**सोनभद्र।** एसपी डा. यशबीर सिंह ने बताया निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की जा रही है। 26 अंतर्राज्यीय व इतने ही अंतरजनपदीय बैरियर लगाकर चेकिंग की जाएगी। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। निकाय चुनाव को देखते हुए जिले को 13 जोन व 31 सेक्टर में विभाजित किया गया है। मतदान के दिन केन्द्रों पर तो पुलिस की पर्याप्त तैनाती रहेगी इसके अलावा पुलिस टीमें चक्रमण करती रहेंगी। जिले में धारा 144 लागू है जो भी इसका उल्लंघन करेगा उस पर कार्रवाई होगी।

## संक्षेप

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**डाला।** पुलिस अधीक्षक ने निर्देशानुसार नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर अपराध व अपराधियों की रोकथाम को लेकर चल रहे अभियान में बीएसएनएल टावर के पास शनिवार की देर सायंकाल एक युवक को तमंचे व एक जिंदा कारतुस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में भ्रमण शील था एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में बीएसएनएल टावर के पास खड़ा मिला, टावर के पास ज्यों ही रुका तो युवक पुलिस के वाहन तो देखकर भागने लगा। तभी युवक को दौडा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम रणजीत श्रीवास्तव ऊर्फ छोटू पुत्र गिरिश श्रीवास्तव निवासी मलिन बस्ती बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतुस बरामद हुआ। युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई। टीम में चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, आनंद कुमार शामिल रहे।

### दंत रोग के प्रति जागरूकता को हुई कार्यशाला

**सोनभद्र।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन शाखा का स्थापना दिवस एवं डेंटल कार्यशाला का आयोजन रविवार को रावर्ट्सगंज नगर में किया गया। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा अमित शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा प्रदीप अग्रवाल, सचिव डा सचिन प्रकाश ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। आईडीए ब्रांच के अध्यक्ष डा अरविंद कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते अतिथिगण

सचिव डा एस रमन त्रिपाठी ने कहा कि एसोसिएशन का गठन सोनभद्र में हुआ है और इसका उद्देश्य दन्त चिकित्सा में नित्य खोज की कार्यशाला के साथ समाज में दन्त रोग के बारे में जागरूकता फैलाना है। आज के परिवेश में जागरूकता न होने के कारण मुख कैंसर जैसे गंभीर बीमारी दन्त रोग से ही हो जाती है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से प्रोफेसर डा टी पी चतुवेर्दी, डा मुरारी शर्मा, डा मनोज श्रीवास्तव, डा विकास तिवारी, डा अमर अनुपम, डा प्रवीण एवं प्रयागराज से डा आशुतोष सिंह, डा संदीप शुक्ला, डा आलोक त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डा दिनेश कुमार सिंह, अनिल कुमार जायसवाल, नवनीत टण्डन, विनोद जायसवाल, याकिब, डा मीनाक्षी, डा अरविन्द, डा मनीष सिन्हा, रोहित केडिया, अनुराधा, सौम्या, अजय, चंदन, राज बहादुर, नरेंद्र, प्रमोद आदि मौजूद रहे। संचालन एस रमन त्रिपाठी, रवि त्रिपाठी एवं भव्य श्रीवास्तव ने किया।

### कामन हैडर खोलते एक परियोजना कर्मी सहित दो झुलसे

**ओबरा।** स्थानीय तापीय परियोजना में रविवार को पीआरडीएस लाइन का कामन हैडर खोलते समय अचानक ब्लास्ट हो गया। इसके चलते उक्त काम कर रहे एक टेक्निशियन तथा एक श्रमिक झुलस गए। इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में में मौजूद लोगों द्वारा दोनों घायलों को तापीय परियोजना चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात विंध्याचल शाह टेक्नीशियन प्रथम को घर भेज दिया गया साथ ही गंभीर रूप से झुलसे कृष्ण देव को बेहतर इलाज हेतु वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ब ताप घर की 200 मेगावाट क्षमता वाली तेरहवीं इकाई का रविवार की दोपहर 2 बजे के करीब बॉयलर से जुड़े पीआरडीएस लाइन का कामन हैडर खोलते समय किसी कारणवश अचानक ब्लास्ट हो गया। इसके चलते दोनों श्रमिक झुलस गए। समाचार दिए जाने तक दोनों लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे थे।

## बाइक के धक्के से महिला की मौत

**अनपरा।** थाना क्षेत्र में बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने घायल अवस्था में महिला को एंबुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय डिबुलगंज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि सुकवरी देवी 45 पत्नी लखन खरवार निवासी डी प्लांट रोड डिबुलगंज अपनी बेटी के साथ बाजार से पैदल अपने घर की ओर जा रही थी कि अचानक रामलीला मैदान के समीप मुख्य मार्ग पर तेज रफ़्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने महिला को उपचार हेतु एंबुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय डिबुलगंज में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है।

## शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च

**फ्लैग मार्च**

**प्रयागराज में अतीक व अशरफ की हत्या के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट**

**दिया सुरक्षा का भरोसा**

जनसंदेश न्यूज



रावर्टसगंज नगर में एएसपी कालू सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च करती पुलिस टीम

**सोनभद्र/चोपन।** प्रयागराज में मेडिकल चेकअप कराने के लिए जाते समय अस्पताल के गेट पर माफिया अतीक अहमद और उसके भाई असरफ की पुलिस अभिरक्षा में ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद पूरे सूबे में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। इसी के तहत जिले में भी शांति व्यवस्था कायम रखने को ले कर पुलिस महकमा सक्रिय हो गया है।

इस क्रम में जिले के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर शान्ति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों तथा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में रविवार को पुलिस/पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

रावर्ट्सगंज नगर में भी पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के नेतत्व में पुलिस बल द्वारा कस्बा शाहगंज व राबर्ट्सगंज में फ्लैग मार्च/रुट मार्च किया गया। वहीं स्थानीय लोगों से वार्ता की गयी, इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी ओबरा डा चारू द्विवेदी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्रों के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस बल अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों तथा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया कि पुलिस बल आम जनमानस की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। चोपन संवाददाता के अनुसार-थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत पुलिस बल के साथ पूरी रात थाना क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। वहीं रविवार को भी क्षेत्र में पुलिस बल चक्रमण करती रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि धारा 144 लागू है, ऐसे में कहीं भी कोई जुलुस, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं होगा। किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वाले बक्से नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव के मद्देनजर यूपी पुलिस अलर्ट है। सोशल मीडिया सेल में एक विशेष टीम का गठन किया गया है, ये टीम चुनाव में 24 घंटे इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाले संदेशों पर नजर रख रही है। ओबरा संवाददाता के अनुसार-प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा पुलिस बल के साथ पूरी रात थाना क्षेत्र के कई इलाकों में चक्रमण करते रहे। वहीं रविवार को भी थाना क्षेत्र में पुलिस बल चक्रमण करते हुए देखी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में धारा 144 लागू है। ऐसे में कहीं भी कोई जुलुस, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं होगा। अफवाह फैलाने वाले बक्से नहीं जायेंगे।

## दोनों डिप्टी सीएम से मिले जंगली बाबा यज्ञ में आने का दिया आमंत्रण

**तैयारी**

**22 से 30 अप्रैल तक चलेगा यज्ञ, अंतिम दिन होगी निर्धन कन्याओं की शादी**

**सोनभद्र।** आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका गोमती नदी तट लखनऊ में आगामी 22 अप्रैल से आयोजित विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी के लिए यज्ञ का मेन गेट बनाया गया है। यज्ञ मंडप को अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं। यज्ञ कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज ने प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम क्रमशः बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर यज्ञ में आने का आग्रह किया। जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। जिससे यज्ञ समिति से जुड़े लोग कार्यक्रम की सफलता को लेकर काफी उत्साहित हैं। बता दें कि विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में गोमती नदी तट पर 22 से 30 अप्रैल के बीच संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए यज्ञ स्थल का मेन गेट व यज्ञ मंडप बनाया जा रहा है। जिसे अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं। इसके अलावा यज्ञ पांडाल परिसर को चारों तरफ से घेराबंदी भी की जा रही है, ताकि कोई बाधा न आए। जंगली बाबा ने बताया कि यज्ञ की वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के लिए भारत सरकार की प्रयोगशालाओं को निर्देशित करने के लिए निवेदन के साथ प्रधानमंत्री को पत्रक भेजा गया है। सहयोग के लिए मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी पत्रक की प्रति भेजी गयी है। इसके अलावा प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर यज्ञ में आने का आग्रह किया गया जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है तथा यज्ञ में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भिखारी बाबा ने बताया कि हरिद्वार से आए आचार्य राघवेंद्रचार्य प्रतिदिन श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे।



डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से भेंट करते जंगली बाबा

## एनटीपीसी रिहंद में मनी अंबेडकर जयंती, आयोजित हुए कार्यक्रम

**बीजपुर।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह का आयोजन अनु जाति/अनु जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित इंद्रधनुष प्रेक्षागृह में किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। वहीं 100, 200 एवं 400 मीटर रेस, तीव्र चाल प्रतियोगिता, बाल थ्रो प्रतियोगिता, ध्वज दौड़ प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था।

मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवनकाल में अत्यधिक मुसीबतों का सामना किया है। डा. अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में सामने आए। इन्होंने देश के संविधान का प्रारूप तैयार करने के अलावा, भारत के भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और वकील के रूप में उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में भी अहम भूमिका निभाई। डा. प्रद्युम्न ने कहा कि अंबेडकर ने सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए जनहित में कार्य किया। विद्यालयों के छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही दंगल राज से मंगल राज तक विषय पर लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गयी। विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्तिका महिला मण्डल की महिलाएं आदि उपस्थित रहे।



अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अधिकारी

# अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



सदर तहसील में नामांकन कर वापस लौटती कांग्रेस प्रत्याशी शाहनवाज बेगम व कांग्रेसी



सदर तहसील में नामांकन करते बसपा के प्रत्याशी देवी शरण जायसवाल

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव का नामांकन की प्रक्रिया अंतिम दौर में गुजर गई है। अंतिम के पूर्व रविवार को तहसील परिसर में बनाए गए नामांकन केंद्र में पहुंचकर सैयदराजा के अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी शहनाज बेगम और नगर पंचायत चंदौली के बसपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवी शरण जायसवाल ने आरओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही सभासद के लिए चंदौली में 12 और सैयदराजा में 7 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया इसे लेकर दिनभर गहमागहमी का माहौल तहसील परिसर में देखने को मिला। नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। नामांकन का अंतिम दिन सोमवार है। लेकिन इसके पूर्व रविवार को कई प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सदर तहसील परिसर के बनाए गए नामांकन केंद्र की चहल-पहल बढ़ा दी। सैयदराजा से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें कांग्रेस के प्रत्याशी शाहनवाज बेगम के अलावा बिलकिस बानो फातिमा बानो आदि शामिल है। वही सभासद के लिए 7 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के लिए 5 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र खरीदारी की। अध्यक्ष पद के लिए बसपा से देवी शरण जायसवाल, विवेक कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित यादव, श्याम लाल शास्त्री शामिल है। इसके बाद सभासद के लिए 12 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही कचहरी परिसर में गाहमा-गाहमी का माहौल रहा।

# एएसपी ने नामांकन स्थल का जाना हाल



नामांकन स्थल का निरीक्षण करते एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सदर तहसील परिसर में बनाए गए नामांकन केंद्र का रविवार को एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नामांकन स्थल पर नजर बनाए रखें। कहा किसी प्राणी समस्याएं आने पर उसका त्वरित निस्तारण करें।

# रत्ना सिंह होंगी आप से चंदौली चेयरमैन प्रत्याशी

**निकाय चुनाव**

### आम आदमी पार्टी के परिवार में शामिल हुए भाजपा नेता पंकज सिंह



रत्ना सिंह को आप पार्टी का सिंबल देते पूर्वांचल प्रांत के प्रभारी अभिनव राय

**चंदौली।** आप उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाएगी आम आदमी पार्टी ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए भाजपा नेता पंकज सिंह को आम आदमी पार्टी में शामिल कराते हुए पंकज सिंह की पत्नी रत्ना सिंह को आम आदमी पार्टी का नगर पंचायत चंदौली चेयरमैन का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं रत्ना सिंह ने आप मे आस्था जताते हुए जनहित के मुद्दों पर चुनाव लड़ने की बात कही प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के पूर्वांचल प्रांत प्रभारी अभिनव राय ने भाजपा नेता पंकज सिंह उनकी पत्नी रत्ना सिंह को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया और रत्ना सिंह को चेयरमैन प्रत्याशी घोषित किया इस दौरान अभिनव राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में पूरी मजबूती से नगर निकाय चुनाव लड़ रही है। जनपद चंदौली में नगर पंचायत चंदौली के अध्यक्ष पद के लिए रत्ना सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। रत्ना सिंह एक पढ़ी-लिखी हुई महिला हैं। इनकी शिक्षा एमए, बीएड है। ये समाज सेवा का काम करती हैं। इनके पति पंकज सिंह भी भारतीय जनता पार्टी में लंबे समय से रहे हैं। भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर आम आदमी पार्टी की ईमानदार राजनीति को स्वीकार किया है। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि आम आदमी पार्टी मुद्दों की राजनीति करती है। और दिल्ली मॉडल पर चुनाव लड़ने जा रही है। बेहतरीन स्कूल बनाती है। जहां गरीबों के बच्चों को बेहतरीन मुफ्त शिक्षा मिल रही है। बेहतरीन अस्पताल, मुफ्त ईलाज, मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी हाउस हाफ वाटर टैक्स माफ, बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा कराती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिक राजनीति करती है, फर्जी राष्ट्रवादी हैं। भाजपाई इसलिए भारतीय जनता पार्टी में बहुत से पढे लिखे लोग घुटन महसूस कर रहे हैं। उन्हीं में से एक पंकज सिंह जी आम आदमी पार्टी के परिवार में शामिल हुए हैं,उनकी पत्नी रत्ना सिंह जी भीआप में शामिल हुई हैं।

### सपा ने अनीता सोनकर को मैदान में उतारा

**डीडीयू नगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने डीडीयू नगर चेयरमैन प्रत्याशी के रूप में राजाराम सोनकर की पत्नी अनीता सोनकर को मैदान में उतारा है। राजाराम सोनकर सपा में संगठन से लेकर तमाम पदों पर रहते हुए नगर के वार्ड नंबर 6 बिछड़ी में लगातार तीन बार सभासद रहे है।कई बार सपा से टिकट नहीं मिलने के बावजूद निर्विरोध चुनाव जीतकर सपा को समर्थन करने का काम किया है।इस बार सपा ने डीडीयू नगर चेयरमैन प्रत्याशी के रूप में उनकी पत्नी अनीता सोनकर पर भरोसा जताते हुए लंबी लिस्ट के बावजूद टिकट देने का काम किया है। पिछले बार चेयरमैन की सीट भी अनुसूचित जाति की हुई थी। समाजवादी पार्टी ने टिकट नहीं मिलने पर निर्दल के रूप में चुनाव में अपना दमखम दिखाया था। उस वक्त निर्दल प्रत्याशी के रूप में 4200 वोट मिला था।

### सविता खरवार कांग्रेस चेयरमैन प्रत्याशी घोषित

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आनंद शुक्ला के पटेल नगर स्थित आवास पर सपा नेता उदय शंकर खरवार, विजय शंकर खरवार व सविता खरवार ने अपने समर्थकों के संग मुगलसराय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता व अन्य कांग्रेस जनों के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सविता खरवार ने चेयरमैन पद के लिए आवेदन दिया। तत्पश्चात प्रदेश नेतृत्व से बातचीत व सलाह के उपरांत शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सविता खरवार को कांग्रेस का नगर पालिका चुनाव में मुगलसराय से चेयरमैन पद के लिए प्रत्याशी की घोषणा की। पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस विकास की व भाईचारे की राजनीति करती है। विगत 30 सालों से शहर में विकास कहीं नहीं हुआ। वही रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे पत्रकार वार्ता में कांग्रेस प्रत्याशी सविता खरवार ने कहा चुनाव जीतने के बाद मैं मुगलसराय का पूरा कायाकल्प बदलने का कार्य करूंगी। इस दौरान नगर पालिका चुनाव प्रभारी सतीश बिंद,शाहिद तौसीफ, अकील अहमद बाबू,बृजेश गुप्ता, फैयाज अहमद ,आनंद शुक्ला, हीरालाल शर्मा ,प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# चन्द्रजीत उपजा सकलडीहा के तहसील अध्यक्ष बने, महामंत्री हुए फरीदुद्दीन

**जनसंदेश न्यूज**



**सकलडीहा।** स्थानीय तहसील सभागार में रविवार को यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा सकलडीहा इकाई का चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें चुनाव अधिकारी सुभाष मौर्या की देखरेख में हुआ। चुनाव के दौरान तीन उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा और नामांकन किया। दो सदस्यों के पर्चा वापस लेने के बाद चन्द्रजीत पटेल को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर दूसरी बार निर्वाचित किया गया। वहीं महामंत्री फरीदुदीन को बनाया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया।
यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन सकलडीहा इकाई का चुनाव रविवार को तहसील सभागार में चुनाव अधिकारी सुभाष मौर्या की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में प्रकाश सिंह,नीरज अग्रहरी,चन्द्रजीत कुमार पटेल ने पर्चा खरीदा और नामांकन किया। इसके बाद प्रकाश सिंह व नीरज अग्रहरी की सहमति से चन्द्रजीत पटेल को निविरोध दूसरी बार निर्वाचित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। उपजा संगठन हमेशा पत्रकारों के हित में काम करता है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव,रविशंकर पांडेय,श्रवण कुमार, आशीष विद्यार्थी,अरविंद पटवा,अमित कुमार,मनोज यादव, न्याज खां,डब्ब खां,अजय सिंह,संदीप यादव, दुर्गेश पांडेय, राधेश्याम पांडेय, उमेश मोदनवाल, अनिल गुप्ता,सुधीन्द्र पांडेय, महेन्द्र गोडसे,रघुनाथ प्रसाद, हलीम,कृष्ण कुमार गुप्ता,चन्द्रशेखर कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ट्रक लेकर भागने का प्रयास असफल, दो आरोपी गिरफ्तार



फोटो-07सदर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**चंदौली।** नवीन मंडी से रविवार की देर शाम फर्जी चाबी बनाकर ट्रक लेकर भागने के प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया और दो आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए आरोपितो में रमेश कुमार निवासी तेजापुर थाना अतरौलिया आजमगढ़ व शत्रुघन यादव निवासी सैदपुर थाना हंसवर जिला अंबेडकरनगर बताए गए हैं।
दरअसल जनपद में अवैध बालू खनन व तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके मद्देनजर पुलिस खनन निरीक्षक की ओर से दो दिन पूर्व पकड़े गये वाहनों को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया था।

पुलिस को जानकारी मिली कि दो लोग पुलिस अभिरक्षा से डुप्लीकेट चाबी बनवाकर नवीन मंडी से एक ट्रक को लेकर भाग रहे है। जिस पर बालू लदा था। आरोपियों ने मंडी गेट पर तैनात मंडी के गार्ड अंकित सिंह व अब्दुल वाहिद अंसारी के ऊपर जान से मारने की नियत से रौंदने की कोशिश की है। साथ ही मण्डी मुख्य गेट को क्षतिग्रस्त करते हुए नेशनल हाईवे पकडकर अलीनगर की तरफ भाग रहे है। पुलिस ने सरकारी वाहन से पीछा किया ट्रक का ड्राइवर ट्रक को लहराते पुलिस के वाहन को रौंदने का प्रयास किया लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से नहीं बच पाए। हालांकि इस दौरान पुलिस का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वाहन स्वामी रणविजय कुमार सिंह निवासी हजलापट्टी थाना टांडा जिला अम्बेडकर नगर ने हम लोगों को उक्त वाहन पुलिस अभिरक्षा से चोरी करके भागने के लिये कहा था यह भी कहा था कि जो भी उस ट्रक को रोकने का प्रयास करेगा उस पर वाहन चढा कर हत्या कर देना जो होगा देखा जाएगा। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, सूरज सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।

# डीएम एसपी ने भारी फोर्स के साथ नगर क्षेत्र में किया भ्रमण

**मार्च**

### हाई अलर्ट पर डीडीयू स्टेशन पर जीआरपी आरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

**जनसंदेश न्यूज**



शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए नगर में भ्रमण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम व एसपी अंकुर अग्रवाल



डीडीयू नगर स्टेशन पर मुस्तैद आरपीएफ के जवान

**डीडीयू।** नगर प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या के बाद प्रदेश में हाई एलर्ट घोषित कर दिया गया। प्रदेश में हाई एलर्ट घोषित होते ही मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र सहित रेलवे स्टेशन पर चौकसी बढ़ा दी गई। आरपीएफ, जीआरपी ने स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया।

वही डीएम, एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च कर कर लोगों से शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई। हावड़ा दिल्ली रूट पर स्थित डीडीयू स्टेशन बिहार से सटा हुआ है। प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ अहमद की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या के बाद प्रदेश में हाई एलर्ट घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही डीडीयू मंडल में अलर्ट घोषित कर दिया गया। इसी क्रम में शनिवार की देर रात रविवार की सुबह से ही जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में स्टेशन पर फ्लैग मार्च किया गया। वहीं स्टेशन पर चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान सभी प्लेटफार्म, यात्री हाल, सकुर्लेटिंग एरिया आदि की गहनता से जांच पड़ताल किया गया। इस दौरान लाडडस्पीकर के माध्यम से यात्रियों को किसी प्रकार के अफवाह में न पड़ने, रेल और अन्य संपत्ति का नुकसान न पहुंचाने की अपील की गई। ट्रेनों में भी यात्रियों को किसी संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति के दिखने पर इसकी सूचना सुरक्षा बलों को देने का आह्वान किया गया। जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि हाई एलर्ट को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वही जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में भारी फोर्स के साथ मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र में पैदल रुट मार्च किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में 144 धारा लागू है। जिसका उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। लोगों से अपील किया कि किसी अफवाओं पर ध्यान न दें। अवांछित तत्वों, अराजक तत्वों व अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। क्षेत्र के लोगों से संबाद स्थापित किया जा रहा है। प्रशासन का पूरी तरह सहयोग करें सोशल नेटवर्किंग साइड पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है किसी के द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर दुष्प्रचार, भ्रामक संदेश, अनैतिक कार्य ,धर्म विशेष पर ऐसी कोई पोस्ट नहीं की जाएगी। जिससे माहौल बिगड़े। ऐसी स्थिति में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीओ अनिरुद्ध सिंह, कोतवाल दीनदयाल पांडेय आदि लोग शामिल रहे।

# अतीक व उसके भाई की हत्या को लेकर पुलिस रही अलर्ट



सकलडीहा कस्बा में पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करते एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय

**सकलडीहा।** प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या को लेकर पूरे देश में खलबली मची हुई है। शासन के निर्देश पर हत्या के बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। शनिवार की देर रात से लेकर रविवार को देर शाम तक एसडीएम और सीओ पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमण शील रहे। इस दौरान लोगों को शांति व्यवस्था बनाये रखने का अपील किया है। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की अस्पताल गेट पर शनिवार की देर रात तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दिया।। घटना को लेकर पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।

इसके साथ पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दिया गया है। शांति व्यवस्था और अफवाहों से दूर रहते हुए सोशल मिडिया पर भी निगरानी बढ़ा दी गयी है। डीएम और एसपी के निर्देश पर एसडीएम मनोज पाठक सीओ राजेश कुमार राय पुलिस और पीएसी फोर्स के साथ कस्बा में पैदल मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने का अपील किया। किसी प्रकार की उपद्रव और अफवाह फैलाने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य, कस्बा प्रभारी राजकुमार, शिवप्रसाद गिरी, महफूज अहमद, मोहन प्रसाद, शिवमणी त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# पिकअप लेकर भाग निकले चोर



**शहाबगंज।** ठेकहां गांव में शनिवार की रात में भैंस चुराने आये चोर ग्रामीणों के जागरूकता से पिकअप लेकर भाग निकले। ग्रामीणों ने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को सूचना दिया। गांव निवासी शिवपूजन गुप्ता सड़क के किनारे दो भैंस व एक पाड़ी खूंटे पर बांधकर ,खेत पर गेंहू की मडाई कराने चले गये। रात में गेंहू की मडाई कर घर जब वापस आये तो खूंटे पर भैंस नहीं थी। यह देख हो हल्ला मचाने लगा ,शोर सुनकर अन्य ग्रामीण हल्ला मचाने लगे। शोर सुनकर चोर बड़गांवा झाल के पास सड़क पर खड़ी किये हुए पिकअप लेकर भाग निकले। ग्रामीणों की जागरूकता से भैंस चोर भाग निकले। वही पुलिस ने रात में ही मौका मुआयना किया।

# हार्वेस्टर की चिंगारी से गेंहू की फसल जली



बलुआ में आग बुझती दमकल की गाड़ी

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ स्थित सिवान में हार्वेस्टर की निकली चिंगारी से आग लगने से दो बीघा गेंहू जलकर राख हो गया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। बलुआ के रहने वाले शिवकुमार सिंह दो बीघा गेंहू की फसल थी। पास ही गुलाब सिंह के खेत मे हार्वेस्टर चल रही थी । जो इनका गेहूं काट चुका था। वापस में हार्वेस्टर की निकली चिंगारी से शिवकुमार सिंह के खड़ी फसल में आग लग गयी। ग्रामीणों के सूचना पर पहुँची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। अन्यथा और भी लोगो के खेत मे आग लग जाती।

### अफसरों ने चुनाव को लेकर की बैठक

**इलिया।** नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में जिले तथा सीमावर्ती बिहार प्रांत के कैमूर जिला के अधिकारियों की उपस्थिति में संयुक्त बैठक की गयी। जिसमें अपराध पर रोकथाम तथा आपसी समन्वय सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर बिहार प्रांत की सीमा से लगे थाना क्षेत्रों में अपराध पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों की रोकथाम की कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में इलिया थाना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों तथा बिहार प्रांत के पुलिस अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में अपराधियों पर पूरी तरह से निगरानी रखने तथा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बिहार पुलिस से पूरी तरह से मदद की अपेक्षा की गई। जिससे जिले में होने वाले सामान्य नगर निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराए जा सके। बैठक में दोनों प्रांतों के पुलिसकर्मियों के समन्वय से शराब तस्करी पशु तस्करी रोकने की बावत भी वार्ता हुई तथा वांछित अभियुक्तों की सूची का आदान प्रदान किया गया।

## एमबाप्पे एक और गोल करके 139 गोल के साथ लीग वन में पीएसजी के सबसे सफल खिलाड़ी बने

पेरिस। काइलियान एमबाप्पे और लियोनल मेस्सी के गोल से शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे स्थान पर चल रहे लेन्स को 3–1 से हराकर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली। लेन्स की टीम को हालांकि 19वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि अचरफ हकीमी के खिलाफ फाउल के बाद मिडफील्डर सेलिस अब्दुल समद को मुकाबले से बाहर कर दिया गया।



# सीएसके और आरसीबी के बीच मुकाबले में एमएस धोनी की फिटनेस पर रहेंगी नजरें

## अब तक उतार-चढ़ाव भरे अभियान के बाद दक्षिण भारत की ये दो टीम जब चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें लय हासिल करने पर टिकी होंगी



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें बीच के ओवरों में रन गति बढ़ाने पर टिकी होंगी और साथ ही टीम को उम्मीद होगी कि घुटने की हल्की चोट के बावजूद उसके प्रेरणादायी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैच में खेलेंगे। अब तक उतार-चढ़ाव भरे अभियान के बाद दक्षिण भारत की ये दो टीम जब चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें लय हासिल करने पर टिकी होंगी। टूनार्मेंट की शुरूआत से ही धोनी अपने घुटने को लेकर परेशान हैं लेकिन अब तक उन्होंने टीम की ओर से चारों मुकाबले खेले हैं। सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन को उम्मीद है कि धोनी आरसीबी के खिलाफ टीम की अगुआई करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह मैच से बाहर रहेगा लेकिन हमें कल शाम तक इंतजार करना होगा। इस हफ्ते घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार के दौरान धोनी को लड़खड़ाते हुए देखा गया था जिससे आरसीबी के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता को लेकर सवाल उठाने लगे थे।

धोनी रॉयल्स के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे लेकिन प्रभाव छोड़ने में सफल रहे और उनकी टीम के पास अंतिम गेंद तक जीत दर्ज करने का मौका था। सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे अपना काम बखूबी कर रहे हैं जबकि तीसरे नंबर पर अजिंक्य रहाणे ने भी प्रभावित किया है लेकिन मध्य क्रम से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अंबाती रायुडू, शिवम दुबे और रविंद्र जडेजा जैसे बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए हैं। टीम का गेंदबाजी विभाग भी चोटों से परेशान है। पहले दीपक चाहर बाहर हो गए और अब तेज गेंदबाज सिसांडा मगाला के भी कम से कम दो हफ्ते बाहर रहने की आशंका है। स्टार ऑल राउंडर बेन स्टोक्स के भी इस महीने के अंत तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल करने की उम्मीद है।

दूसरी तरफ पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली आरसीबी की टीम इस लय को बरककार रखने की कोशिश करेगी। विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं और टीम के लिए तेजी से रन जुटा रहे हैं। कोहली के साथ पारी का आगाज कर रहे कप्तान फाफ डुप्लेसी भी उनका अच्छा साथ निभा रहे हैं। सुपरकिंग्स की तरह आरसीबी का मध्यक्रम भी उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया है। ग्लेन मैक्सवेल ने प्रभावी रन रेट से रन जुटाए हैं लेकिन शाहबाज अहमद और महिपाल लोमरोर बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिनेश कार्तिक मौजूदा सत्र में फिनिशर की भूमिका में प्रभावित नहीं कर पाए हैं। गेंद से मोहम्मद सिराज ने प्रभावी प्रदर्शन किया है लेकिन टीम को डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल से बेहतर गेंदबाजी की उम्मीद होगी जिन्होंने चार मैच में लगभग 11 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं।

***टीम इस प्रकार हैं:***

चेन्नई सुपर किंग्सः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसांडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हेंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद और तुषार देशपांडे।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक, शहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलेन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। समयः मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## आउट होने के बाद भड़के नीतीश राणा गेंदबाज को दी गालियां



**मुंबई।** भारतीय घरेलू क्रिकेट के दो खिलाड़ियों की प्रतिद्वंद्विता रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में भी देखने को मिली जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा और मुंबई इंडियन्स के स्पिनर ऋतिक शौकीन के बीच तीखी बहस हुई। यह घटना पहले बल्लेबाजी कर रहे केकेआर की पारी के नौवें ओवर में हुई जब शौकीन ने राणा को आउट करने के बाद उनसे कुछ कहा। केकेआर के कप्तान इससे भड़क गए और उन्होंने भी वापस लौटते हुए गेंदबाज से कुछ कहा। शौकीन ने राणा को लांग ऑन पर स्थानापन्न खिलाड़ी रमनदीप सिंह के हाथों कैच कराया और तुरंत बल्लेबाज की ओर देखते हुए कुछ कहा। राणा ने इसके बाद पलटकर शौकीन की तरफ बढ़ते हुए कुछ कहा। मुंबई इंडियन्स के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम के सबसे सीनियर खिलाड़ी पीयूष चावला ने हालांकि हस्तक्षेप करते हुए मामले को शांत कराया। राणा और शौकीन दोनों घरेलू क्रिकेट में दिल्ली की ओर से खेलते हैं लेकिन ड्रेसिंग रूम में भी इन दोनों के बीच कोई बात नहीं होती।

# मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हराया, किशन का शानदार अर्धशतक


## इस टूर्नामेंट में यह मुंबई की लगातार दूसरी जीत





**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इस टूर्नामेंट में यह मुंबई की लगातार दूसरी जीत है। वहीं, कोलकाता की तीसरी हार है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 185 रन बनाए थे। कोलकाता के लिए वेंकटेश अय्यर ने शानदार शतक (104 रन) लगाया था। वहीं, मुंबई के ऋतिक शौकीन ने दो विकेट लिए थे। इसके बाद ईशान किशन ने 58 और सूर्यकुमार ने 43 रन बनाए। मध्यक्रम के बल्लेबाजों के योगदान के चलते मुंबई ने 17.4 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हरा दिया है। इस टूर्नामेंट में यह मुंबई की लगातार दूसरी जीत है। वहीं, कोलकाता की तीसरी हार है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 185 रन बनाए थे। कोलकाता के लिए वेंकटेश अय्यर ने शानदार शतक (104 रन) लगाया था। वहीं, मुंबई के ऋतिक शौकीन ने दो विकेट लिए थे। इसके बाद ईशान किशन ने 58 और सूर्यकुमार ने 43 रन बनाए। मध्यक्रम के बल्लेबाजों के योगदान के चलते मुंबई ने 17.4 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## वेंकटेश अय्यर इस सीजन में शतक लगाने वाले पहले भारतीय, कोलकाता के लिए 15 साल बाद किसी ने बनाई सेंचुरी



कोलकाता नाइटराइडर्स के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार (16 अप्रैल) को शानदार शतक लगाया। अय्यर इस सीजन में शतक लगाने वाले पहले भारतीय हैं। उनसे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए शतक जड़ा था। वेंकटेश ने 51 गेंद की पारी में 104 रन बनाए।

वेंकटेश अय्यर ने छह चौके और नौ छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 203.92 का रहा। अय्यर की पारी को रिले मेरेडिथ ने समाप्त किया। 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर मेरेडिथ ने उन्हें डुआन यानसेन के हाथों कैच कराया। अय्यर इस सीजन में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाने से चूक गए थे। वह अहमदाबाद में 83 रन बनाकर आउट हो गए थे।

विज्ञापन

***कोलकाता के लिए आईपीएल में शतक का सूखा समाप्त***

वेंकटेश अय्यर ने वानखेड़े स्टेडियम में शतक लगाकर कोलकाता के लिए आईपीएल में सेंचुरी के सूखे को समाप्त कर दिया। कोलकाता के लिए पिछला शतक न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम ने लगाया था। 2008 में मैकुलम ने आईपीएल इतिहास के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 158 रन की पारी खेली थी।

***कोलकाता के खिलाफ लगे हैं 11 शतक***

मैकुलम के बाद कोलकाता के लिए कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया था। वेंकटेश ने इस इंतजार को खत्म कर दिया। कोलकाता के खिलाफ आईपीएल में 11 शतक लग चुके हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस के सामने 186 रन का लक्ष्य रखा। कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा 104 रन वेंकटेश अय्यर ने बनाए। वहीं, अंत में आंद्रे रसेल ने 11 गेंद में नाबाद 21 रन की पारी खेली। मुंबई के लिए ऋतिक शौकीन ने दो विकेट लिए। वहीं, अर्जुन को छोड़ बाकी सभी गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिले।

# अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे बृज भूषण, खेल संहिता का करेंगे पालन...खुद किया खुलासा



**गोंडा** (उत्तर प्रदेश)। अपने खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकारी पैनल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे बृज भूषण शरण सिंह ने रविवार को पुष्टि की कि वह सात मई को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) चुनाव में अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन, उन्होंने संकेत दिए कि वह महासंघ में नई भूमिका तलाश सकते हैं। डब्ल्यूएफआई ने महासचिव वीएन प्रसाद की अध्यक्षता में अपनी आम परिषद और कार्यकारी समिति की आपात बैठक में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। बृजभूषण डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष के रूप में चार-चार साल के तीन कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और खेल संहिता के अनुसार 12 साल तक अध्यक्ष रहने के बाद वह फिर से इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। बृजभूषण ने बैठक के बाद कहा, हमें पहले चुनाव कराने थे लेकिन हाल के विवाद के कारण हम चुनाव नहीं करा पाए लेकिन हम अब आगे बढ़ेंगे। मैं खेल संहिता का पालन करूंगा और अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा। तो क्या इसका मतलब है कि वह डब्ल्यूएफआई से नहीं जुड़े रहेंगे, उन्होंने कहा,ह्यह्य मैंने कहा है कि मैं अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं करूंगा मैंने यह नहीं कहा कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।ह्वह्व बृजभूषण अभी 66 साल के हैं और उन्हें पदाधिकारी के पद के लिए चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए चार साल के ह्यकूलिंग ऑफ पीरयडह्व (चार साल तक किसी पद पर नहीं रहना) से गुजरना होगा। हालांकि वह डब्ल्यूएफआई की पांच सदस्यीय कार्यकारी समिति के सदस्य बने रह सकते हैं।

बृजभूषण का कूलिंग ऑफ पीरियड 2027 में पूरा होगा और तब तक वह 70 साल के हो जाएंगे और संहिता के अनुसार उन पर तब आयु का नियम लागू होगा और वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। यह देखना दिलचस्प होगा क्या उनके बेटे करण डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। वह अभी उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। यह पूछे जाने पर कि देश के चोटी के पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न और डराने धमकाने के आरोपों को देखते हुए क्या उन्हें एजीएम में भाग लेने की अनुमति मिल गई थी, बृजभूषण ने कहा कि उन्होंने नियमों के तहत ही काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे लिखित रूप से तीन सप्ताह तक कामकाज से दूर रहने के लिए कहा गया था जिसे बाद में छह सप्ताह तक बढ़ा दिया गया था और मैंने ऐसा किया। मैं आईओए (भारतीय ओलंपिक संघ) और निगरानी पैनल की सुनवाई में उपस्थित हुआ था। मैं अब डब्ल्यूएफआई पदाधिकारी के रूप में काम कर सकता हूं। किसी नियम को तोड़ने का कोई सवाल नहीं उठता है।

बृज भूषण ने कहा, समिति का निष्कर्ष सरकार के पास है और मैं रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हूं। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और सरिता मोर सहित देश के कई शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने और खिलाड़ियों को धमकाने का आरोप लगाया था। बृजभूषण ने कहा कि सुनवाई के दौरान पहलवानों ने जो कहा वह हास्यास्पद है। उन्होंने कहा, इन पहलवानों ने जो कुछ कहा उससे मेरी हंसी नहीं रुक रही थी। यदि मैंने साक्षी मलिक के साथ कुछ गलत किया होता तो फिर वह मुझे अपनी शादी में क्यों बुलाती। वे अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक मामलों को लेकर मेरे पास आते थे। बृज भूषण ने कहा, वे मेरे बेटे बहू के साथ बैठते थे और साथ में भोजन करते थे। अब वे अचानक ही आरोप लगाने लगे कि मैंने उन्हें परेशान किया। यदि ऐसा था तो फिर वह मेरे घर क्यों आते थे। डब्ल्यूएफआई प्रमुख ने कहा कि जब यह मसला सुलझ जाएगा तो महासंघ के मन में बदले की भावना नहीं होगी। उन्होंने कहा, विरोध करने वाले पहलवान ही नहीं कई ऐसे लोग हैं जो अब मेरा सामना नहीं कर सकते हैं। लेकिन यदि वे खेलना चाहते हैं तो सभी के लिए प्रक्रिया पहले की तरह एक जैसी होगी। सभी योग्य खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पारी से शाहरुख को मिलेगा आत्मविश्वास : अनिल कुंबले

**लखनऊ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले का मानना है कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शाहरुख खान एक 'फिनिशर' हैं औरलखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेली गई 23 रन की पारी उन्हें आत्मविश्वास प्रदान करेगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने सुपरजायंट्स पर दो विकेट की जीत दर्ज की। सिंकदर रजा ने पंजाब के लिये 41 गेंद पर 57 रन बनाये, हालांकि उनके आउट होने के बाद भी पंजाब को दो ओवर में 20 रन की जरूरत थी। शाहरुख ने इस मौके पर फिनिशर की भूमिका निभाते हुए 10 गेंद पर नाबाद 23 रन की पारी खेली और पंजाब को तीन गेंद शेष रहते जीत दिलाई। पंजाब किंग्स के पूर्व कोच कुंबले ने मैच के बाद जियो सिनेमा पर कहा, वह एक फिनिशर है। वह तमिलनाडु के लिए खेले गए मैचों में यही करता है। उसे मैच को खत्म करते हुए देखना वास्तव में अच्छा था। उसने पिछले मैच में तेजी से कुछ रन बनाये थे लेकिन यहां उसपर दबाव भी था।₹ उन्होंने कहा, उन्हें आखिरी दो ओवरों में लगभग 10 रन प्रति ओवर बनाने थे, दूसरे छोर पर हरप्रीत बराड़ थे और पिछले ओवर में सिकंदर रजा आउट हो गये थे। पंजाब को जिताने के लिये शाहरुख का 23 रन का योगदान अच्छा साबित हुआ। इससे उन्हें टूनार्मेंट में आगे बढ़ते हुए काफी आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पंजाब मैदान पर बहुत प्रभावशाली थी। ग्राउंड फील्डिंग अच्छी थी लेकिन कैचिंग शानदार थी, खासकर शाहरुख खान का प्रदर्शन काफी शानदार था। इसके अलावा, पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने मैच-जिताऊ अर्द्धशतक जड़ने के लिये सिकंदर रजा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आपको एक अनुभवी बल्लेबाज की जरूरत है, खासकर इस तरह के लक्ष्य का पीछा करते हुए। शिखर धवन नहीं खेल रहे थे और उन्हें मैच को नियंत्रित करने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत थी और कोई ऐसे व्यक्ति जो जानते थे कि मौका मिलने पर कब बड़े शॉट लगाने हैं। उन्हें (सिकंदर रजा) को पता था कि क्रुणाल पांड्या के ओवर में बड़े शॉट मारने का मौका था और उन्होंने ठीक वैसा ही किया।'' उन्होंने कहा, ₹वह एक-एक रन लेते रहे और जब मौका मिला तब बड़े शॉट भी लगाये। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर बल्लेबाजी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि उनका यहां आकर आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना तय ही था।'



## अर्जुन तेंदुलकर का पूरा हुआ सपना, मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में किया डेब्यू



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां टॉस जीतकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रोहित शर्मा अस्वस्थ होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पा रहे हैं और उनकी जगह सूर्यकुमार टीम की कमान संभाल रहे हैं। स्टार बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे और तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर इस मैच से आईपीएल में पदार्पण किया।

मुंबई ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को सबसे पहले 2021 में 20 लाख रुपये में फ्रेंचाइजी में शामिल किया था। उसके बाद 2022 में उन्हें 25 लाख रुपये में टीम में शामिल किया था। अब अर्जुन को आईपीएल 2023 के 16वें सीजन के 22वें मुकाबले में खेलने का मौका मिला है। वह अपने घरेलू करियर में नौ टी20 मैच खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 6.60 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 12 विकेट चटकाये हैं।

# समाजवादी पार्टी सिर्फ बातें करती है : चित्रलेखा सिंह

**चुनाव**

## सपा छोड़ सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आप में हुईं शामिल



पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करती डा. चित्रलेखा सिंह

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर चित्रलेखा सिंह को आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया है। यह खबर सुनने के बाद जिले में जगह जगह चर्चाएं होनी शुरू हो गई क्योंकि डॉक्टर चित्रलेखा सिंह जनपद की वरिष्ठ समाजसेविका तथा समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव थीं और उन्होंने सपा पार्टी को छोड़ रविवार को आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में आयोजित की गयी जिसमें बताया गया कि समाजवादी पार्टी को छोड़कर आज डॉक्टर चित्रलेखा सिंह के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता जिला सचिव (सपा) विजय सिंह बागी, मोती लाल (पूर्व अध्यक्ष दुर्गा पूजा महासमिति), अंशुमान सिंह (पूर्व अध्यक्ष टीडी कॉलेज), शौकत अली (पूर्व अध्यक्ष), जफर मसूद (अध्यक्ष मरकजी सीरत), रेनू तिवारी, सरिता मौर्या, इसूती मौर्य, पिंकी मौर्य, सुमन यादव, अरुण गुप्ता, संजय कन्नौजिया (सचिव विधानसभा सदर), जहीर कालीचाबाद, अनिल साहू (पूर्व महासचिव दुर्गा पूजा महासमिति), सरताज अहमद, सलीम, विजय गुप्ता, आदर्श सिंह, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, इकराम, विजय, प्रताप, राजेश चौधरी, बलबीर यादव, कमला पटेल, ज्ञानद्रे यादव, डंपी सिंह, लालचंद्र, लोकेश, अजय शर्मा, रामनिर्जन, पप्पू, नसीम, रतन गुप्ता इत्यादि सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर डॉक्टर चित्रलेखा सिंह ने कहा कि जनपद में समाजवादी पार्टी सिर्फ बातें करती है, लेकिन करती कुछ और है। उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ ऐसे क्षेत्रीय लोग हैं जो कि उन्हें आम जनता एवं लोगों से नहीं मतलब हैं। उन्हें सिर्फ अपने से मतलब हैं। इसलिए हमने सपा छोड़ देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई पार्टी आम आदमी पार्टी को ज्वाईन किया है। प्रेसवार्ता में पार्टी की तरफ से प्रमुख रूप से जिला प्रभारी कैलाश पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी, जिला सह प्रभारी गुलाब सिंह राठौड़, समाजसेवी शत्रुघन सिंह (सोनू), समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला सचिव डा. अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, सदर विधानसभा अध्यक्ष शशिधर चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरी इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# पीयू में ग्रीष्मावकाश एक से 30 जून तक

जनसंदेश न्यूज

**सूचना**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियमों के तहत विश्वविद्यालय ने लिया निर्णय

## सेमेस्टर परीक्षा में 90 दिन क्लास चलना है जरूरी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू होने के फलस्वरूप सेमेस्टर परीक्षाएं, मिड टर्म, प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन एवं अध्ययन अध्यापन के दृष्टिगत ग्रीष्मावकाश 1 जून से 30 जून तक रहेगा। यह निर्णय प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर 2022 -23 के दृष्टिगत किया गया है।

शैक्षणिक कैलेंडर के दिशा निर्देश में एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के बीच 90 दिन क्लास होना जरूरी है। इसी के मद्देनजर विश्वविद्यालय प्रशासन ने 1 मई से 15 मई तक अध्ययन अध्यापन पूर्व की भांति कराने का निर्णय लिया है। इसी के साथ आनलाइन मोड में 16 मई से 30 मई तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थी का सत्र विलंबित न हो और उन्हें अगली कक्षाओं में प्रवेश समय से मिल जाए।

**संक्षेप**

## नामांकन कक्षों का डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण



नामांकन कक्षों का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के द्वारा कलक्ट्रेट में बनाये गए अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु नामांकन कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे। नामांकन कक्षों के सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रूट, वीडियोग्राफी के स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सभी व्यवस्था दुरुस्त रहे।

## समाचार पत्र विक्रेता संघ ने की शोकसभा

**जौनपुर।** जौनपुर समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य की अध्यक्षता में समाचार पत्र विक्रेता संघ भवन धरनीधरपुर मीरपुर में संपन्न हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि हमारे बहुत पुराने समाचार पत्र विक्रेता तरुण कुमार मौर्य के पिता राजेंद्र प्रसाद मौर्य की मृत्यु हो गई। उनकी उम्र 73 वर्ष थी राजेंद्र प्रसाद मौर्य ने भी अपना जीवन काल समाचार पत्र वितरण में अधिक समय तक व्यतीत किया। राजेंद्र प्रसाद मौर्य का अच्छा आचरण होने के कारण संघ ने उन्हें 25 दिसम्बर सन 2000 को सम्मानित भी किया था। उनकी मृत्यु से समाचार पत्र विक्रेता शोकाकुल हो गए। सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। राम स्वारथ मौर्य, मंगरू राम मौर्य, रामप्यारे प्रजापति, अखिलेश मौर्य, सुनील मौर्य, नरेंद्र मौर्य, अवधेश मौर्य, पवन साहू, लालचंद मौर्य, पंकज मौर्य, भरत मौर्य, सतीश, नीरज, रमेश चंद्र मौर्य, संतोष मौर्य, पवन मौर्य, विजय शर्मा, कुलदीप साहू, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद रफीक, बबलू मौर्य, राजेश कुमार, वीरेंद्र मौर्य, रवि शर्मा, राजा शर्मा, रामधनी मौर्य, आनंद मोहन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मेधा तिवारी ने वैज्ञानिक पद पर चयनित होकर बढ़ाया मान

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जनपद की निवासी कुमारी मेधा तिवारी ने डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) में वैज्ञानिक पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाई स्कूल में 95% अंक तथा इंटरमीडिएट में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेधावियों के समकक्ष खड़ी होकर जनपद में अपना नया कीर्तिमान बनाने में सफलता अर्जित किया।

मेधा इस सफलता का श्रेय अपनी माता प्रियंका तिवारी, पिता जय कृष्ण तिवारी और दादी जयन्ती तिवारी, स्व. दादा पंडित श्याम राज तिवारी एवं गुरुजनों को देती हैं। अपने बड़े पिता श्रीकृष्ण तिवारी जो कि रेलवे में चीफ लोको इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है, उनका भी आभार प्रकट किया है। परिवार मूलतः बेलवा रामसागर परियावा के निवासी है। इनके पिता जय कृष्ण तिवारी एयर फोर्स से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान समय में गुजरात के भरूच में इंडियन आयल कारपोरेशन में कार्यरत हैं यह उपलब्धि नजदीकी वर्षों में कम ही लोगों ने हासिल किया था। यह दो बहन एक भाई में सबसे बड़ी है। शुरू से ही पढ़ने में प्रतिभाशाली एवं मिलनसार मृदुभाषी व्यक्तित्व की रही हैं।

बहुमुखी प्रतिभा की धनी होने के बावजूद क्षेत्र में इनके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा व्यापक रूप से देखने को प्रतीत होती है। इस समय इनके परिवार में खुशी का माहौल है, क्षेत्र में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मेधा राधे कृष्ण तिवारी की भतीजी है, जो दीवानी न्यायालय में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत हैं।

# आपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा की मौत

## परिजनों ने डॉक्टर की लापरवाही का लगाया आरोप, दी थाने में तहरीर



हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के एक प्राईवेट अस्पताल में महिला के आपरेशन के बाद हालात बिगड़ गये। परिजनों द्वारा प्रयागराज ले जाया गया जहां जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिजन ने थाने पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हे किसी तरह से शांत कराया। परिजनों ने घटना की तहरीर थाने पर दी है।

शनिवार की सुबह जंघई रोड स्थित मदर प्राईवेट अस्पताल में प्रसव से पीड़ित पूजा सिंह (25) पत्नी विरेंद्र प्रताप सिंह निवासी नारायणपुर खुर्द खोजेमऊ फतनपुर प्रतापगढ़ को आपरेशन के लिए परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया। शाम को 6 बजे आपरेशन किया गया। परिजनों का आरोप है कि आपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की हालत बिगड़ गई। आनन फानन में डाक्टर द्वारा पीड़िता को प्रयागराज रेफर कर दिया गया। परिजन एम्बुलेंस से प्रयागराज पहुंचे जब तक पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया जाता तब तक मौत हो चुकी थी। परिजन भारी संख्या में थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। पूजा सिंह के ससुर बृज कुमार सिंह ने अपनी बहू के गलत आपरेशन की वजह से जान जाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल संचालक के खिलाफ तहरीर दे दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है कि मृतका के ससुर ने तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### एसडीएम व एडिशनल सीएमओ ने अस्पताल को किया सीज

**मुंगराबादशाहपुर।** जंघई रोड स्थित मदर हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही के चलते जच्चा बच्चा की जान चली गई जिसको लेकर उप जिलाधिकारी राजेश चौरसिया, एडिशनल सीएमओ डॉ. राजीव कुमार, सीओ अतर सिंह व प्रभारी चिकित्साधिकारी राजेश कुमार समेत चिकित्सा अधिकारियों ने अस्पताल को सीज कर दिया है। सीओ अतर सिंह ने थाना प्रभारी विवेक तिवारी को अस्पताल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## एसडीएम व सीओ ने किया भ्रमण

**खेतासराय।** प्रयागराज में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार और सीओ चोब सिंह रविवार की सुबह खेतासराय पहुंचे। उन्होंने थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह और थाने की पुलिस के साथ नगर में पैदल गश्त किया। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही।



## पारिवारिक मामले का वारण्टी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** परिवार न्यायालय प्रथम द्वारा सरायमोहिउद्दीनपुर निवासी एक वारण्टी रविवार को उस समय पुलिस के हत्थे चढ़ गया जब पुलिस क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र का सरायमोहिउद्दीनपुर गांव निवासी अमरेंद्र ऊर्फ पवन कुमार पुत्र सन्तराम मुकदमा संख्या 2207/ 21धारा 128सीआरपीसी से सम्बंधित वारण्टी था जो रविवार को पुलिस के उपनिरीक्षक सुनील कुमार व मयहमराह कोबरा कर्मचारीगण कान्सटेबल द्वय हिमांशु सिंह और राहुल मिश्र के क्षेत्र भ्रमण के दौरान हत्थे चढ़ गया। मामले मे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसे न्यायालय को भेज दिया गया।



## चौराहों पर वाहनों की हुई चेकिंग



वाहनों की चेकिंग करती यातायात पुलिस

**जौनपुर।** रविवार को नगर के मुख्य चौराहों पर वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी। ज`ेसीज`ा, पाॅलिटेक्निक सहित अन्य मार्गों पर पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। ट्रैफिक इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला ने बताया की बीती रात प्रयागराज में अतीक व उसके भाई की हत्या के कारण पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट है। वहीं दूसरी वजह नगर निकाय चुनाव को लेकर आने जाने वालों पर प्रशासन की निगाह बनी हुई है। किसी प्रकार की अराजकता से निबटने के लिए हम तैयार हैं। इस दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को भी उतरवाया।

## सरायख्वाजा तालाब में वृद्ध महिला की मिली लाश

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के एक तालाब में रविवार की सुबह एक वृद्ध महिला की लाश मिली। ग्रामीणों में जानकारी होते ही भारी संख्या में लोग देखने के लिए पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा गांव निवासी स्व. जवाहर लाल कश्यप की पत्नी दुर्गावती 70 वर्ष का शव सरायख्वाजा के तालाब में दिखाई दिया। ग्रामीणों में जानकारी होते ही भारी संख्या में लोग तालाब के पास पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से निकलवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वृद्ध महिला शव की पहचान सरायख्वाजा गांव निवासी रमेश कश्यप की मां दुर्गावती के रूप में हुई। थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि उनका लड़का रमेश कश्यप ने तहरीर दिया कि मेरी मां मानसिक रूप से विक्षिप्त थी कल दोपहर को घर से बिना बताए निकल गई आज सुबह तालाब में शव बरामद हुआ है।

# आसपास होने चाहिए मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम : अनुज झा

जनसंदेश न्यूज

**लिया जायजा**

## नामांकन और मतगणना स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी ने किया निरीक्षण



बदलापुर में एसडीएम से जानकारी प्राप्त करते डीएम

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के द्वारा बदलापुर तहसील में न्यायालय नायब तहसीलदार बदलापुर कक्ष में अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु नामांकन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बदलापुर ऋषभ देशराज पुण्डीर से आज के नामांकन की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नामांकन कक्षों के सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रूट, वीडियोग्राफी सुव्यवस्थित रहे। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सल्तनत बहादुर पोस्ट डिग्री कॉलेज बदलापुर में बनाये गए मतगणना स्थल का जायजा लिया और उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्राँग रूम और मतगणना रूम पास-पास होना चाहिए और उसमें आने जाने का रास्ता अलग अलग होना चाहिए। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श (मिडिया स्कूल) पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्णनगर बदलापुर में बनाये गये मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी बदलापुर अनिल सिंह को मतगणना केंद्र पर मतदाताओं के लिये पीने के लिए पानी, धूप से बचने के लिए शेड आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार बदलापुर, सीओ बदलापुर उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों को लेकर प्रमुख ने की बुद्धजीवियों संग बैठक

**सिरकोनी/जफराबाद।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के बदलपुर गांव में संजय सिंह प्रधान के आवास पर रविवार को ब्लॉक प्रमुख वंशराज अनमोल सिंह ने क्षेत्र के बुद्धजीवियों के साथ एक अहम बैठक किया। बैठक में लोगों ने विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि जो भी आवश्यक विकास के काम हो उन्हें बिना किसी भेदभाव के वरीयता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में अगर कोई विकास कार्य हो रहा हो तो उसमें अगर कोई समस्या आती है तो उसे समझा बुझाकर पूरा कराएं। सबके अच्छे सोच से विकास कार्य को गति मिलेगी। इस मौके पर क्षेत्र के अशोक सिंह, शशिकांत पाठक, अजय सिंह, देवेंद्र सिंह, सतीश सिंह, डब्बू सिंह, चन्द्रभान सिंह आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह तथा संचालन राजेश सिंह ने किया। इस मौके उमेश कुमार मिश्र, विनय श्रीवास्तव, कृपाशंकर यादव, कमलेश यादव, विवेक सिंह, अंकित श्रीवास्तव, संजय कुमार सहित अन्य लोगों को प्रमुख ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# मारपीट में तीन ज्ञात व पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** स्थानीय क्षेत्र के मानीकलां ग्राम में शनिवार की शाम धारदार हथियार से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन ज्ञात और पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई थी जिसमें भास्कर तिवारी को एक पक्ष द्वारा धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था जिसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इस मामले में घायल की मां शशिभामा की तहरीर पर पुलिस ने तीन इनायतुल्लाह, साबिर, नासिर के अतिरिक्त पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उपरोक्त के अतिरिक्त चौथा राजिक को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया। फिलहाल इस मामले में पुलिस काफी सतर्कता बरत रही क्योंकि मामला दो संप्रदाय से जुड़ा हुआ है।



# अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**हादसा**

## कार भी हुई क्षतिग्रस्त पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

> थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की कार की चपेट में आने से बाइक सवार की दुर्घटना में मौत की सूचना मिली है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। दुर्घटना की छानबीन की जा रही है उसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**खेतासराय।** रविवार की दोपहर खेतासराय-जौनपुर मार्ग पर बादशाही बाजार में एक बाइक सवार द्वारा अचानक बाइक मोड़ देने से दो कारों की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल बाइक सवार को पीएचसी सोंधी ले गई जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार लालमन बिंद 40 पुत्र हरिशंकर बिंद निवासी चक्सा गयास मनेछा बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था। खेतासराय-जौनपुर मार्ग पर बादशाही बाजार में अचानक लालमन ने जब अपने गांव के मोड़ पर जब बाइक टर्न किया तो सामने से आ रही एक बलेनों कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बालेनो कार से टकरा गई और बाइक सवार लालमन दोनो कार के बीच में आ गया। लालमन को सिर में गम्भीर चोट आई उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। पीएचसी सोंधी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने लालमन को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पाकर लालमन की पत्नी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। लालमन घर पर रहकर खेती बाड़ी करता था।

# नहर के पास मिली वृद्ध की लाश सनसनी

**खेतासराय।** भदैला और पोरईकला गांव के बीच नहर के किनारे रविवार की सुबह वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की जेब से बैगन की जहरीली दवा मिलने से आत्महत्या का कयास लगाया जा रहा है।

भदैला गांव के कुछ लोग सुबह नहर के किनारे शौच के लिए गए थे। नहर के किनारे खेत में एक वृद्ध की लाश देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। तब तक ग्रामीणों की भीड़ लग गई। भीड़ ने अब्बोपुर गांव निवासी 65 वर्षीय राममूरत बिंद के रूप में की। पुलिस की जांच के दौरान मृतक की जेब से बैगन की जहरीली दवा मिली। मृतक को केवल एक लड़की है। चर्चा है कि दो दिन पहले पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। राममूरत द्वारा कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है।

# निकाय चुनाव : पार्टियों ने खोले पत्ते जारी की प्रत्याशियों की सूची

जनसंदेश न्यूज

**चुनाव**

## चित्रलेखा सिंह ने साइकिल छोड़ पकड़ा झाड़ू





**जौनपुर।** नगर निकाय चुनाव दो चरणों में होने हैं। पहले चरण का मतदान 4 मई को होना सुनिश्चित है। ऐसे में पार्टियों ने प्रत्याशियों को लेकर गहन मंथन किया व एक दूसरे को देखते हुए रविवार की दोपहर सपा, भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची बारी-बारी से जारी कर दी।

सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने गहन मंथन के बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए सभासद रामसूरत मौर्य की पत्नी मनोरमा मौर्या पर दांव खेलकर उन्हें मैदान में उतार दिया है। समाजवादी पार्टी के विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि देर शाम कड़े मंथन के बाद श्रवण जायसवाल की पत्नी उषा जायसवाल को अपना टिकट देकर प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने तो पहले से ही निवर्तमान चेयरमैन माया टण्डन पर फिर से विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट दे दिया था। इसी क्रम में निखिलेश सिंह की धर्मपत्नी चित्रलेखा सिंह ने सपा का दामन छोड़ आम आदमी पार्टी का रूख किया और उन्हें प्रत्याशी बनाया गया है। अभी तक सपा का गुणगान करने वाली चित्रलेखा सिंह ने टिकट न मिलने की आशंका को देखते हुए एकाएक पाला बदल आप की सदस्यता ग्रहण कर उम्मीदवार के रूप में चुनाव रण में कूद पड़ी। देर शाम कांग्रेस ने भी अपनी सूची जारी कर दी जिसमें दरख्शां खातून पत्नी इश्तियाक अहमद को प्रत्याशी घोषित किया है।

## संक्षेप

### इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब



**भदोही।** मुकद्दस माहे रमजान में इफ्तार पार्टी का सिलसिला जारी है। 24वें रमजान में मोहल्ल जमुन्द के बच्चों द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान मगरिब की नमाज के बाद सामूहिक रूप से मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ की गई। माहे रमजान के तीसरे अशरे में जहां लोग मस्जिद में इत्तेकाफ के लिए बैठे हैं। लोग अपनी इबादतों में मशगूल हैं वहीं ईद की तैयारियां भी तेजी से चल रही है। साथ ही जगह जगह प्रतिदिन सामूहिक इफ्तार पार्टियों का आयोजन भी हो रहा है। इसी क्रम में रविवार को मोहल्ला जमुन्द स्थित मोहिउद्दीन अंसारी के घर के सामने सड़क पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान हाफिज हसनैन अंसारी ने इफ्तार पार्टी को आपसी सौहार्द की मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि एक ही दस्तरख्वान पर हर समुदाय के लोगों की उपस्थिति होती है जो एक बेमिशाल होता है।इससे पहले अजान को सुन कर लोगों ने एक साथ रोजा खोला तथा मगरिब की नमाज अदा की। इस मौके पर मोहिउद्दीन अंसारी, सरफराज अंसारी, आफताब अंसारी, परवेज अंसारी गुलरेज, गुड्डू खान, सोनू खान, मोनू खान, सईद खान, मो आलम राइन, गुड्डू राइन, सरफराज राइनआदि थे।

### प्री प्लान लग रही अतीक व अशरफ के हत्या की घटना : जाहिद बेग



**भदोही।** पूर्व सांसद अतीक अहमद व उनके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या की घटना पर भदोही से सपा विधायक जाहिद बेग ने प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला व उन्होंने आशंका जताई कि प्रयागराज में अतीक अहमद व उनके भाई की घटना प्री प्लान हो सकती हैं। भदोही नगर के पचभैया स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक जाहिद बेग ने कहा कि पूर्व सांसद की हत्या उत्तर प्रदेश की लॉ ऐन आर्डर की पोल खोलती है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पटरी से पूरी तरह उतर चुकी हैं, अपराधियो के हौसले बुलंद हैं। रोज कहीं न कहीं हत्या की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सत्य पाल मालिक का बयान आया था कि पुलवामा में फोर्स को बाई एयर ले कर जाया जाए। लेकिन सैनिकों को सड़क के रास्ते ले जाना, चुनाव से पहले चालीस से अधिक सैनिकों का हत्या के खुलासे को दबाने के लिए अतीक मर्डर प्री प्लान के तहत हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमलावरों पर पुलिस का पलट वार न करना सरकार की मिली भगत की ओर इशारा करता है। अतीक को लेकर पुलिस हाई स्कक्योरिटी का मसला होने के बाद भी 10 बजे रात को मेडिकल को ले जाना भी सवालों को घेरे में है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सदन में दिया गया बयान मिट्टी में मिला देंगे, वह दिख रहा है। इस सरकार में कानून का राज खत्म हो गया है।

### शाही मस्जिद सराय महाल में मुकम्मल हुई तरावीह

**गोपीगंज।** माहे रमजान का तीसरे असरे मे मस्जिदो में चल रही विशेष नमाज तरावीह मुकम्मल होने का सिलसिला अंतिम दौर में है। नगर के सराय महाल शाही मस्जिद मे तराहवीह का पहला दौर मुकम्मल हो गया। इस दौरान मस्जिद मे नमाजियो ने हाफिजे कुरआन हाफिज. अता रजा अत्तारी को को फूल माला पहनाकर इस्तकबाल करते हुए उन्हें तोहफे आदि देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुल्क और कौम की भलाई के लिए दुआ मांगी गई। उलमा ए कराम हाफिज. अनिसुल कदारी पेश इमाम जामा मस्जिद ने माहे रमजान की फजीलते बयान करते हुए इस माहे मुहारक को अल्लाह का बेहतरीन तोहफा बताया, कहा कि यह माह हमे न सिर्फ नेकिंया कमाने का मौका देता है बल्कि गुनाहो से मगफेरत करने का अवसर प्रदान करता है। हाफिज. अशरफ मौलाना आवेश पेश इमाम शाही मस्जिद, मुफ्ती आफताब आलम, सरताज सिद्दीकी, अनीस फारूकी, मौलाना दिलशाद, वारिस, मोआज्जिम, साजिद अली आदि ने हाफिजे कुरआन का इस्तकबाल किया।

### प्रयागराज घटना के बाद हाई एलर्ट मोड में पुलिस प्रशासन



**कोपागंज, मऊ।** माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई असरफ की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद जनपद में धारा 144 लागू कर दी गई है। हत्या की घटना के बाद रात से ही पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड में हो गई। प्रशासन के उच्च अधिकारियों के वाहन सड़कों पर दौड़ने लगी। हत्या की घटना के बाद नगर क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए भारी संख्या में खासकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिस जवानों की मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। इन क्षेत्रों में पुलिस जवानों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मुख्य चैक पर प्रशासन के अधिकारी पुलिस जवानों के साथ जमें हुए हैं।

# अंगूठा निशान का क्लोन तैयार कर रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जनसंदेश न्यूज

**सफलता**

**गिरोह में शामिल तीन शातिर फ्रॉड चढ़े पुलिस के हत्थे**

**कब्जे से कुल 10 अदद अंगूठा क्लोन, 7 अदद मोबाइल फोन, 8 अदद एटीएम कार्ड, आधार कार्ड छाया प्रति, पैन कार्ड, एनजीओ फॉर्म व बटर पेपर बरामद**

**भदोही।** थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत आवेदिका शारदा देवी पत्नी रामजग सरोज निवासी कंचनपुर थाना ऊंज जनपद भदोही सहित अन्य ग्रामीण महिलाओं को एनजीओ सदस्य बनाने का झांसा देकर, एनजीओ फार्म पर अंगूठे का निशान लगवाकर, अंगूठा निशान का क्लोन तैयार कर, आधार कार्ड का उपयोग कर महिलाओं के अलग-अलग कुल 10 बैंक खातों से लाखों रुपए निकाल लेने की घटना के सम्बन्ध में मु.अ.सं -22/2023 धारा-419, 420 भा.द.वि. व 66सी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण व घटना में शामिल ठगों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया।
उक्त निर्देश के क्रम में थाना ऊंज व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा अथक प्रयास कर ग्रामीण महिलाओं को एनजीओ सदस्य बनाने का झांसा देकर फार्म पर लगवाए गए अंगूठा निशान का क्लोन तैयार कर बैंक खातों से रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर अंतर्जनपदीय ठगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारशुदा ठगों के कब्जे से कुल 10 अदद अंगूठा क्लोन, 07 अदद मोबाइल फोन, 08 अदद एटीएम कार्ड, आधार कार्ड छाया प्रति, पैन कार्ड, एनजीओ फॉर्म व बटर पेपर तथा फिंगरप्रिंट क्लोन बनाने सम्बंधित विभिन्न उपकरण सहित ठगी के घटना में प्रयुक्त गिरोह के तीन बैंक खातों के कुल 94,000 रुपये फ्रीज कराया गया तथा 20,000 रुपये बैंक खातों में वापस कराया गया है।

### आग लगने से सामान खाक, एक पशु की मौत

**ज्ञानपुर।** ऊंज थाना अंतर्गत ग्राम सभा परसरामपुर में शार्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई, जिसमें हजारों का नुकसान हुआ और दो पशु जल गए जिसमें एक की मौत हो गई और एक घायल है। बताया जाता है कि गांव निवासी रघुनाथ गौतम, लाल बहादुर गौतम और सुनील गौतम पुत्र श्याम बहादुर गौतम जो परसरामपुर के निवासी हैं। तीनो भाई अपना गुजर बसर पूरे परिवार के साथ छप्पर बना कर रहे थे। जिनके छप्पर के ऊपर से 440 बोल्ट तार गया है, जिसकी वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ और पेड़ में आग लगी। पेड़ में आग लगने की वजह से मड़ाहा में आग लग गया। जब तक ग्रामीणों द्वारा आग बुझा जाता तब तक तीनों भाइयों का छप्पर और उसमें रखा खाद्य सामग्री जलकर राख हो गए। जबकि उसमें बंधी दो पशु भी बुरी तरह से झुलस गये, जिसमें एक की मौत हो गयी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि घर पर किसी के ना रहने की वजह से आग विकराल रूप पकड़ लिया और भीषण आग लग गई। मौके पर ग्राम प्रधान रविशंकर सरोज ने पहुंचकर थाने पर सूचना दिया और प्रशासन के लोग पहुंचकर मौका मुआयना किया।

# दिल्ली से हावड़ा जा रही ट्रेन की चपेट में आया अधेड़

**दुखद**

**पांच बच्चों के सिर से छिना पिता का साया, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल**

**भदोही।** मानसिक रूप से बीमार चल रहे एक अधेड़ की बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा चौरी थाना क्षेत्र के भकोड़ा रेलवे फाटक के नजदीक शनिवार देर रात हुआ। हादसे की सूचना पर चौकी प्रभारी अविनाश त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए और जैसे तैसे उसकी पहचान करवाई।

सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। छानबीन में पता चला कि बीते सालभर से अधेड़ की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। शव को चीरघर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक धनापुर निवासी अशोक कुमार गौतम 45 वर्ष पुत्र स्व. लालता प्रसाद पिछले सालभर से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। मानसिक स्थिति ठीक न हने के कारण वह इधर-उधर चला जाता था। इससे बचने के लिए परिजनों ने उसे बेडि?ों से जकड़ दिया था। इधर उसने अपनी बेड़ी खोल ली और फिर से बाहर निकल गया। बताया जाता है कि शनिवार को देर रात घर से चार किलोमीटर के फासले पर स्थित भकोड़ा रेलवे फाटक के पास वह दिल्ली से हावड़ा जा रही एक ट्रेन की चपेट में आ गया। यह हादसा साढ़े दस बजे रात हुआ। हादसे के बाद इसकी जानकारी गेटमैन ने पुलिस को दी। मौके पर चौकी प्रभारी अविनाश त्रिपाठी पहुंच गए और उसकी पहचान कराने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन की चपेट में आए अधेड़ के संबंध में जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने धनापुर उसके परिजनों से संपर्क किया। जैसे ही इस हादसे की जानकारी घर वालों को हुई रोते.बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। पति अशोक कुमार गौतम की मौत से पत्नी आशा देवी का रो.रोकर बुरा हाल है। अशोक कुमार के पांच बच्चे तीन बेटे और दो बेटियां हैं।

# आज से शुरू होगी नामांकन पत्रों की बिक्री



भदोही तहसील में नामांकन स्थल पर की गयी बैरिकेडिंग

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए आज से नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने का कार्य प्रारम्भ हो रहा हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरांग राठी ने 17 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन के लिए शत प्रतिशत पूर्ण प्रबंध के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

पूर्वाहन 11:00 बजे से शाम तीन बजे तक निर्देशन पत्रों का क्रय व नामांकन कार्य होगा। 24 अप्रैल नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई हैं।

25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की समीक्षा व 27 अप्रैल को नाम वापस लेने की तिथि नियत की गई हैं। 28 अप्रैल को अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा। इसके निमित्त तीनों तहसील परिसरों में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, एंट्री गेट पर चेकिंग, यातायात, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गयी हैं। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।

### एक वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर मप्र में धराया

**भदोही।** जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्व में गिरोह को ट्रक सहित 3265 लीटर अवैध शराब व 30 खाली लोहे का ड्रम कीमती करीब 20 लाख के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा शातिर पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। गैंगस्टर वांछित पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भदोही व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर थाना भदोही पर पंजीकृत मु.अ सं.16/2022 धारा.3(1) यू.पी. गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित विगत 1 वर्ष से फरार चल रहे 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त निवासी बिचौली थाना कानड्या जिला इंदौर मध्य प्रदेशद्ध को इंदौर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा गैंगस्टर अभियुक्त अवैध शराब तस्करी करने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है। पूर्व में जनपदीय पुलिस द्वारा गिरोह को ट्रक सहित 3265 लीटर अवैध शराब व 30 खाली लोहे का ड्रम कीमती करीब 20 लाख के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



भदोही के भरत टाकीज चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सगीर हसन के नेतृत्व में तैनात पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**सख्ती**

**भदोही में सुरक्षा के किए गए कड़े बंदोबस्त**

**संदिग्ध लोगों और वाहनों की ली गई संघन तलाशी**

**ज्ञानपुर।** भदोही जनपद में प्रयागराज घटना के बाद हाई अलर्ट को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया।

वहीं जनपद के एंट्री प्वाइंट पर संघन वाहनों की तलाशी ली गई है पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। प्रयागराज की घटना के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 और हाई अलर्ट लागू किया गया है, जिसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक समेत जिले के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों के द्वारा भारी पुलिस बल के साथ तमाम संवेदनशील इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की सघन चेकिंग की गई है। प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या करने के बाद प्रयागराज के सीमावर्ती जिले भदोही में देर रात से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। प्रयागराज बॉर्डर समेत अन्य क्षेत्रों में पुलिस सतर्क दिखी वही भदोही, घोसिया, माधोसिंह, नई बाजार, गोपीगंज में देर रात से ही पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया कई संदिग्ध लोगों की रोक कर तलाशी ली गई तो वाहनों की सघन चेकिंग की गई है।

# चौराहे पर लगे हाई मास्ट व सौर-ऊर्जा बने शोपीस

जनसंदेश न्यूज

**समस्या**

**चौराहों पर रोशनी न होने से लोग हो रहे परेशान**

**कन्दवा।** विकास खंड के तीन चौराहे पर उजाले के लिए लगी हाई मास्ट लाइट व सौर-ऊर्जा शो पीस बनी है। जिससे शाम होते ही चौराहे पर अंधेरा छा जाता है । और सफर करने वाले सहित स्थानीय लोगों का भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। जिसके लिए स्थानीय लोगो ने जिम्मेदार लोगों से गुहार लगाया है। लेकिन स्थित जस की तस बनी है ।

तीन वर्ष पूर्व सांसद कोटे से विकास खंड के चौराहे तिहारे पर उजाले के लिए हाई मास्ट लाइट लगाई गयीं हैं।जिससे कुछ महिनो तक उजाला रहा । उसके बाद कही विभिन्न कारणों से हाई मास्ट लाइट व सौर-ऊर्जा शो पीस बनकर रह गयी है। अवरैया पट्टी लाल चाराहे पर चार माह से दो बल्ब जल रहा बाकी तीन शो पीस है वही कंदवा चौराहे पर दस माह से बस एक बल्ब ही जल रहा बाकी पाँच बल्ब खराब पड़ा हैं । वहीं पास में लगे दो सौर-ऊर्जा की बैट्रीय चोरी होने से पाँच बल्ब शो पीस बने हुए हैं ।यूपी बिहार के बॉर्डर ककरैत चौराहे कर्मनाशा नही पुलिया के पास लगी लाइट करीब एक साल से नही जल रही है । जिससे शाम होते अंधेरा छा जाता है और तीनों चौराहे पर लोगों को दिक्कतें होती रहती है।

इस संबंध मे ग्राम प्रधान अंजनी सिंह, कन्हैया प्रसाद, राजन तिवारी, मुसाफिर तिवारी, नारद प्रसाद, श्रीप्रकाश राय,बेद प्रकाश राय, मनमोहन राय, अजय,जमालु, रबिशंकर पांडेय, राजेश सिंह, डा, सधिबल, अख्तर, रमेश, सनोहर, हरदेव चौधरी, सुबाष, विकल, सिरंगी आदि ने जिला प्रशासन का ध्यान आ ष्ट कराया है।



# राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए प्रधान का चयन

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

**सिकटा की प्रधान पुरस्कार से होंगी सम्मानित**

**देशभर के जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधि करेंगे प्रतिभाग**

**हलिया।** पंचाय राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए विकास खंड की सिकटा ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान सरला मिश्रा का चयन किया गया है।

सिकटा ग्राम पंचायत की प्रधान आगामी 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पंचायत पुरस्कार में प्रतिभाग करेंगी। इस संबंध में एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार का आयोजन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। जिसमें देशभर के जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। हलिया ब्लाक के सिकटा ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए पंचायत राज मंत्रालय द्वारा की गई है। जिसमें 17 अप्रैल को पुरस्कार वितरित किया जाएगा। 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक गरीबी, बच्चों तथा महिलाओं की सुरक्षा, स्वस्थ हरा-भरा एवं स्वच्छ पंचायत तथा सतत विकास एवं सर्वोत्तम पंचायत पर पंचायत राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा।

### छोटे-छोटे बच्चों के साथ मारपीट करने का लगाया आरोप

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर वासित अली गांव निवासिनी अनीशा बेगम पत्नी शहारत ने रविवार को थाना पर अपने जेठ व जेठानी के विरुद्ध प्रार्थनापत्र देकर छोटे-छोटे बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। अनीशा बेगम पीड़िता द्वारा तहरीर में बताया कि छोटे बच्चे आम का टिकोरा तोड़ लिए थे। जिसमें जेठ बबलू जेठानी रुबी ने छोटे छोटे बच्चों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। जिसमें 7 वर्षीय फजले के बांए हाथ में तथा पांच वर्षीय आजम की पीठ पर लाठी से प्रहार कर चोट पहुंचाया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# पांच घण्टे गंगा में जप करते हैं संत सुंदर राज स्वामी

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** महुआरीखास गांव में गंगा किनारे चल रहे सांय काल मे श्रीमद भागवत कथा के पूर्व सुबह पांच घण्टे सन्त सुंदरराज स्वामी सनातन धर्म की रक्षा व लोगो के कल्याण के लिए गंगा में खड़ा होकर जप कर रहे है। जप के दौरान सैकड़ो लोग हांथ जोड़कर प्रणाम की मुद्रा में रहते है। महुआरीखास गांव में गंगा किनारे विगत 15 मार्च से शाम को 5 बजे से आयोजक प्रधान सत्येंद्र सिंहमिन्टू व ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन सन्त त्रिदण्डी स्वामी के शिष्य सन्त सुदरराज स्वामी द्वारा चल रहा है ।

जिसमे सैकड़ो लोग कथा का रसपान करते है । इसके पूर्व सुबह सन्त सुंदरराज स्वामी प्रतिदिन सुबह मां गंगा में खड़ा होकर सनातन धर्म की रक्षा व लोगो के कल्याण के लिए जप करते है। जप करने के पश्चाप निकलने पर सन्त सुंदरराज स्वामी ने कहा कि मां गंगा के तट पर सूर्यदेव की आराधना करने से रोग ,कष्ट , भूल से हुए पाप का नाश होता है। लोग वर्षों से मां गंगा की गोद मे पूजन अर्चन कर सूर्यदेव को जल में खड़े होकर जल अर्पित करते है। भगवान को खोजने के लिए पहले मन से छल,कपट,ईर्ष्या,दुश्मनी आदि बिकरो को दूर करना पड़ता है । गरीबो -सन्तो की सेवा में ही भगवान मिल जाते। कभी गरीब या सन्त का तिरस्कार मत करना। इनके तिरस्कार से भगवान भी रूठ जाते है। भक्तों को आशीर्वाद देकर कुटिया में पूजन अर्चन करने चले गये।



महुआरी खास गांव में गंगा में जप करते सुंदरराज स्वामी

# खंडवारी में बकरी पालन के लिए किसानों को दी गई जानकारी

**चर्चा**

**डेंगू मच्छर के फैलाव से बुखार होने की आशंका होने पर डॉक्टर के पास जाने की सलाह**

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** चहनियां कस्बा क्षेत्र के ग्राम सभा खंडवारी में माँ खंडवारी देवी मंदिर पर कृषि विभाग द्वारा बकरी पालन तथा विशेष संचारी रोगों से निजात रोकथाम के बारे में जानकारी दी।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु कृषि विभाग के तकनीकी सहायक कमलेश प्रजापति के अंतर्गत चूहा एवं छछूंदर से फैलने वाली बीमारी पर नियंत्रण बचाव हेतु जानकारी दी। डेंगू मच्छर के फैलाव से बुखार होने की आशंका होने पर डॉक्टर के पास जाने की सलाह दी। कहा कि गरीबों को कामधेनु कहा जाता है। चूँकि इसके लिए कोई विशेष जगह की आवश्यकता नहीं होती है। यदि साल में एक बकरी रखने है। तो 1 साल में दो बार बच्चा देती है। और हर साल दो या तीन बच्चे देती हैं। इस प्रकार एक ही साल में 6 बकरी हो जाती हैं। और आराम से एक बकरी 10,000 से 20,000 रुपये में बिक जाती हैं। इसकी दूध 400 से 500 लीटर हॉस्पिटल में बेचा जा सकता है। शहरों में तो यह 1000 प्रति लीटर में बिक जाता है। बकरी के पालन के लिए समय-समय पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषकों को ट्रेनिंग दी जाती है। और प्रमाण पत्र के माध्यम से लोन भी बैंक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। समूह के माध्यम से छोटे किसानों को विभाग द्वारा लाभ दिया जाता है। इस मौके पर प्रधान पति सतीश गुप्ता, आशा बहू चिन्ता चौरसिया, लाची देवी,सोमरा देवी, लालमनी, पवन शर्मा, विजय कुमार, सुदर्शन भारती, गणेश प्रसाद, शिव कुमार,डा0 शिव प्रकाश, दिनेश पासवान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# पुलिस सुरक्षा फिर आई सवालों के दायरे में

**आखिर मीडिया को इतने करीब जाने क्यों दिया गया**

**इतने दुर्दांत अपराधी का सुरक्षा घेरा कम क्यों था**

**ऐसे क्रिमिनल का मेडिकल चेक अप जेल में भी हो सकता था**

## हत्या राज खुलने के भय से हुई ?

### पुलिस को पूछताछ में बता चुका था कुछ सफेदपोशों के नाम

अतीक ने कुछ दिन पहले यह आशंका जाहिर की थी कि उसकी हत्या पुलिस के रहते हो सकती है। आखिर उसकी आशंका यह क्यों थी? मंडलीय अस्पताल के सामने पुलिस के रहते अतीक व उसके भाई अशरफ की हत्या करने का दुस्साहस करना क्या संकेत देता है। जानकारों का मानना है कि इस दोहरे हत्याकांड के पीछे शक की सूई रसूखदार सफेदपोशों की ओर भी हो सकती है। 36 घंटे पहले पुलिस थाने में पूछताछ में अतीक ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से रिश्ते का खुलासा किया था। उसने आशंका जताई थी कि इस बयान के बाद दोनों भाइयों पर खतरा बढ़ गया है। अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज जानकारियां दीं। जिसमें प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल

### सैकड़ों सेल कंपनियों में अतीक ने सफेदपोशों का पैसा लगा रखा था

पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई गणमान्यों के नाम गिनाए थे। ये वो नाम हैं जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। रियल एस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपाने वालों के अलावा कई सफेदपोशों तक आंच आने लगी थी। कहा जाता है कि अतीक ने चार दर्जन नामों का खुलासा किया था। अपराध की दुनिया में दखल रखने वाले माफिया के कई राजनीतिक दलों के नेताओं से भी रिश्ते रहे हैं। अतीक राजनीतिक दलों के साथने में भी बखूबी माहिर था। यही वजह थी कि दो दशकों तक उसकी अंगुलियों पर सरकारें नाचती रहीं और आला पुलिस के अधिकारी उसकी राजनीतिक पहुंच के सामने बौने साबित होते रहे।

### सौ से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज

अतीक पर हत्या, अपहरण, वसूली, हमला और जमीन कब्जा समेत 102 आपराधिक मामले दर्ज थे। चार दशक पहले महज 17 वर्ष की उम्र में हत्या सरीखी वारदात को अंजाम प्रयागराज में सनसनी मचाने वाले अतीक ने अपराध की दुनिया में कदम रखा तो यह आगे बढ़ता ही गया। एक के बाद एक हत्या, अपहरण, जमीन पर कब्जा, हत्या के प्रयास सरीखी सौ से अधिक वारदात को अंजाम देने वाले अतीक ने क्षेत्रीय दलों की सरकारों को अपनी अंगुलियों पर नचाया। लेकिन, इसके पीछे जमीने हड़पना और बिल्डरों की कंपनियों में खपाना उसका सबसे बड़ा खेल रहा। योगी सरकार में उसके आर्थिक साम्राज्य पर लगातार चोट पड़ने और 12 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त किए जाने के बाद भी उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा था।

### रमजान में ही बरबाद हुआ परिवार

अतीक अहमद के परिवार के लिए अप्रैल का महीना अशुभ साबित हुआ। इसी माह में अतीक का सब कुछ खत्म हो गया। अतीक की हत्या के बाद अब उसके लिए कोई रोने वाला भी नहीं बचा। उसके दोनों बड़े बेटे जेल में है। तीसरे का एनकाउंटर हो गया। दोनों नाबालिग बेटे पुलिस की सुरक्षा में बाल सुधार गृह में हैं। पत्नी फरार है। अशरफ की पत्नी भी आरोपी होकर फरार हो गई थी। जो बहन पैरवी कर रही थी, वह भी फरार है। 24 फरवरी को जब उमेश पाल की हत्या हुई तो किसी ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि दो महीने में अतीक का सर्वनाश हो जाएगा। फरवरी और मार्च को किसी तरह कट गया। अप्रैल में अतीक के अंत की शुरुआत हो गई थी। अप्रैल में भी 14 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल की रात तक सब कुछ खत्म हो गया। सबसे पहले अतीक के तीसरे नंबर के बेटे असद का पुलिस ने झांसी में एनकाउंटर कर दिया गया। इसी दिन अतीक और उसके भाई की कस्टडी रिमांड पुलिस को मिल गई थी। 16 अप्रैल की सुबह असद को सुपुर्दे खाक किया गया लेकिन अतीक और उसके परिवार का कोई भी शख्स जनाजे में नहीं शामिल हो पाया। रात में अतीक और अशरफ की कालविन अस्पताल के कैंपस में हत्या कर दी गई। इससे पहले 28 मार्च को उमेश पाल अपहरणकांड में अतीक और उसके दो गुर्गों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।



अतीक अहमद और अशरफ के प्रयागराज में हुई हत्या के बाद अब कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। हालांकि पहले भी पुलिस ऐसे मामले में मजाक की वस्तु बनती रही है। इतनी ट्रेनिंग और सेल्फ कांफिडेंस से लैस पुलिस ऐन मौके पर गफलत का शिकार होती रही है। अतीक के मामले में भी सवाल खड़ा हो रहा है कि इतने खतरनाक अपराधी को अपने सुरक्षा घेरे में लेकर अस्पताल जा रही थी तो क्या कोई सिक्योरिटी नहीं थी। पुलिस के पीछे से गोली बारी हो जाती है और वह कुछ नहीं कर पाती। क्या ये मुमकिन है? जब इतना बड़ा अपराधी चेक अप के लिए ले जाया जा रहा है तो चौतरफा सुरक्षा घेरा नहीं होना था। मीडिया को क्यों खुला छोड़ दिया जाता है। क्या उसकी आड़ में सुरक्षा को खतरा होने की सोच पुलिस के पास नहीं। ये तो रूटीन बातें हैं जो पुलिस मैन्युअल में होती है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि जब अतीक अहमद का नेटवर्क खुद पुलिस ने पाकिस्तान और आईएसआई से जोड़कर देख रही थी तो इतने दुर्दांत अपराधी की सुरक्षा के लिए क्या अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानो और कमांडो को नहीं लगाया जाना चाहिए था।

सवाल यह भी बड़ा उठ रहा है कि आखिर ऐसे दुर्दांत अपराधी का मेडिकल क्या पुलिस की कस्टडी में अस्पताल के बाहर किसी सुरक्षित जगह पर नहीं कराया जा सकता था। इन सबसे इतर जब भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से खुद यह अंदेशा जताया जा रहा था कि अतीक अहमद की हत्या कोई भी व्यक्ति मीडिया वाला बन कर कर सकता है। तो कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने की बजाय माहौल बिगाड़ने की इस तरह की लापरवाही आखिर किस की ओर से की गई।

माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके दुर्दांत अपराधी भाई अशरफ की मौत का लाइव वीडियो समूची दुनिया ने देखा। इस पूरे घटनाक्रम पर देशभर में प्रतिक्रिया आनी शुरू हुई। राजनीतिक पार्टियों ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाते हुए इस पूरे घटनाक्रम को ही संदिग्ध करार दे दिया। आखिर हमले का इनपुट और पुलिस कस्टडी में बाकायदा मीडिया बाइट की व्यवस्था किसने कराई।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त किए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन पुलिस की सुरक्षा में दिनदहाड़े उमेश पाल की हत्या और पुलिस की अभिरक्षा में माफिया डॉन और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या हो जाती है। क्या वाकई में उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो गया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का कहना है कि किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज में न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना लोकतंत्र के लिए सही संदेश नहीं है। उन्होंने कहा जो भी ऐसा कर रहा है या उनको संरक्षण दे रहा है उस पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अतीक अहमद की और अशरफ की हत्या को लेकर चर्चा इस बात की सबसे ज्यादा हो रही है कि आखिर पुलिस ने इतने दुर्दांत अधिकारी को खुलेआम उसके ही इलाके में बगैर कड़ी सुरक्षा के ले जाने की जहमत क्यों उठाई। सवाल इसी बात पर उठ रहे हैं कि क्या जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को इस बात का बिल्कुल अंदेशा नहीं था कि अतीक अहमद को अस्पताल ले जाते वक्त कोई बड़ी वारदात हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के रिटायर्ड एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते हैं कि जब इतना दुर्दांत अपराधी मेडिकल के लिए ले जाया जाता तो उसको कई चक्र की सुरक्षा घेरे में लेकर जाया जाता है। स्थानीय पुलिस से लेकर पैरामिलिट्री फोर्स तक की भी आवश्यकता पड़ने पर उनको सुरक्षा चक्र में शामिल किया जाता है। उनका कहना है जिस तरीके की वीडियो सामने आई है उससे स्पष्ट पता चलता है कि पुलिस ने इस पूरे मामले में जबरदस्त लापरवाही की है और उनकी मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। आखिर मीडिया को यह मौका कैसे मिला कि वह इतने बड़े दुर्दांत अपराधी के पास जाकर सवाल-जवाब कर सके।

वे कहते हैं कि जब आप इस तरीके के घटनाक्रम को वीडियो में देखते हैं तो पुलिस की मंशा पर शक होना लाजिमी हो जाता है। वो कहते हैं अतीक अहमद और अशरफ की जब गोली मारकर हत्या की गई तो उसके नजदीकी घेरे में सबसे पहले मीडिया वाले थे और पुलिसकर्मी उससे दूर खड़े हुए थे। सवाल उठाते हुए कहते हैं कि जब इतनी बड़ी घटना हुई तो क्या क्रॉस फायरिंग नहीं हो सकती थी। सवाल सिर्फ यही नहीं उठाए जा रहे हैं कि अतीक अहमद के साथ पुलिस का कितने चक्रीय सुरक्षा घेरा था। सवाल इस बात पर भी उठाए जा रहे हैं कि जब भारतीय जनता पार्टी के नेता ही पहले से इस बात को लेकर चिंता जाहिर कर रहे थे कि कहीं अतीक अहमद की हत्या कोई व्यक्ति मीडिया कर्मी बनकर ही ना कर दे। भारतीय जनता पार्टी के नेता तेजेंद्र सिंह बग्गा ने तो ट्वीट करते हुए सवाल भी उठाया था कि ऐसे हाई प्रोफाइल अपराधियों के काफिले के साथ मीडिया आखिर किस की इजाजत के साथ चल रहा है। अवकाश प्राप्त एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि जब बग्गा को अंदेशा था तो सवाल उठता है कि आखिर पुलिस को इस बात का अंदेशा क्यों नहीं हुआ कि कोई भी गैंगस्टर मीडिया का रूप लेकर अपराधियों को गोली मार सकता है। इस मामले में एक सवाल और भी उठता है कि आखिर इतनी रात को ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि अशरफ और अतीक एक बार फिर से मेडिकल कराने अस्पताल ले जाना पड़ा।

इस पूरे घटनाक्रम पर सवालों की झाड़ियां खत्म नहीं हो रही हैं। बड़ा सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर इतने खतरनाक अपराधी को बार-बार अस्पताल ही क्यों ले जाकर मेडिकल कराया जा रहा था। पहले भी ऐसे मामलों में देखा गया है कि बड़े गैंगस्टर और माफियाओं की जांच मेडिकल की टीम बुलाकर की जाती है। जब अतीक अहमद और अक्षरा के मारे जाने का अंदेशा पहले से ही चल रहा था तो फिर मेडिकल की टीम बुलाकर क्यों नहीं जांच कराई गई। प्रयागराज के जिस कॉल्विन कॉलेज में अतीक को गोली मारी गई उसी अस्पताल की सीएमएस नाहिदा सिद्दीकी कहती है कि उनको अतीक अहमद और अशरफ को लाए जाने की पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी। वो कहती हैं कि पुलिस ऐसे दुर्दांत अपराधियों को मेडिकल की टीम बुलाकर जांच करवा सकती थी। उनका उनका कहना है पुलिस जहां चाहती वहां उसका मेडिकल चेकअप हो सकता था। पुलिस विभाग से रिटायर्ड एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कहते हैं कि अक्सर ऐसे दुर्दांत अपराधियों की सुरक्षा के चलते मेडिकल की टीम को सुविधानुसार सुरक्षित जगह पर बुलाकर अपराधियों का मेडिकल चेकअप पहले भी कराया जाता रहा है। अतीक और अशरफ मामले में भी इस तरीके का मेडिकल चेकअप कराया जा सकता था।

सवाल सिर्फ यही नहीं खत्म होते हैं। सवाल इस बात को लेकर के भी उठाया जा रहा है कि आखिर बेखौफ अपराधी कैसे माफिया अतीक अहमद अशरफ को गोलियां मारते रहे और पुलिस का घेरा इन्हीं गोलियों के साथ तितर-बितर होता रहा। समाजवादी पार्टी के नेता आईपी सिंह कहते हैं कि प्रदेश में किसी की भी हत्या किसी भी वक्त हो सकती है। आईपी सिंह कहते हैं कि पुलिस कस्टडी में हत्या हो रही है। जेलों में हत्याएं हो रही हैं। और तो और अब मीडिया के कैमरों पर भी बगैर किसी डर के अपराधी हत्या कर रहे हैं।

वो कहते हैं कि फिर न्यायपालिका का क्या मतलब अगर फैसला खुद ही करना है। एक वरिष्ठ पत्रकार बताते हैं कि अशरफ और अतीक अहमद को जब अस्पताल ले जाने की सूचना मिली तो वह सबसे पहले वहां पर पहुंच गए। पुलिस के सुरक्षा घेरे में अतीक अहमद और अशरफ को अस्पताल के अंदर ले जाया जा रहा था। क्योंकि उनकी टीम पहले भी साबरमती से इलाहाबाद के रास्ते में अतीक अहमद की पुलिस गाड़ियों के साथ ही आई थी और वह अतीक से बात भी कर रहे थे। प्रयागराज अस्पताल में भी इस तरीके की बातचीत करने की कोशिश भी की जा रही थी कि अचानक उस पर ताबड़तोड़ गोलियों की बरसात होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि इतने दुर्दांत अपराधी के लिए पुलिस का जो सुरक्षा घेरा था, वह बिल्कुल नाकाफी था। लोगों का कहना है कि आशंका तो इस बात की लगाई जा रही थी कि बातचीत के दौरान कोई भी अतीक अहमद को गोली मार सकता है और आखिरकार वही हुआ।

## माफिया ब्रदर्स का रहा काला अतीत इनके अपराध से सहमा था पूर्वांचल

पूर्वांचल ही नहीं बल्कि पूर्वांचल से बाहर भी अतीक का अतीक काला था और इस काले अतीत में अतीक का भाई अशरफ भी बराबर का सहयोगी रहा। उसके नाम से जहां पूर्वांचल लोग सहम जाते तो वो जिधर निकलता उधर उसका दबदबा झलकता था। लेकिन साल 2017 के बाद अतीक का सामराज्य गड़बड़ना लगा वहज सूबे के सीएम योगी की नजर उसपर पड़ी। नजर ही नहीं बल्कि योगी ने नजरें गढ़ा दी। साल 2017 से अतीक के सुनहरे दिन काले दिन में बदलने लगे।

अपराध से अर्जित संपत्ति को जमींदोज बाबा का बुल्डोजर करने लगा तो वहीं दूसरी तरफ उसके अपराधों पर जमी धुल को महकमा साफ करने लगा। उसके लिए योगी का दूसरा कार्यकाल काल बनकर आया। वजह बनी साल 2005 में हुई विधायक राजू पाल हत्याकांड और उसके मुख्य गवाह उमेश पाल की इलाहाबाद में सरेराह हत्या।

इस हत्या को लीड खुद अतीक को बेटा असद ने किया और आधा दर्जन शूटरों ने उमेश पाल को गोली से झलनी कर दिया, इस वारदात में उमेश पाल को मिले दो सरकारी अंगरक्षक की जान चली गयी। ये तब हुआ जब विधान साभा का सत्र चल रहा था और पूर्व सीएम ने योगी के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया था। इसी सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया को मिट्टी में मिलाने की कसम खा ली और इसके बाद से कांउडाउन शुरु हुआ। उमेश पाल की हत्या में पहले दो को एसटीएफ ने ढेर किया और करीब 45 दिन बाद हत्या का मुख्य शूटर गुलाम और अतीक का बेटा असद पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। इस एनकाउंटर के बाद अतीक टूट गया। कहने लगा 'मेरी माफियागिरी खत्म हो गयी, मैं मिट्टी में मिल चुका हूं अब मुझे रगड़ा जा रहा है'।

इस बीच शनिवार की रात करीब 10.35 बजे अतीक और उसके भाई अशरफ को सुरक्षा बीच मेडिकल के लिए अस्पताल लाया गया यहां मीडियाकर्मी की भेष में मौजूद तीनं शार्प शूटरों ने पुलिस अभिरक्षा में अतीक और उसके भाई अशरफ को 19 गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। अतीक का काला अध्याय समाप्त हो गया।

### 17 साल की उम्र में की हत्या

17 साल की उम्र में ही अतीक ने हत्या के मुजरिम के रूप में जुर्म की दुनिया में एंट्री मारी। 22 साल में इलाहाबाद में चकिया का बड़ा गुंडा बन गया। 1989 में चांद बाबा को हराकर विधायक बना। इसके बाद चांद बाबा की हत्या कर दी। 1995 में बहुचर्चित गेस्ट हाउस कांड के बाद 1996 में सपा से टिकट मिला और जीता। 1999 में अपना दल के टिकट पर प्रतापगढ़ से लोकसभा लड़ा लेकिन हारा। 2002 में अपनी पुरानी से पांचवीं बार विधायक बना। 2004 के लोकसभा चुनाव में सपा के टिकट पर फूलपुर सीट से जीता। खाली सीट पर अतीक ने अपने अशरफ लड़ाया लेकिन बसपा के राजू पाल से चार हजार वोट से अशरफ हार गया और इसके एक महीने बाद राजू पाल को 19 गोली मारकर अतीक के शूटरों ने हत्या कर दी। जब मायावती की सरकार आयी तो अतीक को मोस्ट वॉन्टेड घोषित करके ऑपरेशन अतीक शुरू कर दिया और उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बेल की अर्जी दी। उसके आतंक का आलम ये था कि हाईकोर्ट के 10 जजों ने एक-एक करके केस की सुनवाई से ही खुद को अलग कर लिया। 11 वें जज ने सुनवाई की और अतीक को बेल दे दी।

### ताबूत में आखिरी कील योगी सरकार ने ठोकी

अखिलेश के अध्यक्ष बनने के बाद बंद हो गए। अतीक के ताबूत में आखिरी कील योगी सरकार के रूप में आई। योगी के सीएम बनते ही अतीक के खिलाफ कई मामलों की जांच शुरू हो गई। इसके बाद से लेकर अब तक अतीक की सैकड़ों करोड़ रुपए से ज्यादा की गैर कानूनी संपत्तियों पर बुलडोजर चला और अंत में मेडिकल चेकअप पर जाते वक्त तीन शूटरों ने दोनों को गोली मारकर हत्या कर दी।

## संकटमोचन शताब्दी समारोह की स्मारिका का कमिश्नर कौशल राज ने किया विमोचन

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह के शताब्दी समारोह स्मारिका का शनिवार को कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने विमोचन किया। इस स्मारिका में संकट मोचन संगीत समारोह के सौ वर्षो के इतिहास को आलेखों व छायाचित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसके संपादक व्योमेश शुक्ल हैं। इसमें पं. हरिप्रसाद चौरसिया, डा. राजेश्वर आचार्य, पं. वेंकटेश कुमार, मालिनी अवस्थी, पं. संजू सहाय, पं. सतीश व्यास, डा. चेल्ला वेंटकेश्वर राव, प्रो. टीएम महापात्र, पं. हरिराम द्विवेदी के लेख हैं। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने कहा कि सौ वर्षों में पहली बार यह स्मारिका निकाली गई है। कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने कहा कि इस स्मारिका में संकटमोचन संगीत समारोह के अनछुए पहलुओं को जानने का मौका मिलेगा।



### जी-20 पर कलाकारों ने की पेंटिंग

संकटमोचन संगीत समारोह के दौरान कलाकारों ने जी-20 पर भी पेंटिंग बनायी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत 22 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के चित्रों को कैनवास पर उकेरा गया है। इसके साथ ही लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता भी चल रही है जिसमें 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। प्रतिभागियों ने कैनवास पर पवन पुत्र के बचपन से लेकर रौद्र रूप को दर्शाया। आयोजक प्रो. वीएन मिश्र ने बताया कि विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2100 व तृतीय पुरस्कार में 1100 व पांच सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे।

## जावेद अली के 'कुंफाया-कुंफाया' गीत पर श्रोता झूमे

**तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा संकटमोचन परिसर**

**मालिनी अवस्थी ने हनुमानजी को बंदिशें सुनायी, होरी, ठुमरी का चला जादू**

**कहा- बहुत ही सुखद अनुभूति है**

**पं. सतीश व्यास ने संतूर व पं. यैल्ला वेंकटेश्वर राव के मृदंग वादन ने मोहा**

**संकटमोचन संगीत समारोह की छठी निशा**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह के शताब्दी वर्ष की छठवीं निशा पर हनुमान भक्त सूफियाना अंदाज में नजर आए। बॉलीवुड सिंगर जावेद अली ने देर रात अपनी प्रस्तुति दी। अली मौला..गाते ही तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। परिसर में पहली बार हर-हर महादेव के साथ गाने की फिर मांग हुई। जावेद अली ने दिल्ली-6 का मौला गाना गाया तो माहौल ही बदल गया। वहीं कुंफाया-कुंफाया गाने पर भक्त झूमने पर बाध्य हो गए।



जावेद अली



मालिनी अवस्थी

जावेद अली ने सबसे पहले क्लासिकल फ्यूजन सुनाए फिर गजलें गुनगुनाई। तीसरी प्रस्तुति के रूप में संकट मोचन के दरबार में मालिनी अवस्थी ने छोटा ख्याल में एक बंदिश लंका जो धाय गये स्वामी को काज करैं... से गायन की शुरूआत की। इसके बाद राग माझ खमाज में ठुमरी जाग पड़ी मैं तो पिया के जगाने से... फिर इसी राग में दादरा तोहे लइ के संवरिया निकल चलबै... और बलम तोरे झगड़े में रैन गई... से गायन को विराम दिया। उन्होंने दादरा, ठुमरी, होरी के साथ कई सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। उनके साथ हारमोनियम पर पं. धर्मनाथ मिश्र और तबला पर लंदन निवासी बनारसी संजू सहाय ने प्रभावी संगत की। संकटमोचन संगीत समारोह के शताब्दी समारोह में प्रस्तुति देने पहुंची मालिनी अवस्थी ने कहा कि बहुत ही सुखद अनुभूति है। हम अपनी आंखों के सामने एक इतिहास बनते देख रहे हैं और इसके सहभागी भी हैं। संकटमोचन के दरबार में होने वाला यह ऐतिहासिक उत्सव है। हम सभी के लिए यह बेहद गर्व की बात है। इसके बाद पं. सतीश व्यास ने संतूर वादन किया। राग परमेश्वरी की अवतारणा करते हुए उन्होंने यादगार वादन किया। आलाप और जोड़ से राग स्वरूप निर्धारण के बाद विलंबित, मध्य और द्रुत लय तीन ताल में गत का सधा हुआ वादन किया।

पं. सतीश व्यास ने भोर में साढ़े तीन बजे मंच मिलने पर थोड़ी नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह समय ऐसा मिला है कि न इधर के हैं न उधर के हैं। साथ ही सारी रात चलने वाले विश्व के अनूठे आयोजन के रूप में संगीत समारोह की प्रशंसा भी की। विदुषी कलापिनी कोमकली ने भोर की बेला में राग रामकली के स्वरों से हनुमान जी का नादार्चन किया। दो पारंपरिक बंदिशें सुनाने के बाद उन्होंने अपने पिता कुमार गंधर्व द्वारा रचित बंदिश के बाद राग भटियारी में बंदिश जोगिया आयो रे...के सुर लगाए। गायन को भजन से विराम देने से पहले श्रोताओं की मांग पर उन्होंने कुमार गंधर्व की सुप्रसिद्ध बंदिश सुनता है गुणज्ञानी गगन में भी सुनाया। छठी निशा की विराम प्रस्तुति लेकर मंचासीन हुए पद्मभूषण पं. यैल्ला वेंकटेश्वर राव ने एकल मृदंग वादन किया। आदि ताल में निबद्ध टुकड़ों, तिहाइयों से साथ ही विविधता भरे परन बजा कर श्रोताओं को चकित कर दिया। यैल्ला के मंच पर आते ही जादू...जादू का शोर श्रोता दीर्घा में हुआ था। यह शोर करने वालों को भी यैल्ला ने अपने चमत्कृत कर देने वाली वादन शैली से संतुष्ट किया। कलाकारों का स्वागत संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

## रतिकांत महापात्रा के ओडिसी ने किया मुग्ध

**डा. राजेश्वर आचार्य ने हनुमत को समर्पित बंदिशें सुनायीं**

**संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा**

**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की अंतिम निशा शायद सभी के लिए यादगार बन गई। अंतिम दिन पं. रतिकांत महापात्रा, डा. राजेश्वर आचार्य, पं. विश्वनाथ, डा. एल. सुब्रह्मण्यम, प्रख्यात गायक सोनू निगम, पं. साजन मिश्र, स्वरांश मिश्र, संजू सहाय, कंकणा बनर्जी समेत कई बड़े कलाकारों की उपस्थिति इस बात का सबूत रही। अंतिम दिन रविवार को संकटमोचन संगीत संगीत समारोह में संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी थी। गायन, वादन का आनंद लेने के लिए संकटमोचन मंदिर के परिसर में दो जगहों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गई थी। संगीत सुनने के लिए श्रोताओं से पूरा प्रांगण भरा था। इनमें पुरुषों के अलावा महिलाएं भी थी। एक ओर जहां मंदिर में संकटमोचन हनुमान जी का दर्शन करने के लिए भक्तों की लाइन लगी थी वहीं संगीत प्रेमी मैदान में बैठ कर इसका आनंद ले रहे थे।



डा. राजेश्वर आचार्य

अंतिम निशा की शुरूआत भुवनेश्वर से आये सृजन संस्था के पं. रतिकांत महापात्रा व उनके सहयोगियों का ओडिसी नृत्य से हुआ। स्व. केलुचरण महापात्रा के पुत्र पं. रतिकांत महापात्रा व उनके सहयोगियों ने ओडिसी पर कई धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुति कर वहां मौजूद सभी को भावविभोर कर दिया। वे पिछले कई सालों से हनुमत दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जटाऊ मोक्ष पर आधारित प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। ओडिसी भक्ति पर आधारित नृत्य माना जाता है। ओडिसी को स्व. केलुचरण महापात्रा ने आगे बढ़ाया। अब उनके पुत्र पं. रतिकांत महापात्रा इसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। तत्पश्चात प्रख्यात जलतरंग वादक व वरिष्ठ कलाकार डा. राजेश्वर आचार्य ने मंच संभाला। डा. राजेश्वर आचार्य ने हनुमान जी को समर्पित कई बंदिशें सुनायी। उन्होंने तीन ताल में निबंध बंदिश सुनायी। बोल थे- हनुमत राम नाम को जोगी। इसके बाद उन्होंने अपने गुरु पं. ओंकारनाथ ठाकुर का मीराबाई रचित भजन सुनाया। बंदिश के बोल थे- मत जा जोगी। उन्होंने समापन राग भैरवी से किया। 80 वर्षीय डा. राजेश्वर आचार्य ने महज दस साल की उम्र में ही गायन व वादन की शुरूआत की। वे गायन के साथ ही जलतरंग वादन के भी सिद्धहस्त एकमात्र कलाकार हैं। उन्होंने रामचरित मानस का भी गायन किया है। उनके साथ पं. अशोक झा (हारमोनियम), पं. सुखदेव मिश्र (वायलिन), नंदकिशोर मिश्र (तबला) पर बखूबी संगत की। गायन व तानपुर में उनके सुपुत्र डा. प्रीतेश आचार्य, डा. शिवानी आचार्य, डा. बच्चा बाबू रहे।

